फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 291 प्रभात जयपुर, सोमवार 25 मई, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**Past, Present, Future** — Back in Hyderabad, at 10.00 PM, calls the Koel. I suspect it lives in the mango tree next door and suffers from insomnia

**Darius I's Forgotten Waterway**

**Humans May Soon Be Able to Regrow Lost Teeth Naturally**

# समझौते का अंतिम मसौदा तैयार हो रहा है, होर्मुज़ जल्दी खुलेगा- ट्रंप

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि समझौते के अंतिम पहलुओं पर चर्चा चल रही है

- **ट्रंप ने कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, जार्डन, मिस्र, तुर्किये व बहरीन के नेताओं से फोन पर बात की। बाद में ट्रंप ने इज़रायल के प्रधानमंत्री को फोन पर सभी देशों से बातचीत का ब्यौरा साझा किया।**

वाशिंगटन/तेहरान, 24 मई। पश्चिम एशिया और होर्मुज़ स्ट्रेट मध्य पर तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, जॉर्डन, मिस्त्र, तुर्किये और बहरीन के नेताओं और अधिकारियों के साथ फोन पर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि ईरान होर्मुज़ स्ट्रेट मध्य को खोलने पर सहमत हो गया है। होर्मुज़ जल्द खुलेगा।

अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले शांति समझौते का मध्यस्थ देश अंतिम मसौदा तैयार कर रहे हैं। यह काम पूरा होने के बाद शांति समझौते की घोषणा की जाएगी।

अल जजीरा और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने इसके बाद इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर बातचीत की। उनके साथ कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, जॉर्डन, मिस्त्र, तुर्किये और बहरीन के नेताओं के साथ हुई बातचीत का ब्यौरा साझा किया। ट्रंप ने सोशल ट्रुथ पर कहा कि इस समझौते में होर्मुज़ स्ट्रेट को फिर से खोलना भी शामिल है। यह समझौता अभी अमेरिका और ईरान के वार्ताकारों और कई अन्य देशों के अंतिम रूप दिए जाने पर निर्भर है।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के अंतिम पहलुओं और विवरणों पर अभी चर्चा चल रही है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि उनका देश दोनों पक्षों के बीच बातचीत को बढ़ ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस्लामाबाद बहुत जल्द अमेरिका-ईरान के बीच भविष्य की बातचीत की मेजबानी कर सकता है।

तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने फोन पर बातचीत के बाद कहा कि अंकारा इस बातचीत में हुई प्रगति से खुश है। अब लगता है कि होर्मुज़ स्ट्रेट से निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी। मिस्त्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक अलग बयान में सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे इस कूटनीतिक पहल का लाभ उठाएं और किसी समझौते पर पहुंचें। उल्लेखनीय यह कूटनीतिक प्रयास ट्रंप की धमकी के बाद तेज हुए हैं। ट्रंप ने कहा था कि संघर्ष विराम की अवधि खत्म होते ही अमेरिका पूरी ताकत से ईरान पर हमला करेगा। इसके बाद अरब देशों के कहने पर उन्होंने हमला टाल दिया था।

इस सबके बावजूद, तेहरान को अमेरिका पर अभी भी भरोसा नहीं है। तेहरान का कहना है कि अमेरिका ने उसके बंदरगाहों से सैन्य नाकाबंदी नहीं हटाई है। बताया गया है कि नवीनतम शांति समझौते में होर्मुज़ को खोलने, विदेशी बैंकों में जमा ईरान की कुछ संपत्तियों को मुक्त करने का मुद्दा शामिल है।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक कांग्रेस शांत नहीं बैठेगी- राहुल

नई दिल्ली, 24 मई। नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केन्द्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जाता।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैदराबाद में छात्रों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया।

- **लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है।**

प्रदर्शनकारी छात्र नीट पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि जब लाखों युवा सड़कों पर हों, 22 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह साफ दिखाता है कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संवर्धित यूरेनियम के भंडार अमेरिका को बिल्कुल नहीं सौंपेगे- ईरान

## ईरान का कहना है, परमाणु तो शुरुआती समझौते के मुद्दे में शामिल ही नहीं है

- **ईरान की समाचार एजेंसी ने कहा कि संभावित समझौते में यह शर्त शामिल है कि होर्मुज़ से गुजरने वाले जहाजों की संख्या 30 दिन के भीतर युद्ध पूर्व के स्तर पर आ जायेगी अर्थात अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को 30 दिन में पूरी तरह हटा दिया जाएगा।**

तेहरान, 24 मई। ईरान ने अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को सौंपने से इनकार कर दिया है। ईरान ने कहा है कि उसका परमाणु मुद्दा अमेरिका के साथ प्रारंभिक समझौते में शामिल नहीं है। ईरान की ओर से रविवार को यह दावा ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी मीडिया में दावा किया गया था कि तेहरान अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम स्टॉक अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है।

रॉयटर्स ने एक वरिष्ठ ईरानी सूत्र के हवाले से बताया है कि तेहरान ने अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। सूत्र ने कहा कि ईरान का परमाणु मुद्दा, अमेरिका के साथ हुए शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं था। परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए होने वाली बातचीत में चर्चा की जाएगी। यह मौजूदा सौदे का हिस्सा नहीं है।

ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने रविवार को बताया है कि ईरान और अमेरिका के बीच होने वाले संभावित समझौते में यह शर्त शामिल है कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की संख्या 30 दिनों के भीतर युद्ध-पूर्व के स्तर पर वापस आ जाएगी, यानी नौसैनिक नाकाबंदी को 30 दिनों के भीतर पूरी तरह से हटाया जाएगा।

ईरान के जब्त किए धन का कुछ हिस्सा पहले चरण में जारी किया जाना चाहिए। तसनीम के मुताबिक, ईरान और अमेरिका के बीच होने वाले संभावित समझौता ज्ञापन में सभी मोर्चों पर युद्ध की समाप्ति शामिल है। इसके तहत बातचीत के दौरान वाशिंगटन ईरान के तेल पर लगे प्रतिबंधों को हटा लेगा। ईरान ने अभी तक अपने परमाणु कार्यक्रम के संबंध में किसी कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया है।

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि तेहरान ने सैद्धांतिक रूप से अपने हथियार ग्रेड के करीब यूरेनियम के भंडार को छोड़ने पर सहमति जताई है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता का ढ ांचा तैयार है। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीचशत्रुता समाप्त करना और होर्मुज स्ट्रेट खोलनाहै। ट्रंप ने कहा कि समझौते की डिटेल तय की जा रही हैं।

# बारह दिन बाद मॉडल ट्विशा शर्मा का अंतिम संस्कार

## एम्स दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा दुबारा पोस्ट-मार्टम के बाद भाई ने मुखाग्नि दी

- **मॉडल व अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की 12 मई की रात अपने ससुराल में संदिग्ध मौत हो गई थी। ससुराल पक्ष लगातार इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने दहेज के लिए प्रताड़ित हत्या बताया है।**

भोपाल, 24 मई। अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को बेहद गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर ट्विशा के भाई मेजर हर्षित ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा और विदाई के दौरान मृतका की मां और पूरा परिवार फूट-फूटकर रो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद परिजनों और करीबियों की आंखें नम थीं और लोग एक-दूसरे को ढ ांढ़ स बंधाते नजर आए।

अंतिम संस्कार से पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स से आई 4 सदस्यीय डॉक्टरों की विशेष टीम ने भोपाल एम्स में ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भारी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती के बीच यह पूरी फॉरेंसिक प्रक्रिया करीब 3 घंटे तक चली। दोबारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया संपन्न करने के बाद दिल्ली एम्स की टीम वापस रवाना हो गई। डॉक्टरों की यह टीम अपनी विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सीधे अदालत और संबंधित जांच एजेंसी को सौंपेगी।

गौरतलब है कि ट्विशा शर्मा की 12 मई की रात यहां के कटारा हिल्स स्थित उनके ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जहां एक ओर ससुराल पक्ष इसे लगातार आत्महत्या बता रहा है वहीं मायके पक्ष का सीधा आरोप है कि ट्विशा को दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसकी हत्या की गई है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में सोमवार का दिन कानूनी तौर पर बेहद अहम होने वाला है। उच्चतम न्यायालय इस मामले को लेकर सुनवाई करेगा। वहीं, भोपाल जिला अदालत में ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत को निरस्त करने के लिए मायके पक्ष द्वारा दायर आवेदन पर भी सोमवार को ही सुनवाई होनी है।

मामले का मुख्य आरोपी और ट्विशा का पति समर्थ सिंह फिलहाल भोपाल पुलिस की 7 दिनों की रिमांड पर है। शनिवार को पेशी के दौरान अदालत ने उसका पासपोर्ट भी जब्त करने के सख्त आदेश दिए थे, ताकि वह देश से बाहर न भाग सके। फिलहाल पुलिस रिमांड के दौरान समर्थ से घटना की रात के घटनाक्रम और उसके बयानों की सत्यता को लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सहमति के बाद, इस पूरे मामले की कमान जल्द ही सीबीआई के हाथों में सौंपने की प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

# कॉकरोच जनता पार्टी की सीबीआई जाँच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, 24 मई। सोशल मीडिया पर चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका में कथित फर्जी वकीलों, फर्जी लॉ डिग्री रैकेट और कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका वकील राजा चौधरी ने दाखिल की है।

- **वकील राजा चौधरी ने कॉकरोच जनता पार्टी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की जाँच की मांग की।**

कॉकरोच जनता पार्टी हाल ही में सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में आ गई है। कुछ दिन में ही उसके लाखों फॉलोअर्स हो गए हैं। सोशल मीडिया पर यह अभियान चीफ जस्टिस सूर्यकांत की कॉकरोच टिप्पणी के बाद शुरू हुआ था।

बाद में सीजेआई ने साफ किया कि उनकी टिप्पणियां बेरोजगार युवाओं के खिलाफ नहीं थीं, बल्कि उन लोगों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वाइट हाउस के पास फिर गोलियाँ चलीं, एक संदिग्ध की मौत

## गोलीबार के बाद सीक्रेट सर्विस ने समूचे क्षेत्र को घेर लिया व कुछ समय के लिए वाइट हाउस बंद कर दिया

- **मारे गये संदिग्ध की पहचान नासिर बेस्ट के रूप में हुई। वह पहले भी वाइट हाउस में घुसने की कोशिश में पकड़ा गया था।**
- **एक माह से कम समय पूर्व वाइट हाउस में पत्रकारों के डिनर में गोलियाँ चलीं थीं। पत्रकारों व अधिकारियों को टेबलों के नीचे छुपना पड़ा था।**

वाशिंगटन, 24 मई। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास वाइट हाउस के पास शनिवार शाम हुई गोलीबारी से पूरा इलाका दहल गया। बताया गया है कि घटना के समय राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरान समझौते पर कुछ लोगों से बातचीत कर रहे थे। गोलीबारी के बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने समूचा इलाका घेर लिया। सुरक्षा के लिए से कुछ समय के लिए वाइट हाउस को बंद कर दिया गया। अनहोनी की आशंका के मद्देनजर वाइट हाउस को कवर करने वाले मीडिया कर्मियों को तत्काल ब्रीफिंग रूम में जाने का आदेश दिया गया। पता चला है कि गोलीबारी में दो लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीक्रेट सर्विस एजेंट्स की गोलीबारी में घायल एक संदिग्ध ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया।

सीबीएस न्यूज, एबीसी न्यूज और सीएनएन चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, वाइट हाउस के बाहर सीक्रेट सर्विस के चेकपॉइंट के अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के बाद घायल संदिग्ध को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। गोलीबारी में एक राहगीर भी घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के किसी भी एजेंट को कोई नुकसान नहीं हुआ। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के समय राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप वाइट हाउस में ही थे।

जांच अधिकारियों के अनुसार, मारे गए संदिग्ध की पहचान 21 वर्षीय नासिर बेस्ट के रूप में हुई है। बेस्ट का जुलाई 2025 में भी सीक्रेट सर्विस के साथ आमना-सामना हो चुका है। तब उसने वाइट हाउस में घुसने की कोशिश की थी। उसे गिरफ्तार कर मनोरोग वार्ड में भेज दिया गया था।

यह गोलीबारी वाइट हाउस के बाहर 17वीं स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू पर आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग के पास हुई। इस दौरान लगभग 15 से 30 गोलियां चलाई गईं।

सूत्रों के मुताबिक, संदिग्धों ने सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स को निशाना बनाया, पर वे कामयाब नहीं हो सके। सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने भी माकूल जवाब दिया। एजेंट्स को भी गोली चलानी पड़ी। यूएस सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा कि एजेंसी ने संदिग्धों के मंसूबे को विफल कर दिया। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल ने एक्स पर कहा कि सूचना पाते ही मौके पर हमारे अधिकारी पहुंचे।

यह घटना वाइट हाउस में पत्रकारों के डिनर के एक महीने से भी कम समय बाद हुई है। तब भी गोलियां चली थीं और पत्रकारों के साथ अधिकारियों को मेजों के नीचे छुपना पड़ा था। सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स राष्ट्रपति को तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले गए थे।वीडियो फुटेज के अनुसार गोलीबारी का संदिग्ध कोल टॉमस एलन हाथ में शॉटगन लिए एक सुरक्षा चौकी से तेजी से भागा और अपना पीछा कर रहे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स पर गोलीबारी की। उस पर राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या की कोशिश करने का आरोप लगा है। यह घटना वाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान वाशिंगटन हिल्टन होटल में हुई थी।

# कर्नाटक में नीट छात्रा ने आत्महत्या की

नई दिल्ली, 24 मई। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले से एक बेहद दुखद मामला सामने आया है। यहां परीक्षा में शामिल हुई 18 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली है।

मृतक छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि

- **पीयूसी बोर्ड परीक्षा में उसे 92 प्रतिशत अंक मिले थे।**

उसने हाल ही में हुए पीयूसी बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।

पुलिस के मुताबिक, भाग्यश्री ने 2 मई को आयोजित नीट परीक्षा दी थी। रविवार को वह अपने अपार्टमेंट में कमरे के अंदर फंदे से लटकी मिली। शुरुआती जांच में पता चला है कि छात्रा ने सीलिंग फैन से लटककर जान दी। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल मामले की जांच जारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अडानी की कंपनी को राज्य विद्युत उत्पादन निगम 66.70 करोड़ रु. चुकाएगा

## राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" के पक्ष में फैसला सुनाया

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 24 मई। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा है कि राजस्थान राज्य विद्युत निगम 66.70 करोड़ रु. का अतिरिक्त भुगतान करना होगा, जैसा कि इस मामले में आर्बिट्रेटर ने वर्ष 2021 में अवार्ड दिया था। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी अडानी और राज्य विद्युत उत्पादन निगम के गठबंधन से बनी है। इस कंपनी में 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी अडानी की है तथा अल्प हिस्सेदारी विद्युत निगम की है।

राज्य सरकार के साथ हुए अनुबंध के मुताबिक, वर्ष 2008 में इस कंपनी को छत्तीसगढ़ में राजस्थान के कोल ब्लॉक में से कोयला निकालकर प्रदेश के थर्मल पावर प्लांट्स में सप्लाई करना था। परंतु वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में हुए कोयले की खदानों के कई ऑक्शन रद्द कर दिये थे, जिसके चलते अडानी द्वारा स्थापित इस कंपनी को भी अपनी माइनिंग लीज से हाथ धोना पड़ा था।

यहां पाठकों को यह समझाना जरूरी है कि, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के उपरांत, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कानून में संशोधन करने से अडानी को पुनः उक्त कोल ब्लॉक की माइनिंग लीज मिल गई। परंतु माइनिंग लीज़ प्राप्त करने के बाद कोयले की सप्लाई के अनुबंध को लागू करने के लिए अडानी की कंपनी "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" को 4 ग्रामों में जमीन अवाप्त करनी पड़ी। इस कारण उसे 66.70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्चा उठाना पड़ा।

- **ज्ञात रहे कि राज्य सरकार के साथ हुए अनुबंध के मुताबिक, वर्ष 2008 में इस कंपनी को छत्तीसगढ़ में राजस्थान के कोल ब्लॉक में से कोयला निकालकर प्रदेश के थर्मल पावर प्लांट्स में सप्लाई करना था। परंतु वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में हुए कोयले की खदानों के कई ऑक्शन को रद्द कर दिया था।**
- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश उपरांत, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कानून में संशोधन करने से अडानी को पुनः उक्त कोल ब्लॉक की माइनिंग लीज मिल गई। परंतु कोयले की सप्लाई के अनुबंध को लागू करने के लिए अडानी की कंपनी "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" को 66.70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्चा उठाना पड़ा।**
- **वर्ष 2021 में आर्बिट्रेटर ने इस कंपनी के पक्ष में अवार्ड पारित किया था, परंतु विद्युत निगम की याचिका पर कमर्शियल कोर्ट ने वर्ष 2023 में 66.70 करोड़ रुपए के इस अवार्ड को निरस्त कर दिया था।**

इस अतिरिक्त लागत के चलते "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" और विद्युत निगम के बीच हुए विवाद को सुलझाने के लिए आर्बिट्रेटर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2021 में आर्बिट्रेटर ने अवार्ड पारित किया था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले माइनिंग लीज रद्द करने तथा कानून में परिवर्तन के कारण बाद में पुनः लीज अडानी को दिए जाने की स्थिति की किसी ने कल्पना नहीं की थी। ऐसे में इस मामले में "परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड" को अपना कोयला सप्लाई अनुबंध पूरा करने के लिए कई तरह के अतिरिक्त खर्च उठाने पड़े हैं, जैसे कि भूमि अवाप्ति, माइनिंग लीज को क्रियान्वित करवाना, स्टांप ड्यूटी के पुनः भुगतान। आर्बिट्रेटर ने अपने अवार्ड में कहा था कि "कानून में ऐसे परिर्वतन की स्थिति" अनुबंध की शर्तों में कवर होती है, ऐसे भुगतान राज्य विद्युत निगम को ही करने पड़ेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य विद्युत निगम ने आर्बिट्रेटर के अवार्ड के खिलाफ "आर्बिट्रेशन एंड कन्सीलेंशन एक्ट 1996" की धारा 34 के तहत कमर्शियल कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर कोर्ट ने 20 मई 2023 को आर्बिट्रेटर द्वारा पारित अवार्ड को खारिज कर दिया था।

कमर्शियल कोर्ट के आदेश के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शटल ट्रेन पर आत्मघाती हमले में पाकिस्तान के 27 सैन्य अधिकारी मारे गए

इस्लामाबाद, 24 मई। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलोचिस्तान की राजधानी क्वेटा में चमन फाटक के पास आज सुबह एक शटल ट्रेन पर हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 27

- **पाकिस्तान के सैन्यकर्मी बलोचिस्तान की राजधानी में क्वेटा कैंट से क्वेटा रेल्वे स्टेशन जा रहे थे।**

सैन्य अधिकारी मारे गए और 131 से अधिक घायल हो गए। विस्फोट की वजह से ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं और दो डिब्बे पलट गए। इस दौरान एक बोगी में आग लग गई।

"द बलोचिस्तान पोस्ट" की रिपोर्ट के अनुसार, बकरीद के अवसर पर इस शटल ट्रेन के तीन कोच में पाकिस्तान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

**विचार बिन्दु**

पराधीनता समाज के समस्त मौलिक निमयों के विरुद्ध है। –मान्तेस्क्यु

# पुरस्कार, सम्मान और प्रतिष्ठा के बदलते रूप-रंग

रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। लेकिन यह कथन अनेक पेचीदगियों से भरा है। आदमी को आखिर कितनी रोटी, कितना कपड़ा और कितना बड़ा मकान चाहिए? इन सबके स्तर का कितना महत्व है? मुबंई की चालों में जो रहते हैं वे मकान में ही रहते हैं और वहीं कल्पनातीत वैभवपूर्ण अट्टालिकाएं भी हैं। जिनके पास वे हैं, वे उनसे भी संतुष्ट नहीं हैं। और फिर यह बात भी देखें कि मनुष्य अपनी इन मूलभूत ज़रूरतों को पूरा करके भी संतुष्ट नहीं हो जाता है। उसे कुछ और की तलब भी लगी रहती है। कुछ और, जैसे उसके होने की सामाजिक स्वीकृति – जो उसे मिलती है विभिन्न पुरस्कारों या सम्मानों से। और मनुष्य की यही आकांक्षा जन्म देती है पुरस्कारों और सम्मानों की व्यवस्था को, उनके तंत्र को। यहीं यह भी स्पष्ट कर देना उपयुक्त होगा कि ये दोनों एक दूसरे के पर्याय नहीं हैं।

सामान्यतः पुरस्कार किसी विशिष्ट उपलब्धि, कृति, सृजन, प्रदर्शन या योगदान के मूल्यांकन के बाद दिए जाते हैं। उनमें प्रतियोगिता, चयन और तुलनात्मक श्रेष्ठता का तत्व निहित होता है। एक लेखक को उसके उपन्यास पर पुरस्कार मिलता है, किसी वैज्ञानिक को उसकी खोज पर, किसी खिलाड़ी को उसके प्रदर्शन पर, किसी फ़िल्म को उसकी पटकथा या संवादों पर, आदि। पुरस्कार का संबंध उपलब्धि से होता है। उसमें निर्णायक मंडल होते हैं, मानदंड होते हैं, और कम से कम सैद्धांतिक रूप से एक चयन प्रक्रिया होती है। पुरस्कारों के लिए कभी प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं तो कभी निर्णायक मण्डल अपनी तरफ से पुरस्कारों के दावेदारों का चयन करता है और फिर विमर्श के बाद यह निर्णय किया जाता है कि पुरस्कार किसको दिया जाएगा। पुरस्कारों के भी अपने-अपने स्तर होते हैं। कोई पुरस्कार कितनी राशि का है इस बात के साथ-साथ उसकी प्रतिष्ठा क्या है – इसका भी महत्व होता है।

इसके विपरीत सम्मान का क्षेत्र कहीं अधिक व्यापक और सूक्ष्म है। सम्मान किसी एक उपलब्धि का प्रतिफल नहीं, बल्कि व्यक्ति की समग्र सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रभाव, पद, लोकप्रियता या प्रतीकात्मक महत्ता की स्वीकृति भी हो सकता है। सम्मान में प्रतियोगिता कम, सार्वजनिक स्वीकृति का संदेश अधिक होता है। वह कई बार व्यक्ति विशेष से अधिक उस छवि का भी अभिनंदन होता है जिसे समाज या सत्ता अपने समय में प्रतिष्ठित करना चाहते है। हाल के समय में हमने देखा हैं कि जब सत्ता बदलती है तो वह अपने सम्माननीयों की एक फौज भी साथ लाती है और तरह-तरह से उन्हें सम्मानित कर उन्हें तथा उनके माध्यम से अपने सोच या अपनी वैचारिकताको सामाजिक स्वीकृति दिलवाने के प्रयास करती है।

सैद्धांतिक रूप से यह सब ठीक लगता है। अच्छे काम के लिए पुरस्कार और अच्छी छवि या उम्दा योगदान के लिए सम्मान। इसमें क्या हर्ज़ है? लेकिन बात इतनी सीधी-सपाट भी नहीं है। बल्कि कहें कि इसे सीधी सपाट रहने नहीं दिया गया है, जटिल और विवादास्पद बना दिया गया है। पुरस्कारों की विश्वसनीयता पर प्रायः चर्चा होती रहती है। इसको क्यों मिला, उसे क्यों नहीं मिला जैसे सवाल उठते हैं। पुरस्कारों के निर्णायकों और पुरस्कृतों के बीच के रिश्तों की परतें उधेड़ी जाती हैं। और बहुत मज़े की बात यह कि भले ही विवाद पुरस्कारों को लेकर ज़्यादा सामने आते हों, मामला सम्मानों का और ज़्यादा संगीन है। पुरस्कार देने में कम से कम (दिखावटी ही सही) एक प्रक्रिया का पालन तो किया जाता है, सम्मानों का मामला तो एकदम खुला खेल फर्रूखाबादी होता है। सम्मान के मामले में कोई तर्क, कोई जवाबदेही नहीं होती है। बहुत बार केवल प्रभाव, पद, दृश्यता या किसी का सम्मान कर ख़ुद उससे लाभान्वित होने की प्रवृत्ति इनके मूल में होती है। यह हम रोज़ देखते हैं कि बहुत सारी संस्थाएं बहु प्रतिष्ठित जन को सम्मानित करती हैं। समझा जा सकता है कि ऐसे सम्मानों के पीछे ख़ुद उनके प्रतिष्ठित होने का स्वार्थ छिपा होता है।

भारत में पिछले दशकों में पुरस्कारों की संख्या जितनी बढ़ी है, सम्मानों का विस्तार और वैभव उससे कहीं अधिक फला फूला है। साहित्य से लेकर सिनेमा तक, व्यापार से लेकर सामाजिक जीवन तक, और शिक्षा से लेकर आध्यात्मिकता तक-पुरस्कारों और सम्मानों की एक पूरी समानांतर संस्कृति विकसित हो चुकी है। अलग-अलग चैनल अपने-अपने कार्यक्रमों को पुरस्कृत करते हैं। विभिन्न जाति और धर्म अपने-अपनों को पुरस्कृत व सम्मानित करते हैं। यहां साधनों का दारिद्र्य और उनकी विपुलता भी मज़ेदार दृश्य उपस्थित करते हैं। विशेष रूप से साहित्य की दुनिया में एक शॉल, एक नारियल और कम्प्यूटर पर बनवाए गए एक मान पत्र से ही सम्मान हो जाता है, बल्कि कभी-कभी तो यह सारा कर्म भी ऑनलाइन ही, बग़ैर हर्र फिटकरी लगाए, सम्पन्न हो जाता है, वहीं दूसरी तरह वैभव शाली समुदाय भव्य सभागारों में महान व्यक्तित्वों की साक्षी में ऐसे आयोजन कर लोगों की आंखों को चौंधियाते रहते हैं। इस सब को देखते हुए यह प्रश्न भी बार-बार सर उठाता है कि क्या जिसे पुरस्कार दिया गया है वह वाकई उसका हक़दार था, और जिसे सम्मानित किया गया है क्या वह उसका पात्र था, और क्या इस सम्मान से उसके यश में तनिक भी वृद्धि हुई है? और जैसे इतना ही पर्याप्त न हो, अब तो बाकायदा इस तरह के विज्ञापन आने लगे हैं जो ललचाते हैं कि आप अपनी जेब ढीली करके कोई पुरस्कार या सम्मान प्राप्त कर सकते हैं! सब कुछ बहुत बिंदास होता है। और लोग इन्हें भी हासिल करते हैं। न केवल हासिल करते हैं, सगर्व इनका प्रदर्शन भी करते हैं, यह ग़लतफहमी पालते हुए कि औरों को तो कुछ पता होगा ही नहीं।

**इस बात को समझा जाना चाहिए कि किसी भी समाज में सम्मान की सबसे बड़ी शर्त उसकी विश्वसनीयता है। सम्मान जितना दुर्लभ होगा, उतना ही अर्थपूर्ण होगा। और जितना अधिक वह प्रचार, शक्ति और छवि-निर्माण का उपकरण बनेगा, उतनी ही तेजी से उसका नैतिक कद घटता जाएगा।किसी सभ्यता की परिपक्वता इस बात से भी मापी जाती है कि वह सम्मान किसे देती है-सत्ता को, प्रसिद्धि को, या मौन श्रम को। क्योंकि अंततः पदक धातु से बनते हैं, किंतु सम्मान सार्वजनिक विश्वास से। और विश्वास एक बार क्षीण हो जाए, तो सबसे चमकीला अलंकरण भी केवल चमक रह जाता है, गरिमा का पर्याय नहीं बन पाता।**

विशेषतः साहित्यिक और सांस्कृतिक संसार में यह अनुभव बार-बार सामने आता है कि पुरस्कारों के पीछे कभी-कभी गुट, नेटवर्क और वैचारिक निष्ठाएं सक्रिय रहती हैं। फिर भी वहां रचना अंततः निर्णायक बनी रहती है। कोई औसत रचना केवल पुरस्कारों के सहारे इतिहास में बहुत दूर तक नहीं चलती हैं। क्षणिक सुख भले ही मिल जाए, कुछ समय बाद किसी को याद नहीं रहता कि ऐसी कोई रचना थी भी, या ऐसा कोई तथाकथित रचनाकार भी था।इस बात को समझा जाना चाहिए कि समय सबसे कठोर निर्णायक है। उसने अनेक पुरस्कृत नामों को भुला दिया और अनेक उपेक्षित रचनाकारों को बाद में प्रतिष्ठा दी है। लेकिन सम्मानों की दुनिया में समय की कसौटी अपेक्षाकृत धुंधली होती है। वहां तात्कालिकता अधिक प्रभावी होती है। सम्मान कई बार सामाजिक संवाद से अधिक सार्वजनिक प्रदर्शन में बदल जाते हैं। आज स्थिति यह है कि हर सप्ताह किसी न किसी राष्ट्रीय गौरव, वैश्विक व्यक्तित्व, विश्व विभूति या आइकन ऑफ द ईयर जैसे अलंकरणों का आयोजन दिखाई देता है। उनमें से अनेक सम्मान ऐसे होते हैं जिनकी विश्वसनीयता से अधिक उनकी फोटोग्राफिक उपयोगिता महत्वपूर्ण होती है। ऐसे सम्मान देने वाले अपनी विज्ञिप्तयों में बाकायदा इस बात का उल्लेख भी करते हैं कि वे आपके सम्मान ग्रहण को प्रचारित करेंगे। सम्मान देने के भीअनेक तरीके हैं। समारोह में किसी को सम्मान प्रदान करने के अलावा किसी के नाम पर किसी सड़क, भवन, या संस्थान या गांव-शहर का नामकरण भी सम्मान देने का तरीका है और इधर इसका चलन बहुत ज़्यादा बढ़ा है। बहुत बार तो यह रोचक दृश्य भी सामने आता है कि कल तक जो भवन किसी के नाम से जाना जाता है, सत्ता परिवर्तन के बाद वह किसी और के नाम से जाना जाने लगता है।

सम्मान देने की यह प्रवृत्ति केवल निजी संस्थाओं तक सीमित नहीं है। राजनीति ने भी सम्मान की प्रतीकात्मक शक्ति को बहुत गहराई से समझा है। लोकतंत्र में छवि ही पूंजी बनती जा रही है और सम्मान उस छवि को अंतरराष्ट्रीय वैधता प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम बन गए हैं। यही कारण है कि अब विदेशी मंचों पर दिए जाने वाले अलंकरण, विश्वविद्यालयीय उपाधियाँ, सांस्कृतिक अभिनंदन और वैश्विक नागरिक सम्मानों को घरेलू राजनीतिक प्रतिष्ठा के विस्तार की तरह प्रस्तुत किया जाने लगा है।

निस्संदेह किसी भारतीय व्यक्तित्व, चाहे वह कलाकार हो, शेफ़ हो, खिलाड़ी हो, राजनीतिक व्यक्तित्व हो – जो भी हो, उसे विदेशों में मिलने वाला सम्मान देशवासियों के लिए गौरव का विषय हो सकता है। इसे भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति का संकेत भी माना जा सकता है। लेकिन विवेक का तकाजा यह भी है कि सम्मान और कूटनीतिक शिष्टाचार के बीच के अंतर को समझा जाए। दुनिया के अनेक देशों में राजनयिक संबंधों के तहत राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों को अलंकरण दिए जाते रहे हैं। वे कई बार सांस्कृतिक सद्भाव, रणनीतिक निकटता या राजनीतिक संदेश का हिस्सा होते हैं; उन्हें हमेशा नैतिक या ऐतिहासिक महानता का अंतिम प्रमाण मान लेना युक्ति संगत नहीं होगा। समस्या तब पैदा होती है जब सम्मानों को आलोचना रहित महिमामंडन के उपकरणों में बदल दिया जाता है। तब प्रश्न पूछना लगभग असभ्यता मान लिया जाता है। धीरे-धीरे सार्वजनिक जीवन में यह भ्रम फैलने लगता है कि जितने अधिक सम्मान, उतनी अधिक ऐतिहासिक महानता। जबकि इतिहास की दृष्टि कहीं अधिक धैर्यवान और निर्मम होती है। जिन्हें आज अगणित सम्मानों से अलंकृत किया जात है समय बीतते न बीतते वे कूड़े के ढेर पर उपेक्षित पड़े पाए जाते हैं। समय अपना न्याय गले में लटके मेडलों की संख्या से नहीं, समाज पर पड़े वास्तविक प्रभाव के आधार पर करता है।

और यह बात जितनी सामान्य, रस्मी, औपचारिक या दिखावटी सम्मानों के लिए सच है उतनी ही उन सभी सम्मानों के लिए भी सच है जिनकी बड़ी प्रतिष्ठा है। बुकर और पुलिट्ज़र से लगाकर मैगसेसे और नोबल पुरस्कार तक, हर छोटे-बड़े पुरस्कार और सम्मान के साथ विवाद, असहमतियाँ और राजनीतिक प्रश्न जुड़े रहे हैं। इससे पुरस्कारों और सम्मानों की गरिमा समाप्त नहीं होती, लेकिन यह स्मरण अवश्य बना रहता है कि कोई भी अलंकरण अंतिम सत्य नहीं होता।

इस बात को समझा जाना चाहिए कि किसी भी समाज में सम्मान की सबसे बड़ी शर्त उसकी विश्वसनीयता है। सम्मान जितना दुर्लभ होगा, उतना ही अर्थपूर्ण होगा। और जितना अधिक वह प्रचार, शक्ति और छवि-निर्माण का उपकरण बनेगा, उतनी ही तेजी से उसका नैतिक कद घटता जाएगा।किसी सभ्यता की परिपक्वता इस बात से भी मापी जाती है कि वह सम्मान किसे देती है-सत्ता को, प्रसिद्धि को, या मौन श्रम को। क्योंकि अंततः पदक धातु से बनते हैं, किंतु सम्मान सार्वजनिक विश्वास से। और विश्वास एक बार क्षीण हो जाए, तो सबसे चमकीला अलंकरण भी केवल चमक रह जाता है, गरिमा का पर्याय नहीं बन पाता।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अवसर : हॉर्मुज़ संकट

**हॉर्मुज संकट ने आज हमें अवसर दिया है कि हम रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को नियंत्रित करें, यूरिया और डीएपी का संतुलित उपयोग बढाएं तथा दीर्घकालीन नीति तैयार करें**



पंकज मीणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सात अपील की हैं। इन अपीलों में सबसे अधिक चर्चा सोना खरीदने से बचने और पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने को लेकर हो रही है। हालांकि, यह भी सत्य है कि जब-जब देश पर संकट आया है, तब-तब प्रधानमंत्रियों ने इस प्रकार की अपील की हैं।

देश में जब अन्न का संकट आया था और अमेरिका गेहूं के आयात को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सप्ताह में एक दिन उपवास रखने की अपील की थी, जिसका देश की जनता पर सकारात्मक प्रभाव पडा था। वर्ष 1967 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सोना न खरीदने की अपील की थी, वहीं 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार ने भी देशवासियों से सोना खरीदने से बचने का आग्रह किया था।

देश के आयात पर नजर डालें तो सोने पर लगभग 9.3 प्रतिशत और पेट्रोलियम उत्पादों पर करीब 17.4 प्रतिशत आयात खर्च है। इनका भुगतान डॉलर में किया जाता है और डॉलर में होने वाला यह भारी भुगतान रुपए को कमजोर बनाता है। प्रधानमंत्री की सातों अपीलों पर गौर करें तो वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से डॉलर भुगतान कम करने से जुड़ी हैं। इनके दूरगामी प्रभाव समझने होंगे।

देश में वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 70-72 मिलियन टन रासायनिक उर्वरकों की खपत हुई, जिसमें मुख्य रूप से यूरिया, डीएपी और पोटाश शामिल हैं। इनमें से लगभग 73 प्रतिशत उत्पादन भारत में ही हो रहा है और पिछले पांच वर्षं में उत्पादन लगातार बढा है। उर्वरक उत्पादन में यह वृद्धि भारत के आत्मर्निभर बनने के संकल्प को दर्शाती है। इसके बावजूद पोटाश के मामले में भारत अब भी लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। देश के कुल आयात व्यय का करीब 1.9 प्रतिशत उर्वरक आयात पर खर्च होता है। अनुमान है कि वर्ष 2025-26 में उर्वरक आयात पर लगभग 1.5 लाख करोड रुपए खर्च होंगे।

देश के किसानों में अधिक उत्पादन की प्रतिस्पर्धा और बढती अपेक्षाओं के कारण भारत में औसतन 199 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उर्वरकों का उपयोग किया जा रहा है। पंजाब, बिहार और तेलंगाना ऐसे राज्य हैं, जहां प्रति हेक्टेयर सर्वाधिक उर्वरक उपयोग होता है। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भले ही अल्पकाल में उत्पादन बढ जाता हो, लेकिन इसके दुष्प्रभावों के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढता है। साथ ही, इससे भारत का आयात बिल भी लगातार बढता है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के कारण उर्वरक उत्पादन वर्तमान में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा है, लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उर्वरक उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की आवश्यकता होती है, जिसकी आपूर्ति मुख्य रूप से खाडी देशों पर निर्भर है। अर्थात, उर्वरक उत्पादन में वृद्धि के बावजूद इसके प्रमुख घटकों- प्राकृतिक गैस और पोटाश के लिए भारत अब भी आयात पर निर्भर है।

देश का किसान विश्व के अन्य किसानों के मुकाबले मजबूती से खडा रह सके, इसके लिए भारत सरकार कृषि के विभिन्न आदानों पर सब्सिडी प्रदान करती है। देश में उर्वरक सब्सिडी पर प्रतिवर्ष लगभग 1.5 से 2 लाख करोड रुपए खर्चा किए जाते हैं। यूरिया और डीएपी पर किसानों को प्रति बोरी 1200 से 2700 रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है, जिसका भुगतान सीधे कंपनियों को किया जाता है। यह भारी-भरकम सब्सिडी और बढता आयात बिल भारतीय खेती को महंगा बनाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी बोझ डालता है।

भारत में संकटों से लड़ने की अद्भुत क्षमता रही है। हजारों वर्षं का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब देश पर सामरिक, आर्थिक या महामारी का संकट आया, तब-तब भारत पहले से अधिक ताकत के साथ उभरकर सामने आया है। वर्तमान की केंद्र सरकार के समय ही हमने कोरोना के समय भी ऐसी स्थितियां बनते देखी हैं, जहां हमने आपदा को अवसर में बदलने की क्षमता विकसित की।

हॉर्मुज संकट ने आज हमें अवसर दिया है कि हम रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को नियंत्रित करें, यूरिया और डीएपी का संतुलित उपयोग बढाएं तथा दीर्घकालीन नीति तैयार करें, जिसके तहत उर्वरकों की खपत को धीरे-धीरे कम किया जा सके। सिक्किम जैसे छोटे राज्य ने वर्ष 2016 में स्वयं को पूर्णतः जैविक खेती वाला राज्य घोषित किया था। देश के अन्य राज्यों को भी जैविक कृषि को प्रोत्साहित करते हुए किसानों को इससे जोडना चाहिए।

यदि सरकार जैविक कृषि उत्पादों के लिए विशेष मूल्य और प्रभावी विपणन व्यवस्था विकसित करे, तो इससे न केवल देश की जनता का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था भी अधिक मजबूत और स्वस्थ बनेगी।

**–पंकज मीणा,**
**प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा**
**राजस्थान**

# मोदी की यूएई यात्रा: ऊर्जा सुरक्षा से रक्षा साझेदारी तक, खाड़ी में भारत की बढ़ती भू-राजनीतिक उपस्थिति



डॉ. योगेश शर्मा

पश्चिम एशिया में बढ़ती भू-राजनीतिक अस्थिरता, ईरान-इज़रायल-अमेरिका तनाव, होर्मुज़ जलडमरूमध्य की ऊर्जा सुरक्षा अनिश्चितता, और खाड़ी देशों के बीच बदलते समीकरणों के बीच 15 मई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई-अबू धाबी यात्रा समय की दृष्टि से भले ही छोटी रही, लेकिन उसके संकेत बहुत बड़े हैं। इस यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच रक्षा, ऊर्जा, समुद्री अवसंरचना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और निवेश जैसे क्षेत्रों में कई महत्त्वपूर्ण समझौते हुए, जो दोनों देशों के संबंधों को नई रणनीतिक गहराई प्रदान करते हैं। यह यात्रा केवल एक औपचारिक कूटनीतिक दौरा नहीं थी, बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा, सामरिक हितों और खाड़ी क्षेत्र में उसकी बढ़ती रणनीतिक भूमिका का स्पष्ट संकेत भी थी।

इस यात्रा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आयाम ऊर्जा सुरक्षा है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है, इसलिए होर्मुज़ जलडमरूमध्य या खाड़ी क्षेत्र में कोई भी संकट सीधे भारत की अर्थव्यवस्था, और आम उपभोक्ता को प्रभावित करता है। क्षेत्रीय तनावों के कारण आपूर्ति बाधित होने और कच्चे तेल की कीमतों में वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच दोनों देशों ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी भारत के भूमिगत तेल भंडारों में अपनी भागीदारी को और मजबूत करेगी। यह भारत के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि संकट के समय रणनीतिक तेल भंडार देश की ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में मदद करेंगे। दूसरी ओर, यूएई को भी भारत जैसे विशाल और स्थायी बाजार तक दीर्घकालिक पहुँच सुनिश्चित होगी।

इसी क्रम में एलपीजी आपूर्ति से जुड़ा समझौता भी भारत की घरेलू ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत में उज्ज्वला योजना के बाद एलपीजी केवल शहरी सुविधा नहीं रही, बल्कि ग्रामीण परिवारों, महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छ ईंधन नीति से जुड़ा विषय बन गई है। एलपीजी आपूर्ति समझौता भारत के लिए केवल व्यावसायिक समझौता नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का साधन भी है। इस समझौते का उद्देश्य भारत को एलपीजी की दीर्घकालिक और प्राथमिकता आधारित आपूर्ति सुनिश्चित करना है। वर्तमान में भारत के कुल एलपीजी आयात का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा यूएई से आता है। ऐसे में यह समझौता न केवल ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर करेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य अस्थिरता के प्रभाव को कम करने में भी सहायक होगा।

इस यात्रा का महत्वपूर्ण परिणाम भारत और यूएई के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी के फ्रेमवर्क पर सहमति रहा। यह समझौता केवल पारंपरिक सैन्य अभ्यासों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्नत रक्षा तकनीकों के संयुक्त विकास, सह-उत्पादन, खुफिया जानकारी साझा करने और आतंकवाद-रोधी सहयोग को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह रक्षा सहयोग भारत की खाड़ी नीति में एक बड़ा बदलाव है। समुद्री अवसंरचना और ब्लू इकोनॉमी के क्षेत्र में भी इस यात्रा के दौरान महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई। गुजरात के वडिनार में जहाज मरम्मत केंद्र स्थापित करने के लिए दोनों देशों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना भारत के समुद्री बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ उसे जहाज मरम्मत और समुद्री लॉजिस्टिक्स के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती सामरिक भूमिका को देखते हुए इस प्रकार की परियोजनाएँ भविष्य में भारत की समुद्री शक्ति और व्यापारिक क्षमता को और सुदृढ़ करेंगी।

तकनीकी और डिजिटल सहयोग के क्षेत्र में यूएई द्वारा भारत में आठ एआई सुपर कंप्यूटर स्थापित करने की घोषणा विशेष महत्व रखती है। यूएई की पूंजी और भारत की तकनीकी क्षमता मिलकर इस दिशा में बड़ा अवसर बना सकते हैं। यह समझौता स्पष्ट करता है कि भारत-यूएई संबंध अब पारंपरिक ऊर्जा सहयोग से आगे बढ़कर भविष्य की तकनीकों और डिजिटल शक्ति-संतुलन तक पहुँच चुके हैं।

इसके अतिरिक्त, यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा भी इस यात्रा का एक बड़ा परिणाम रही। यह निवेश भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, वित्तीय संस्थानों और आवास क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेगा। यूएई पहले ही भारत में बड़े निवेश की प्रतिबद्धता दिखा चुका है, और अब यह स्पष्ट है कि वह भारत को केवल बाज़ार नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास साझेदार के रूप में देख रहा है।

भारत-यूएई संबंधों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये संबंध अचानक बने हुए संबंध नहीं हैं। अरब सागर ने सदियों से भारतीय उपमहाद्वीप और खाड़ी को व्यापार, संस्कृति और श्रम-गतिशीलता के माध्यम से जोड़ा है। यूएई के गठन के बाद संबंधों का केंद्र तेल और भारतीय श्रमिक बन गए। लंबे समय तक यह रिश्ता "लेन-देन आधारित" रहा, भारत ऊर्जा और रोजगार के अवसरों से जुड़ा था, जबकि यूएई को भारतीय श्रम, बाज़ार और सेवाओं से लाभ मिलता था। लेकिन 2015 के बाद यह संबंध एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदल गया। प्रधानमंत्री मोदी की 2015 की यूएई यात्रा ने वर्षों के अंतराल के बाद उच्च-स्तरीय राजनीतिक संपर्क को पुनर्जीवित किया। उसके बाद भारत-यूएई संबंधों में सुरक्षा सहयोग, आतंकवाद-विरोधी समन्वय, निवेश, फिनटेक, डिजिटल भुगतान, ण्ँई और घ्2ळ2 जैसे मंचों के माध्यम से नई गहराई आई। 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ने दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को संस्थागत आधार दिया।

भारत और यूएई के बीच संबंध अब केवल ऊर्जा आयात या प्रवासी भारतीयों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच 100 अरब डॉलर से अधिक का द्विपक्षीय व्यापार है और यूएई आज पूरे खाड़ी क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। कच्चे तेल, एलपीजी, एलएनजी, सोना, निवेश, बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, फिनटेक, रक्षा और डिजिटल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की परस्पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। इसलिए खाड़ी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता भारत के आर्थिक हितों को सीधे प्रभावित कर सकती है। यही कारण है कि भारत यूएई की स्थिरता को अपनी आर्थिक और ऊर्जा सुरक्षा से जोड़कर देखता है। इस यात्रा का सबसे बड़ा संदेश यह है कि भारत अब पश्चिम एशिया को केवल तेल-क्षेत्र के रूप में नहीं देखता। भारत के लिए यह क्षेत्र ऊर्जा सुरक्षा, निवेश, रक्षा, डिजिटल भुगतान, एआई, समुद्री संपर्क, प्रवासी हित, खाद्य सुरक्षा और वैश्विक शक्ति-संतुलन का केंद्र है।

प्रधानमंत्री मोदी की 2026 की यात्रा को केवल एक नियमित द्विपक्षीय कूटनीतिक दौरे के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते सामरिक परिदृश्य के बीच भारत की संतुलित लेकिन स्पष्ट रणनीतिक स्थिति का संकेत भी है। ईरान-अमेरिका-इज़रायल संघर्ष के दौरान जिस प्रकार यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमले हुए, उससे यह स्पष्ट हो गया कि खाड़ी क्षेत्र अब प्रत्यक्ष भू-राजनीतिक संघर्ष का संवेदनशील केंद्र बन चुका है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री मोदी का यूएई नेतृत्व के साथ एकजुटता प्रदर्शित करना इस बात का संकेत था कि भारत अपने प्रमुख रणनीतिक और आर्थिक साझेदारों के साथ संकट की घड़ी में खड़ा रहना चाहता है।

इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी था कि भारत पश्चिम एशिया में "मल्टी-अलाइनमेंट" यानी बहु-संतुलित कूटनीति की नीति पर आगे बढ़ रहा है। भारत एक ओर यूएई, सऊदी अरब और इज़रायल जैसे देशों के साथ रणनीतिक संबंध मजबूत कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद और संपर्क बनाए रख रहा है। इस प्रकार भारत क्षेत्रीय स्थिरता, समुद्री सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा ने यह संकेत दिया कि भारत खाड़ी क्षेत्र में केवल एक ऊर्जा खरीदार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और विश्वसनीय रणनीतिक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका निभाना चाहता है। भारत अब खाड़ी में केवल केवल ऊर्जा खरीदार नहीं, बल्कि सुरक्षा और विकास का सह-निर्माता है; और केवल ऐतिहासिक मित्र नहीं, बल्कि

भविष्य की भू-राजनीति का सक्रिय खिलाड़ी है।

**–डॉ. योगेश शर्मा,**
**( लेखक संवैधानिक अध्येता और अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं )।**

## राशिफल सोमवार 25 मई, 2026



पंडित अनिल शर्मा


प्रथम ज्येष्ठ मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2083, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 4:09 तक, वज्र योग रात्रि 3:15 तक, तैतिल करण सायं 4:51 तक, चन्द्रमा प्रातः 9:07 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। कुमार योग रात्रि 4:09 से आरम्भ होंगे।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** अमृत सूर्योदय से 7:20 तक, शुभ 9:01 से 10:42 तक, चर 2:05 से 3:46 तक, लाभ-अमृत 3:46 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08




**मेष**

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**वृष**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**मिथुन**

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




**कर्क**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**सिंह**

आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**तुला**

व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।




**वृश्चिक**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**धनु**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




**मकर**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।



**कुंभ**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

वंदे गंगा
जल संरक्षण जन अभियान



# वंदे गंगा

## जल संरक्षण - जन अभियान 2026



सोमवार, 25 मई 2026 (गंगा दशमी) से शुक्रवार, 5 जून 2026 (विश्व पर्यावरण दिवस) तक

### अभियान के प्रमुख उद्देश्य

- जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार
- जल स्रोतों को प्रदूषण से मुक्त करना
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता
- भूजल पुनर्भरण हेतु जागरूकता
- व्यवहार परिवर्तन से बेहतर जल उपयोग
- हरियालो राजस्थान की तैयारी
- जल संचय जन भागीदारी बढ़ाना
- जल संरक्षण जन-जन का अभियान
- जल संरचनाओं की स्वच्छता हेतु जागरूकता
- जल बचत हेतु जन जागृति
- कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान से हर बूंद का संचयन



राजस्थान संवाद

PMKSY

मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान

जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, राजस्थान

# उदयपुर के गोगुंदा में नाकाबंदी तोड़ भागे तस्करों व पुलिस के बीच मुठभेड़

## मुठभेड़ में तस्कर नाकाबंदी तोड़कर फायरिंग करते हुए भाग निकले, लेकिन आगे जाकर अपना वाहन छोड़कर फरार हो गए, वाहन से एक करोड़ का डोडा-चूरा मिला

- तस्करों की तरफ से पुलिस पर करीब आठ राउंड फायर किए गए, जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तस्करों पर तीन फायर किए, पुलिस की तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में एक गोली तस्करों की स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे पर जाकर लगी
- पुलिस ने तस्करों के वाहन से 421 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है, पुलिस ने रणकपुर और उसके आसपास के पूरे जंगली इलाके में तस्करों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान भी चलाया

**उदयपुर,( कासं )।** उदयपुर जिले के गोगुंदा इलाके में पुलिस नाकाबंदी के दौरान पुलिस और तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में तस्कर नाकाबंदी तोड़कर फायरिंग करते हुए भाग निकले, लेकिन आगे जाकर अपना वहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने तस्करों के वाहन से 421 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है, जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ रूपये बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक सफेद स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया, लेकिन तस्करों ने गाड़ी रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी। तस्करों ने पुलिस की नाकाबंदी तोड़ दी और पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग शुरू कर दी। तस्करों की तरफ से पुलिस पर करीब आठ राउंड फायर किए गए। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तस्करों पर तीन फायर किए। पुलिस की तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में एक गोली तस्करों की स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे पर जाकर लगी। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर गाड़ी सहित रणकपुर के घने जंगलों की तरफ भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया तो तस्कर जंगल में स्कॉर्पियो खड़ी करके मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो से करीब एक करोड़ रुपए कीमत का 421 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा बरामद किया है। घटना गोगुंदा क्षेत्र में रविवार तड़के दो बजे की है।

सायरा थानाधिकारी कानाराम सीरवी के अनुसार पुलिस टीम ने रणकपुर रोड पर मजावड़ा के पास नाकेबंदी कर रखी थी। पुलिस वहां आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने संदिग्ध स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया, लेकिन तस्करों ने गाड़ी रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी। तस्करों ने पुलिस की नाकाबंदी को तोड़ दिया और पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई इस फायरिंग के बाद पुलिस ने भी तुरंत मोर्चा संभाला।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तस्करों पर तीन फायर किए। पुलिस की तरफ से हुई जवाबी फायरिंग में एक गोली तस्करों की स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे पर जाकर लगी। इसके बावजूद तस्कर अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाते रहे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर गाड़ी सहित रणकपुर के घने जंगलों की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम ने भी बिना वक्त गंवाए तस्करों का पीछा किया। पुलिस को जंगल में स्कॉर्पियो खड़ी मिली। पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के 22 कट्टे भरे हुए मिले। इन कट्टों को खोलने पर उनमें 421 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा पाया गया। पुलिस ने इस मादक पदार्थ को जब्त कर लिया है और तस्करों की गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया है। सायरा थाना पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

वारदात के बाद पुलिस ने रणकपुर और उसके आसपास के पूरे जंगली इलाके में तस्करों को पकड़ने के लिए एक बड़ा सर्च अभियान भी चलाया गया है। सीरवी ने बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमें घने जंगलों में तस्करों को ढूंढ रही हैं। फरार आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अलवर में फर्जी डॉक्टर ने एक महिला की जान ली



मृतक महिला का फाइल फोटो

- मेडिकल स्टोर की आड़ में इलाज कर रहा था फर्जी डॉक्टर
- पति का आरोप है कि हाथ-पैर में दर्द और बुखार होने पर वह अपनी पत्नी को लेकर आया था
- फर्जी डॉक्टरों ने बिना किसी जांच के दवा दी और ग्लूकोज चढ़ाया, उसके बाद महिला की मौत हो गई

**अलवर,** (निसं)। मेडिकल स्टोर की आड़ में इलाज करने वाले फर्जी डॉक्टरों ने महिला की जान ले ली। पति का आरोप है कि हाथ-पैर में दर्द और बुखार होने पर पत्नी को लेकर आया था। यहां फर्जी डॉक्टरों ने बिना किसी जांच के दवा दी और ग्लूकोज चढ़ाया। उसके बाद महिला की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। पूरा मामला अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र के सालपुर गांव का है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सालपुर की रहने वाली रीना देवी (27) के पति मंगल सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को रीना (पत्नी) की अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उसे तेज बुखार था और हाथ-पैरों में भयंकर दर्द हो रहा था। मंगल सिंह उसे मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के केरवा जाट स्थित एक मेडिकल स्टोर पर लेकर गया। वहां मौजूद फर्जी डॉक्टर ने बिना किसी चेकअप के, केवल लक्षणों के आधार पर रीना को कुछ दवाइयां दे दीं और ग्लूकोज की बोतल चढ़ा दी। इसके बाद रीना को घर भेज दिया गया।

परिजनों के अनुसार, रविवार तड़के करीब 3 बजे रीना की तबीयत अचानक फिर से बहुत ज्यादा बिगड़ गई। उसे तेज बॉडी पेन, लगातार उल्टियां और चक्कर आने लगे। घबराकर मंगल सिंह उसे सालपुर स्थित एक अन्य मेडिकल स्टोर पर लेकर भागा। वहां मौजूद दूसरे फर्जी डॉक्टर ने महिला की गंभीर स्थिति देख उसे एक टैबलेट दी और तुरंत अलवर जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन आनन-फानन में रीना को लेकर अलवर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद रीना को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मंगल सिंह मजदूरी करता है। रीना की मौत के बाद उसके चार छोटे-छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है।

सीएमएचओ योगेन्द्र शर्मा ने मीडिया के माध्यम से बार-बार लोगों को चेताया कि झोलाझाप डॉक्टर के पास इलाज के लिए नहीं जाएं, सरकारी अस्पतालों में सभी सुविधाएं मौजूद हैं, वहां इलाज कराएं, लेकिन लोगों की सोच ही गलत साबित हो रही है वे झोलाझाप डाक्टरों के चंगुल में जा फंसते हैं और मरीज की मौत के बाद खुद को कोसते हैं।

# चलती कार में लगी आग से 61 किलो डोडा-चूरा बरामद, तस्कर फरार

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के गोगुंदा-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे पर चलती इको कार में अचानक लगी आग से अवैध मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नेटवर्क खुलासा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर कार सवार दो युवक मौके से फरार हो गए।

जानकारी अनुसार खाखड़ी क्षेत्र में शनिवार देर रात करीब नौ बजे गुजरात नंबर की इको कार के पीछे वाले हिस्से से अचानक धुआं उठने लगा। कार में सवार दोनों युवकों ने गाड़ी को बादल रिसोर्ट के सामने सर्विस रोड पर रोका और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जलती कार को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत पानी डालकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना गोगुंदा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थानाधिकारी श्यामसिंह चारण जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस ने आग बुझाने के बाद कार की तलाशी ली तो उसमें बने गुप्त चेम्बर से 61 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं दोनों तस्करों की तलाश जारी है। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें तस्करी का नया और शातिर तरीका सामने आया। तस्करों ने कार के पिछले हिस्से में गुप्त चैम्बर बना रखा था। इसके ऊपर लगे साउंड सिस्टम को सीक्रेट चैंबर की तरह इस्तेमाल कर उसमें अवैध अफीम डोडा-चूरा छिपाया गया था। आग लगने से गुप्त चैम्बर में रखा कुछ डोडा-चूरा जलकर खाक हो गया, जबकि साउंड सिस्टम के अंदर छिपाकर रखा गया डोडा-चूरा सुरक्षित बच गया। पुलिस ने कार से करीब 61 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फरार तस्करों की तलाश जारी है।

# अवैध खनन में लिप्त वाहन जब्त

**टोंक,** (निसं)। जिले की विभिन्न थाना पुलिस टीमों ने 8 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। थाना दूनी से अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किये। नासिरदा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान नासिरदा तालाब के पास से बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया है। बनेठा पुलिस थाना टीम ने अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया गया। वहीं रविवार कोसदर निवाई पुलिस टीम ने अवैध बजरी खनन व परिवहन में लड़ाकू प्रवृति के आरोपी जो थाने में दर्ज प्रकरण में तीन साल फरार चल रहे को गिरफ्तार कर एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है।

# होटल संचालक से मारपीट कर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

## मंथली नहीं देने पर होटल तोड़ने और गाड़ी से कुचलने का प्रयास भी किया था

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस ने होटल संचालक के साथ मारपीट कर रंगदारी मांगने तथा रूपए छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने होटल संचालक को मंथली देने का दबाव बनाते हुए मारपीट की थी तथा गाड़ी से कुचलने का प्रयास भी किया था। थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार 19 मई 2026 को बामलास निवासी होटल संचालक विजेन्द्र सिंह जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी चौधरी होटल पर बैठा था। इसी दौरान केड निवासी संदीप कुमार उर्फ धोलिया गाड़ी लेकर होटल पर पहुंचा और होटल चलाने के एवज में मंथली देने की मांग की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा घसीटकर गाड़ी में डालने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया, लेकिन जाते समय गाड़ी चढ़ाकर कुचलने का प्रयास करने के साथ होटल तोड़ने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुढ़ागौड़जी थाना पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप कुमार उर्फ धोलिया पुत्र बहादुर सिंह, निवासी केड, थाना गुढ़ागौड़जी को गिरफ्तार कर लिया।

# पावटा में14 लाख रुपये के चावल से भरा कंटेनर चोरी

- कंटेनर चालक गुरुग्राम से जयपुर स्थित चिंकारा कैंटीन के लिए चावल की खेप लेकर जा रहा था
- चालक ने पावटा में कमरा ले रखा है, जिसने पावटा में कंटेनर को निर्धारित स्थान पर खड़ा किया और कमरे पर चला गया, पिछे से चोरी हो गई

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन और व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामले में कस्बे से चावल से भरे एक कंटेनर की चोरी होने से परिवहन व्यवसायियों में हड़कंप मच गया। बदमाश देर रात मौका पाकर लाखों रुपये कीमत के चावल से लदे कंटेनर को ही पार कर ले गए।

जानकारी के अनुसार कंटेनर चालक रवि शर्मा गुरुग्राम से जयपुर स्थित चिंकारा कैंटीन के लिए चावल की खेप लेकर जा रहा था। चालक ने पावटा स्थित भूमिका प्लाजा में किराये पर कमरा ले रखा है। बताया जा रहा है कि देर रात पावटा पहुंचने के बाद उसने कंटेनर को निर्धारित स्थान पर खड़ा किया और आराम करने के लिए अपने कमरे पर चला गया। सुबह करीब चार बजे जब चालक वापस लौटा तो कंटेनर मौके से गायब मिला। अचानक कंटेनर गायब होने से चालक के होश उड़ गए। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद घटना की सूचना तुरंत प्रागपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की।

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने बताया कि चालक रवि शर्मा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि कंटेनर में लदे चावल की कीमत करीब 13 लाख 94 हजार 547 रुपये है, जबकि कंटेनर की कीमत अलग से बताई जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों में भय और नाराजगी का माहौल है।

# गृहमंत्री अमित शाह एवं सीएम भजनलाल आज बीकानेर में

**बीकानेर,** (निसं)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 एवं 26 मई को बीकानेर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 25 मई की रात्रि 10:20 बजे बीकानेर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा वहां से बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय जाएंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रात्रि 8:30 बजे बीकानेर पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगवानी करेंगे तथा कृषि विश्वविद्यालय स्थित गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम, भूपेंद्र सैनी 25 मई को दोपहर 2:45 बजे रेल मार्ग से बीकानेर पहुंचेंगे तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगवानी में शामिल रहेंगे। वहीं 26 मई की रात्रि 11:10 बजे रेल मार्ग से बीकानेर से रवाना होंगे। 26 मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रातः कृषि विश्वविद्यालय हेलीपेड से रवाना होकर सीमा चौकी सांचू पहुंचेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बीएसएफ हेलीकॉप्टर द्वारा सीमा चौकी सांचू पहुंचेंगे। यहां दोनों नेता वृक्षारोपण कार्यक्रम, सैनिक सम्मेलन एवं जवानों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों नेता सुबह 11:10 बजे से 11:40 बजे तक सीमा चौकी सांचू, बीएसएफ 179वीं वाहिनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोनों नेता बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय, बीकानेर पहुंचेंगे। बीएसएफ सेक्टर मुख्यालय में दोपहर 12:40 बजे महिला बैरकों के ई-उद्‌घाटन कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाग लेंगे।

# सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन गेमिंग व आईपीएल पर सट्टा का दांव लगाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मौके से एक एंड्रॉयड मोबाइल व लैपटॉप भी बरामद किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि भीमंगजमंडी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दानमलजी के हत्था में ऑनलाइन गेमलिंग व अन्य गमों पर ओनलाइन सट्टा चला रहा है। जिस पर भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गौदारा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम द्वारा मकान की घेराबंदी कर मकान का दरवाजा खुलवाया तो पुलिस टीम ने मौके पर देखा कि एंड्रॉयड मोबाइल फोन व एक लैपटॉप के जरिये आईपीएल के मैच पर दांव लगवाया जा रहा है जिसमे वाट्सअप में चेंटिग में आईपीएल मैच के ऑनलाइन सट्टा लगाने का हिसाब का ब्यौरा है।

# मकान से आभूषण और नकदी चोरी

- पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से चोरों को गिरफ्तार कर चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के ढिंढोरा पेट्रोल पंप के पास बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए आभूषण और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ढिंढोरा पेट्रोल पंप के समीप रहने वाले गोविंद पुत्र मोहरसिंह जाटव के घर में देर रात करीब एक बजे अज्ञात चोर घुस आए। उस समय घर के कमरे में गोविंद की पत्नी सुनहरी देवी सो रही थी। चोर बड़ी ही चालाकी से कमरे में रखी आलमारी तक पहुंचे और उसके ताले तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी हुए सामान में सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब सात हजार रुपए नकद शामिल हैं। सुबह जब परिवार की आंख खुली तो आलमारी के ताले टूटे मिले और सामान गायब देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# भीलवाड़ा में 28 हजार रुपये के विवाद में ठेकेदार पर हमला

## हमले में फैक्टरी ठेकेदार, भाई और एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल

- पुलिस ने वारदात का सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र से जानलेवा हमले का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां भगवानपुरा चौराहे पर स्थित एक मिनरल्स फैक्टरी के ठेकेदार को अपने ही जेसीबी चालक से एडवांस दिए गए रुपये वापस मांगना बेहद भारी पड़ गया। दूसरी माइंस के ठेकेदार ने दर्जनों बदमाशों के साथ मिलकर पीड़ित ठेकेदार और उसके भाई पर लोहे के सरियों से हमला कर दिया। इस हमले में फैक्टरी ठेकेदार, उसका भाई और एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वारदात का सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अस्पताल में उपचाराधीन घायल ठेकेदार भगवान गुर्जर ने बताया कि उनका भगवानपुरा चौराहे पर स्थित रामनिवास मिनरल्स फैक्टरी में ठेका है। उन्होंने अपने यहां काम के लिए एक जेसीबी ऑपरेटर को 28 हजार रुपये एडवांस दिए थे, लेकिन उक्त ऑपरेटर ने उनके यहां काम करने के बजाय दूसरे ठेकेदार भंवरलाल गुर्जर की माइंस में काम करना शुरू कर दिया। जब भगवान गुर्जर का छोटा भाई रणजीत गुर्जर उस ऑपरेटर से अपनी एडवांस रकम वापस मांगने गया, तो माइंस ठेकेदार भंवरलाल ने उसे बुरी तरह धमकाया और उसके साथ हाथापाई की। पीड़ित भगवान गुर्जर के अनुसार, जब उन्होंने इस संबंध में भंवरलाल से शांतिपूर्वक बात की और धमकी न देने को कहा, तो वह आवेश में आ गया। इसके बाद भंवरलाल ने अपने बेटे नानूलाल गुर्जर के साथ मिलकर करीब 20 से 25 हथियारों से लैस गुंडों को मौके पर बुला लिया। बदमाशों ने आते ही भगवान गुर्जर, उनके भाई रणजीत और फैक्टरी के एक कर्मचारी सोनू सिंह पर लोहे के सरियों और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने बेरहमी की सारी हदें पार करते हुए पीड़ित की गर्दन पर पैर रखकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इस हमले में रणजीत गुर्जर का हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं अन्य दोनों घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इस वारदात का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश खुलेआम लाठियां और सरिए बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। मांडल थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं और जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

# अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर थाना क्षेत्र के गांव मिखाला में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के सभी थानों को हुलिया जारी कर वारिसों की तलाश शुरू कर दी है।

थानाधिकारी सतपाल बिश्नोई से मिली जानकारी अनुसार पुलिस थाना से जारी पत्र के अनुसार रविवार को सुबह मिखाला गांव की रोही में भीवाराम के खेत में एक अज्ञात पुरुष का शव मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल तारानगर की मोर्चरी में रखवाया है। लाश करीब 3-4 दिन पुरानी होने के कारण चेहरा स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। सीआई सतपाल बिश्नोई ने बताया कि मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हनुमानगढ़ में ट्रैफिक इंचार्ज के बेटे को ऑडी कार ने टक्कर मारी

- हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, श्रीगंगानगर रेफर किया गया
- चार दिन बाद भी पुलिस आरोपी ड्राइवर और कार तक नहीं पहुंच पाई

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर एक तेज रफ्तार सफेद ऑडी कार ने यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा के बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले हनुमानगढ़ और बाद में श्रीगंगानगर रेफर किया गया। घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस आरोपी ड्राइवर और कार तक नहीं पहुंच पाई है। इस पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, यातायात शाखा प्रभारी अनिल कुमार चिंदा 19 मई की रात गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि अल्फा सिटी क्षेत्र में एक सफेद ऑडी कार तेज रफ्तार से स्टंट कर रही है। बताया गया कि यह कार पहले भी कई बार स्टंट करते देखी गई है और हर बार उसका नंबर बदला जाता है। सूचना मिलने के बाद अनिल चिंदा अपने स्टाफ के साथ अल्फा सिटी पहुंचे। उन्होंने अपने बेटे को भी अल्फा सिटी के मुख्य गेट पर आने के लिए कहा था। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब उनका बेटा गेट के पास खड़ा था। इसी दौरान अल्फा सिटी के अंदर से तेज गति और लापरवाही से निकल रही सफेद ऑडी कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने कार को रोकने का इशारा भी किया था, लेकिन ड्राइवर ने वाहन की गति कम करने के बजाय और बढ़ा दी। इसके बाद कार ड्राइवर टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। घायल युवक को तुरंत टाउन के बेनीवाल अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर जनसेवा अस्पताल, श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। टाउन थाना पुलिस ने अज्ञात ऑडी ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई कमलजीत सिंह को सौंपी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर वाहन और ड्राइवर की तलाश में जुटी है। हालांकि शनिवार देर शाम तक पुलिस को कार ड्राइवर के संबंध में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया था।

# वाहन की टक्कर से ऊँट मालिक की मौत

**खेतड़ी,** (निसं)। पचेरी कलां थाना क्षेत्र में रविवार को अज्ञात वाहन ने ऊंटगाड़ी को टक्कर मार दी। इस दौरान सड़क हादसे में ऊंटगाड़ी मालिक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बुहाना के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार माजरी गांव निवासी बृजलाल पुत्र होशियार सिंह (45) रोज की तरह ऊंटगाड़ी लेकर डूमोली गांव स्थित ईंट-भट्टे पर ईंट भराई के कार्य के लिए जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली-झुंझुनूं सड़क मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उसकी ऊंटगाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बृजलाल की मौके पर ही कुचलने से मौत हो गई, जबकि ऊंटगाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में ऊंट भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार करवाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पचेरी कलां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बुहाना सीएचसी में पोस्टमार्टम करवाया। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मृतक मजदूर बृजलाल मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी मिंकु को जैसे ही हादसे की सूचना मिली, वह बदहवास हो गई। परिवार के अनुसार उसका पुत्र इशांत ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है, जबकि कुछ समय पहले ही मजदूर ने अपनी बेटी की शादी की थी। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी पूरी तरह बृजलाल के कंधों पर थी। ग्रामीणों ने बताया कि बृजलाल गांव का मिलनसार और मेहनती व्यक्ति था, जो वर्षों से ऊंटगाड़ी के माध्यम से मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन-यापन कर रहा था।

# मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में आग लगी

## दुकान में रखे मोबाइल पार्ट्स, मशीनें जली, 20 लाख का हुआ नुकसान

**धौलपुर,** (निसं)। राजाखेड़ा कस्बे के पूर्व विधायक मनोरमा सिंह की कोठी के सामने बाजार में एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में आग लग गई। आग शनिवार रात्रि करीब 12 बजे की बताई जा रही है। आग से दुकान में रखे लाखों रुपये के मोबाइल रिपेयरिंग पार्ट्स, कीमती मशीनें और अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार आग की सूचना विजय सिंह उर्फ़ बॉबी जादौन द्वारा फायरमैन पप्पू गुर्जर को सूचना दी गई। पप्पू गुर्जर के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड चालक डालसिंह एवं फायरमैन राजकुमार, कुलदीप के साथ मौके पर पहुंचे जब तक आग ने रोद्र रूप धारण कर लिया था। फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर करीबन 2 घंटे की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और व्यापारियों ने राहत की सांस ली।

व्यापारियों के अनुसार घटना में करीब 20 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। रात्रि करीब 12 बजे, पास की लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे एक परिचित ने रामगोपाल को फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही रामगोपाल तुरंत बाइक से बाजार की ओर दौड़े। दुकान पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि शटर से आग की लपटें निकल रही थी।

# रीको एरिया में व्यापारी से तीन लाख रुपए की लूटपाट करने वाले 3 बदमाश दबोचे

## दिवाली बोनस से कटे 2100 का बदला लेने के लिए पूर्व नौकर ने रची थी साजिश



आरोपी सुरेश पांचाल, विकास बैरवा और सुनील सैनी

■ पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 1,62,500 नकद, डेल कंपनी का लैपटॉप, दुकान के शटर की चाबियां और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सांगानेर सदर इलाके में सीतापुरा रीको एरिया में व्यापारी से दिनदहाड़े हुई 3 लाख की लूट की वारदात का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने व्यापारी के पूर्व नौकर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, लैपटॉप और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि सांगानेर सदर थाना इलाके में सीतापुरा रीको एरिया में व्यापारी से दिनदहाड़े हुई 3 लाख की लूट की वारदात करने वाले सुरेश पांचाल (27), विकास बैरवा (19) और सुनील सैनी (18 वर्ष 5 माह) को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया है। सभी आरोपी सांभरिया (शिवदासपुरा) के रहने वाले है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 1,62,500 नकद, डेल कंपनी का लैपटॉप, दुकान के शटर की चाबियां और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी विकास बैरवा पहले मुकेश कुमार की दुकान पर मजदूरी करता था। कुछ समय पहले उसने काम छोड़ दिया था। विकास को व्यापारी की पूरी दिनचर्या की जानकारी थी और उसे पता था कि व्यापारी रोज दुकान बंद कर नकदी बैग में लेकर घर जाते हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि काम छोडने के दौरान हिसाब करते समय व्यापारी ने दिवाली बोनस के दिए गए 2100 काट लिए थे। इसी बात से नाराज होकर उसने बदला लेने की ठानी और साथियों के साथ मिलकर लूट की पूरी साजिश रच डाली।

सांगानेर सदर थानाधिकारी अनिल जैमनी ने बताया कि ग्राम रामपुरा (बीलवा) निवासी मुकेश कुमार शर्मा (43) की सीतापुरा स्थित चतराला सर्किल एसबीआई बैंक के पास 'रिद्धि सिद्धि लाइट एंड सैनिट्री' नाम से फर्म है।

गत 28 अप्रैल 2026 की रात करीब 8.10 बजे मुकेश कुमार दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। दुकान से करीब 50 मीटर दूरी पर गली में मुड़ते ही बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट कार में सवार तीन बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। व्यापारी ने कुछ दूरी तक पीछा भी किया, लेकिन आरोपी भाग निकले। बैग में 3 लाख नकद, डेल कंपनी का लैपटॉप, दुकान की चाबियां, खरीद-बिक्री के बिल, पुत्र गौरव शर्मा की 10वीं कक्षा की मार्कशीट और एक कीपैड मोबाइल रखा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मोबाइल डेटा और बीटीएस तकनीक की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। पूरे मामले के खुलासे में सांगानेर सदर थाने के कांस्टेबल हनुमान (कांस्टेबल नंबर की विशेष भूमिका रही। टीम में उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह, एएसआई प्रेमचंद, हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव, राजेश, कांस्टेबल रामावतार, प्रेम चौधरी तथा डीसीपी साउथ कार्यालय की तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।

# हत्या के मामले में 20 हजार का इनामी बदमाश "धाकड़ सरकार" गिरफ्तार


## सोशल मीडिया पर बनाता था "खौफ की रील"

**जयपुर (कासं)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 20 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हत्या के बाद लगातार ठिकाने बदलकर दोस्तों के यहां पनाह ले रहा था। पुलिस ने उसे प्रताप नगर इलाके से दबोच लिया। मामले में उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजे जा चुके हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौशल नागर उर्फ 'धाकड सरकार' (26) निवासी नैनवा, बूंदी है। आरोपी को प्रताप नगर सेक्टर-35 स्थित एक अपार्टमेंट में छिपे होने की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार कौशल नागर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बूंदी निवासी चेतराम गुर्जर (30) की हत्या की थी। हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने सांगानेर क्षेत्र में स्थित अपना किराए का कमरा खाली कर दिया था और परिवार को भी दूसरे गांव में शिफ्ट कर दिया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जयपुर एयरपोर्ट के पास चाय की दुकान चलाता था। सोशल मीडिया पर वह 'धाकड़ सरकार' और 'ग्रुप सरकार' नाम से सक्रिय था।



आरोपी कौशल नागर

पुलिस के मुताबिक आरोपी थार और स्कॉर्पियो गाड़ियों के काफिले के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपनी फैन फॉलोइंग बढ़ाता था। इलाके में खौफ कायम करने के लिए मारपीट और जानलेवा हमलों की सुपारी लेने की भी बात सामने आई है। इसी कारण उसे 'कौशल सुपारी' के नाम से भी जाना जाता था।

सहायक पुलिस आयुक्त (चाकसू) भवानी सिंह ने बताया कि कौशल नागर ने पिता बनने की खुशी में 6 अप्रैल को गांव में दोस्तों को पार्टी दी थी। पार्टी के बाद लौटते समय उसके दोस्त हरकेश नागर को गांव के महेश राज गुर्जर ने रोक लिया। विवाद होने पर हरकेश ने कौशल को मौके पर बुला लिया।

इस दौरान महेशराज ने अपने चचेरे भाई चेतराम गुर्जर को भी बुला लिया। कहासुनी बढ़ने पर चेतराम और कौशल के बीच मारपीट हुई। उसी दौरान कौशल नागर ने चेतराम को देख लेने की धमकी दी थी।

इसके बाद 1 मई को चेतराम गुर्जर जयपुर के सांगानेर सदर क्षेत्र में अपने परिचित की बेटी की शादी में शामिल होने आया था। इसी दौरान आरोपियों ने गांव की रंजिश का बदला लेने के लिए उस पर लाठी और सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी।

हत्या के बाद पुलिस ने आरोपी कौशल नागर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी लगातार दोस्तों के यहां पनाह लेकर फरारी काट रहा था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में शामिल आरोपी देवांश शर्मा और विशाल मदेरणा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है। फिलहाल पुलिस मास्टरमाइंड कौशल नागर से पूछताछ कर रही है।

# वी.वी.आई.पी. मूवमेंट के चलते जयपुर में बदली यातायात व्यवस्था

■ दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक कई मार्गों पर डायवर्जन

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर शहर में 25 मई को प्रस्तावित प्रतिरक्षित व्यक्तियों (वीवीआईपी) के आवागमन को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष यातायात प्रबंध लागू किए हैं। सुरक्षा कारणों से एयरपोर्ट से आमेर तक के प्रमुख मार्गों पर दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक यातायात प्रभावित रहेगा।

यातायात पुलिस उपायुक्त जयपुर शहर योगेश गोयल के अनुसार वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से ओटीएस, जेडीए चौराहा, रामनिवास बाग, न्यू गेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक होते हुए आमेर महल तक का मार्ग उपयोग में लिया जाएगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर सामान्य यातायात को टोंक रोड, झालाना बाईपास, जवाहर नगर बाईपास, जनपथ, पृथ्वीराज रोड, तख्तेशाही रोड, एमआई रोड, गोविंद मार्ग, एमडी रोड, किशनपोल बाजार, रामगंज बाजार, घाट बाजार और दिल्ली रोड जैसे समानान्तर मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। इस दौरान हल्के भारवाहक वाहन, बस, मिनी बस और धीमी गति से चलने वाले वाहनों का संचालन वीवीआईपी आवागमन वाले मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा।

यातायात पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट से आमेर तक वीवीआईपी रूट पर सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग पूरी तरह निषिद्ध रहेगी। यातायात संबंधी जानकारी और सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1095, 2565630, 2561256 तथा व्हाट्सएप हेल्प डेस्क नंबर 8764866972 जारी किए गए है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रूप से जारी रहेगा।

# साइबर म्यूल हंटर अभियान में दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर म्यूल हंटर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बी हजार रुपये का इनामी अपराधी समुन्दर दमामी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों को अजमेर और डीडवाना-कुचामन से गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर म्यूल हंटर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए समुन्दर दमामी निवासी अजमेर और महिपाल सिंह राठौड़ निवासी डीडवाना-कुचामन को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के लोगों से किराये पर बैंक खाते लेकर उनमें साइबर ठगी की राशि ट्रांसफर करवाते थे। बाद में रकम निकालकर दूसरे खातों में रोटेट की जाती थी।

# धाकड़ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान



मंत्री हीरालाल नागर और जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को धाकड़ समाज की ओर से आयोजित समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**जयपुर (कासं)।** धाकड़ समाज सामूहिक विवाह समिति एवं राजस्थान धाकड़ समाज की ओर से रविवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, चिकित्सा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि प्रतिभाएं किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं। ऐसे सम्मान समारोह युवाओं को नई दिशा देने के साथ-साथ उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देते है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जयपुर में धाकड समाज के छात्रावास के लिए भूमि आवंटन के मुद्दे पर कहा कि वे और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर इस विषय को गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। मंत्री हीरालाल नागर ने भी कहा कि छात्रावास भूमि आवंटन से जुड़ी फाइल उनके संज्ञान में है और लगातार प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.एल. वर्मा ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक ताकत उसकी शिक्षित और जागरूक युवा पीढ़ी होती है। समारोह के दौरान महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़, भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित वेदांत धाकड़, राजस्थान पुलिस सेवा में चयनित वैशाली धाकड़, वाणिज्य कर सेवा में चयनित शीतल धाकड़, तहसीलदार राहुल धाकड़, हेमा धाकड़, डॉ. गिरीश धाकड़, डॉ. रेखा धाकड़, निशा धाकड़, हेमलता धाकड़, चंचल धाकड़, दीपिका धाकड़, अरुण धाकड़, कौशल धाकड़ और सिद्धार्थ धाकड़सहित राजस्थान लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 14 प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### अमित अध्यक्ष व सोमेश महासचिव बने



**जयपुर।** खंडेलवाल वैश्य समाज मानसरोवर (विस्तार) के हुए चुनाव में अमित गुप्ता अध्यक्ष एवं सीए सोमेश खंडेलवाल (डीग वाले) महासचिव निर्वाचित हुए, जबकि अमोल झालानी निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी दिनेश बड़ाया ने बताया कि रविवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ लेकर अपना कार्यभार संभाला। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित गुप्ता और महासचिव सीए सोमेश खंडेलवाल ने अपने संबोधन में समाज के विकास, संगठन की मजबूती और युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर अपने विजन साझा किए। उन्होंने समाजहित में विभिन्न नई योजनाओं एवं गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विमलेश तांबी, मुकेश खंडेलवाल सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### भाजपा का जनसंपर्क अभियान 5 जून से

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों को सेवा, सुशासन, विकास और जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्यों के प्रतीक बताया। बगड़ी ने कहा कि भाजपा संगठन इन 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार 5 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रत्येक मंडल स्तर पर वृक्षारोपण अभियान, 8 से 12 जून तक मीडिया संवाद, 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान, 12 से 20 जून तक जन कल्याण शिविर, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी गांव-गांव और बूथ स्तर तक जाकर आमजन से संवाद करेंगे।

### रमेश भींवाल प्रदेश प्रवक्ता बने



**जयपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के भांकरोटा निवासी रमेश भींवाल शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। रमेश भींवाल संगठन के सक्रिय, निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं। वे पूर्व में भाजयुमो जयपुर जिला इकाई में जिला मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। इसके साथ ही पार्टी संगठन द्वारा विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाती रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर से जुड़े होने के कारण भींवाल की नियुक्ति को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राजस्थान की पहली नेत्र प्लाक ब्रैकीथेरेपी सफल

## महात्मा गांधी चिकित्सालय में नेत्र कैंसर सेवाएं शुरू हुईं

**जयपुर (कासं)।** महात्मा गांधी अस्पताल के चिकित्सकों ने नेत्र कैंसर उपचार के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्थान की पहली नेत्र प्लाक ब्रैकीथेरेपी प्रक्रिया सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। एक ऐसी महिला मरीज का यह उपचार किया गया, जिसकी एक आंख पहले ही संक्रमण के कारण जा चुकी थी तथा दूसरी आंख में गंभीर कैंसर विकसित हो गया था। उल्लेखनीय है कि अस्पताल में अत्याधुनिक नेत्र कैंसर उपचार सेवाएं शुरू हो गई हैं।



नेत्र कैंसर विशेषज्ञ डॉ रोलिका बंसल ने बताया कि अब तक नेत्र कैंसर के मामलों में आंख को निकालना ही एकमात्र विकल्प माना जाता था, लेकिन अब नेत्र प्लाक ब्रैकीथेरेपी जैसी आधुनिक तकनीक से मरीज की आंख और दृष्टि दोनों को सुरक्षित रखने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि 72 वर्षीय महिला मरीज की एक आंख लगभग 30 वर्ष पूर्व संक्रमण के कारण नष्ट हो चुकी थी, ऐसे में दूसरी आंख को बचाना चिकित्सकों के लिए बड़ी चुनौती था। विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से सफल उपचार कर मरीज की दृष्टि एवं आंख को सुरक्षित रखने में सफलता प्राप्त की। रोगी अब स्वास्थ्य लाभ ले रही है। इस ऑपरेशन को नेत्र रोग विभाग, रेडिएशन, न्यूक्लियर मेडिसिन, कैंसर रोग विभाग एवं निश्चेतना विभाग की संयुक्त टीम ने सफल बनाया।

डॉ. रोलिका बंसल के बताया कि अस्पताल में नेत्र कैंसर एवं नेत्र पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के लिए विशेष उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें रेटिनोब्लास्टोमा, यूवियल मेलानोमा, कंजक्टाइवल कैंसर, ऑर्बिटल ट्यूमर, पलकों के कैंसर सहित कई जटिल रोगों का अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेत्र रोगियों को इन सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता अब नहीं रही।

# कुंवर प्रताप सिंह बारहट के शहादत दिवस पर निकाली "शौर्य यात्रा"



**जयपुर।** किरण क्रांति फाउंडेशन के तत्वावधान में कुंवर प्रताप सिंह बारहट की शहादत दिवस एवं पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जयपुर में 'शौर्य यात्रा' निकाली गई। कार्यक्रम में लगभग 400-500 युवाओं, मातृशक्ति और सर्व समाज के लोगों ने भाग लेकर देशभक्त को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शौर्य यात्रा की शुरुआत पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और पूर्व मंत्री एवं सेवानिवृत्त आईएएस सीडी देवल द्वारा मशाल प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान पंजाबी बैंड की राष्ट्रधुन के साथ युवाओं ने प्रताप की जय जयकार, अमर रहे प्रताप हमारा, वंदे मातरम और भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए। किरण क्रांति फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉक्टर किरन देवल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाना है। महज 25 वर्ष की आयु में कुंवर प्रताप सिंह बारहट ने अंग्रेजों की यातनाओं के बावजूद क्रांतिकारियों के नाम नहीं बताए और हँसते-हँसते फाँसी के फंदे को चूम लिया, जिनका पूरा कुनबा देश के लिए समर्पित हो गया, उनकी शहादत आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है जो छोटी-छोटी परिस्थितियों में हार मान लेती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, कार्यकारिणी सदस्य और मातृशक्ति शामिल हुई डॉ. किरन ने बताया कि देशभक्त किसी एक जाति या समाज के नहीं होते, वे राष्ट्र के लिए समर्पित होते हैं। इसलिए हर धर्म, प्रांत और मजहब के लोगों ने एकजुट होकर श्रद्धांजलि दी। डॉक्टर किरण ने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे ताकि बच्चों और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत कर सके।

# राजस्थान में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, पेपरलीक और महंगाई पर ध्यान दे भाजपा : टीकाराम जूली

## राहुल गांधी के बयानों पर भाजपा नेताओं की बयानबाजी को लेकर नेता प्रतिपक्ष का कटाक्ष

■ नीट परीक्षा घोटाले और मानसिक तनाव के कारण प्रदीप मेघवाल जैसे होनहार युवक ने आत्महत्या कर ली, लेकिन प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना तक व्यक्त नहीं की।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा के नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय राजस्थान और देश की वास्तविक चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राहुल गांधी के बयानों पर बेवजह की बयानबाजी करने वाले भाजपा नेता आज राजस्थान में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था, नीट पेपर लीक और आसमान छूती महंगाई जैसे गंभीर मुद्दों पर पूरी तरह से चुप्पी साधे बैठे हैं। जूली ने कड़े शब्दों में कहा कि आज राजस्थान दुष्कर्म के मामलों में देश में नंबर-1 बन चुका है, जहां महिलाएं और मासूम बच्चियां भाजपा सरकार का जंगलराज भुगतने को मजबूर हैं। जूली ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की साल 2024 की रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि महिलाओं से दुष्कर्म के मामलों में आज राजस्थान पूरे देश में पहले पायदान पर आकर खड़ा हो गया है। हकीकत यह है कि दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान 4871 मुकदमों के साथ देश में शीर्ष स्थान पर है, जो प्रदेश की कानून व्यवस्था की बदहाली की जीती-जागती और बेहद शर्मनाक तस्वीर है। इसलिए इसलिए भाजपा नेताओं को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय अपना वक़्त और ऊर्जा राजस्थान में बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था को सुधारने में लगाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल पर देश और प्रदेशवासियों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि देश में महिला आरक्षण की कोई वास्तविक पैरोकार रही है, तो वह सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी रही है। असल में भाजपा का असली मकसद कभी महिला आरक्षण देना था ही नहीं, बल्कि इनका छिपा हुआ एजेंडा देश के संघीय ढांचे को बदलना था। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के चुनाव के दौरान राजनीतिक फायदा लेने के लिए विशेष सत्र बुलाया और अब ये लोग परिसीमन के नाम पर केवल अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति करना चाहते हैं, जिसे सभी विपक्षी दल भली-भांति समझ चुके हैं। यही वजह है कि चुनाव खत्म होने के बाद अब ये इस विषय पर चर्चा तक नहीं कर रहे हैं, जबकि महिला आरक्षण का बिल तो पहले ही सर्वसम्मति से पास हो चुका था, जिससे साफ है कि महिलाओं को हक देने की इनकी कोई मंशा ही नहीं है।

जूली ने कहा कि अर्जुनराम मेघवाल लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर भी देश को भ्रमित करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। आज सिर्फ राहुल ही नहीं, बल्कि पूरा देश इस बात को गहराई से महसूस कर रहा है कि मोदी सरकार के शासन में किस कदर महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, देश की अर्थव्यवस्था का पूरी तरह से डब्बा गोल हो चुका है और आम लोगों को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए लाइनों में खड़ा कर दिया गया है। आज समाज के हर वर्ग में गहरी निराशा व्याप्त है और जनता महसूस कर रही है कि भाजपा ने उनके साथ धोखा और गद्दारी की है। नीट पेपर लीक पर चुप्पी और प्रदीप मेघवाल की आत्महत्या पर भाजपा संवेदनहीन, राहुल जी क्या गलत बोल रहे हैं?

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीट का पेपर तीन-तीन बार लीक हो गया, लेकिन भाजपा सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही और राजस्थान में तो इस मामले में एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई, जो युवाओं के साथ सरासर गद्दारी है। इस परीक्षा घोटाले और मानसिक तनाव के कारण प्रदीप मेघवाल जैसे होनहार युवक ने आत्महत्या कर ली, लेकिन क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री या स्वयं अर्जुनराम मेघवाल ने उसके परिवार के प्रति शोक संवेदना का एक शब्द भी व्यक्त किया?

# जयपुर डिस्कॉम अलर्ट मोड पर

## लोड बैलेंसिंग के लिए अभियंता दे रहे रात्रि 'पहरा'





**जयपुर (कासं)।** गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए जयपुर विद्युत वितरण निगम के अभियंता देर रात तक जाग कर 'पहरा' दे रहे हैं। निगम के सिटी सर्किल उत्तर एवं दक्षिण में कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता तथा अधिशासी अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है और वे दिन भर ऑफिस में काम करने के बाद रात 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक पीक ऑवर्स के दौरान फील्ड में उतर जाते हैं।

इस दौरान वे अपने सब डिविजन एवं डिविजन में हैवी लोड वाले जीएसएस, फीडर, ट्रांसफॉर्मरों या पिलर बॉक्स को चेक करते हैं। जिन एरिया में लोड अधिक है, उसे कम विद्युत भार वाले दूसरे ट्रांसफार्मर, 11 केवी या 33 केवी फीडर अथवा जीएसएस पर शिफ्ट कर उसी समय लोड बैलेंसिंग करते हैं। बढ़े हुए भार के अनुरूप ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की प्लानिंग भी इसी नाइट विजिलेंस का पार्ट है। इस दौरान एफआरटी टीम की अलर्टनैस, खंड कार्यालयों में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से शिकायतों के निराकरण आदि को भी मापा जाता है। निरीक्षण के फोटो सर्किल ऑफिसर्स के ग्रुप में शेयर किए जाते हैं। इससे ट्रिपिंग तथा नो करंट संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण में मदद मिल रही है। साथ ही वोल्टेज में उतार-चढ़ाव की समस्या को भी दूर किया जा रहा है। समय पर लोड शिफ्ट हो जाने से ट्रांसफॉर्मरों के जलने की घटनाओं को भी कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, पीक ऑवर्स में ग्रिड को भी संतुलित किया जा सकेगा। जयपुर डिस्कॉम सीएमडी आरती डोगरा के निर्देश पर दोनों सर्किलों में 18 मई से अभियंताओं की ड्यूटी लगाई गई है।



## National Wine Day: A Toast to Tradition and Taste

National Wine Day celebrates the timeless charm of one of the world's oldest and most loved beverages. Observed on May 25, the day encourages people to explore new varieties, learn about winemaking traditions, and appreciate the cultural stories behind every bottle. From rich reds and crisp whites to sparkling favourites, wine brings people together over shared meals and conversations. It's also a reminder to support local vineyards and discover emerging wine regions. Whether enjoyed at a dinner table or a quiet evening at home, National Wine Day invites everyone to raise a glass to craftsmanship, heritage, and simple moments of joy.

#BEFORE SUEZ

# Darius I's Forgotten Waterway

This canal was not only about commerce, it was also about power. By controlling such a critical route, Darius I enhanced Persia's naval mobility and influence





Long before the modern Suez Canal reshaped global trade in the 19th century, an ambitious attempt to connect major seas had already taken place more than two millennia earlier. Around 500 BCE, the Persian emperor Darius I ordered the construction of a canal that linked the Nile River to the Red Sea, creating, in effect, an early precursor to the Suez Canal.

This was no minor project. Historical accounts suggest that as many as 120,000 workers laboured for nearly a decade to carve the waterway through harsh desert terrain. The canal was reportedly wide enough, around 150 feet, to allow ships to pass through, making it a significant engineering achievement for its time. By connecting waterways, Persian vessels could travel from the Persian Gulf towards the Mediterranean region without undertaking the long and dangerous journey around Africa.

While the canal did not directly link the Mediterranean Sea as the modern Suez Canal does, it connected to the Nile, which then flowed north into the Mediterranean Sea. This indirect route still revolutionized transportation and trade. It opened more efficient channels between Asia and parts of Europe, strengthening the Persian Empire's economic and strategic position.


But this canal was not only about commerce, it was also about power. By controlling such a critical route, Darius I enhanced Persia's naval mobility and influence. The ability to move ships and goods more efficiently meant greater control over trade networks and military logistics. In many ways, the canal symbolized imperial ambition as much as practical innovation.


The engineering itself was remarkable. Constructed using ancient tools and techniques, parts of the canal remained navigable for centuries, some sources suggest nearly a thousand years. Along its route, Darius left inscriptions carved into stone, proclaiming his achievement. These inscriptions were more than records; they were declarations of dominance, suggesting that the empire had not only conquered lands but had also reshaped nature itself.

Over time, however, the canal fell into disuse. Changing political powers, shifting trade routes, and the difficulty of maintaining such a structure in a desert environment contributed to its gradual decline. Eventually, it was abandoned and largely forgotten.

Its story resurfaced much later, during the 1798 expedition of Napoleon Bonaparte to Egypt. French engineers and scholars accompanying Napoleon rediscovered traces of this ancient waterway. The discovery sparked renewed interest in the idea of linking the seas directly. Inspired by these remnants, French planners would later play a key role in constructing the modern Suez Canal in the 19th century.

The ancient canal of Darius I stands as a testament to early human ingenuity and ambition. Though it lacked the scale and permanence of today's Suez Canal, it revealed a powerful idea: that geography itself could be reshaped to serve human goals. In doing so, it laid the conceptual groundwork for one of the most important waterways in the modern world.







Truly, the standard of Hyderabadi Biryani is the same and superb, no matter where you eat it. Proof that all cooks are related. The immense variety of dishes is testimony to the imagination of those cooks, who take the same four ingredients, meat, rice, spices, vegetables, and produce things that are distinct, yet related and complementary to each other. You can't imagine Biryani without Mirchion ka Salan. But what is their similarity? None at all. Yet, one is not complete without the other.



# Past, Present, Future

#HOMECOMING



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and Wildlife Conservationist*



We have been in America for the past six years in a lovely small town (they call it City, in America) called West Springfield, South of Boston. Typical small-town America. Quiet roads, nice neighbours, safe environment, gardens, songbirds, the occasional bear passing by checking on the bird feeders. Magnolias blooming in spring, very briefly but spectacularly. Then, the not so long summer followed by a brilliant fall, like a glorious sunset before nightfall. Winter, white, long, dark and very cold. Even there, the beauty of this world is extraordinary, the sight of snow ploughs with full lights on, clearing snow at 3.00 AM after the storm has ended, a sign simultaneously of duty, concern for others, and simply beautiful. And the circle continues.

Hyderabad is both the same and changed. Same friends, some older and weaker, and others older and stronger. Their children being introduced to me. A name they have heard and so call me, Thatha, and my wife Ammamma, or Dada and Dadi. A penny for their thoughts?? Na!!! I prefer to remain content with my imagination. All chickens don't have feathers.

Old friends among others in Hyderabad, imagine my joy, early in the morning after our arrival, hearing the liquid warble of the Red-vented Bulbul! It is a good thing that birds don't know the names we give them. Imagine being named after the colour of your derrière. I almost had tears in my eyes (where else??). I hadn't realized how much I had missed hearing that call.

Mr. Northern Cardinal, who serenades me from his perch on the tree outside my window in West Springfield, no offense meant. I miss you here. Greetings to you and Mrs. Cardinal. Both of them are the source of joy and inspiration for me for six years.

Back in Hyderabad, at 10.00 PM, calls the Koel (Asian Koel, Eudynamys scolopaceus). I suspect it lives in the mango tree next door and suffers from insomnia.

Then, there are the Purple Sunbirds (Cinnyris asiaticus) that live in my garden. The male turns into dark, metallic blue-purple during breeding season, while the female is olive-yellow. It is a joy seeing them flitting from flower to flower as they eat nectar, or drink it, I suppose. They also eat small insects.

Then, there are the Green Bee-eaters, who perch on a branch and swoop up, catch an insect which I can't even see, and swoop down to the same perch. That makes them easy to photograph because all you need to do is to point your camera at the perch, and sure enough, it will come to you. What is very endearing is how they sometimes sit huddled together to get some warmth on chilly mornings. Many a time, it is a dragonfly, the insect predator, which becomes prey. Sobering to remember that they fly across the Indian Ocean from Mozambique, on the monsoon winds, to breed in India. To become a snack for a Bee-eater after that monumental journey is sad indeed.

Same great food. Truly, the standard of Hyderabadi Biryani is the same and superb, no matter where you eat it. Proof that all cooks are related. The immense variety of dishes is testimony to the imagination of those cooks, who take the same four ingredients, meat, rice, spices, vegetables, and produce things that are distinct, yet related and complementary to each other. You can't imagine Biryani without Mirchion ka Salan. But what is their similarity? None at all. Yet, one is not complete without the other.

I wish we could do the same with our social and community relations, which seem to have gone south. Such a pity because this brother and sisterhood was something that I grew up with and felt so proud of. True, there are still those who keep the flag flying and the lamp burning in the dark, cold, windy night of an alternative existence, which I hope we will be able to avoid. I have the highest opinion of Indian intelligence and can't believe that all of us will fall prey to the effect of WhatsApp university education so easily. I hope the poet spoke the truth when he said:

मैं अकेला ही चला था
जानिब-ए-मंजिल मगर
लोग साथ आते गये और
कारवाँ बनता गया।।
-मजरूहसुल्तानपुरी

(I had started alone towards my destination but people kept joining me and the caravan kept growing.- Majrooh Sultanpuri)

That is my hope. So, when I feel alone, I repeat to myself, what someone else said: If not you, then who? If not now, then when? And I remind myself of my own motto: I will not allow what is not in my control to prevent me from doing what is in my control.

What is different is unimaginable traffic on the roads which proves that if there is a will, there is a way, someone will move and you can inch ahead, burning fossil fuel (directly or indirectly in electric cars). Experiencing what your toothpaste feels every day when you force it onto your brush. Given the traffic and the way we make it ten times worse by our total single-minded focus on ourselves with complete disregard for everyone else, it is a wonder that you don't see people killing each other at every turn. But they don't. They just move ahead.

Depending on who you are driving with, you also have the opportunity to listen to some of the most colourful descriptions of people's ancestry in choice Dakni or Telangana Telugu. That is when you are so thankful for the traffic without which you would not have had this education about the unending possibilities in lineage.

Another amazing change that I see is the proliferation of jewelry and bridal wear shops all over the city. On the side road (not a main thoroughfare) that we live on, there are four new ones which were not there six years ago. So, it looks like the position of India as the most populous country remains assured well into the future. I suppose if people have the money to buy gold and spend on lavish weddings, it is good for the economy. Or is it a sign of desperation?

As we spoke, we were into April, a month that promises glorious heat and mangoes. Ask the value of heat for a Hyderabadi who lived through six minus 20 Celsius winters. The Mango, truly the king of fruits, and any fear of diabetes be damned. After all, why do they have Metformin? Yes, there are mangoes in America, from Mexico. Mangoes from Mexico? Can you imagine that? Don't. That would be like imagining tortillas from Hyderabad. Come to Hyderabad and taste the Himayats, and Beynishans, and Pedda and Chinna Rasaals. And if you wait a couple of months, then the Langda, Chausas and Daseris from Maleehabad.

Then, replete, fully fed up and fulfilled, you see life in a totally different light.

rajeshsharma1049@gmail.com

#MEDICINE

# Humans May Soon Be Able to Regrow Lost Teeth Naturally

Researchers suspect that our genetics may still contain inactive pathways capable of producing additional teeth under the right conditions

For generations, losing an adult tooth has been considered permanent. Once a natural tooth was gone, the only available solutions were artificial replacements like dentures, bridges, or dental implants. But that reality may soon change forever.

In one of the most exciting breakthroughs in regenerative medicine, Japanese researchers have officially begun human clinical trials for a revolutionary treatment designed to help humans grow entirely new teeth naturally.

The treatment focuses on activating the body's hidden biological ability to regenerate teeth, something scientists once believed was impossible.




### A Groundbreaking Discovery

Unlike bones, which can naturally repair and regrow themselves after injury, teeth do not possess the same regenerative ability. Even though teeth are among the hardest materials in the human body, they cannot heal or regrow once permanently damaged or lost.

Now, scientists from Kyoto University and Kitano Hospital believe they may have found a way to change that.

Researchers have spent years studying a protein called USAG-1, a molecule that naturally suppresses tooth growth. In earlier laboratory experiments involving mice and ferrets, scientists discovered that blocking this protein successfully triggered the growth of entirely new teeth.

What makes this discovery so remarkable is that the newly formed teeth were not artificial replacements, they were real biological teeth with natural roots and proper integration into the jawbone.

### The Hidden "Third Set" of Teeth

Scientists now believe that humans may carry dormant "third tooth buds" hidden within the jaw. Humans normally develop two sets of teeth during their lifetime:

- Baby teeth
- Permanent adult teeth



However, researchers suspect that our genetics may still contain inactive pathways capable of producing additional teeth under the right conditions. The experimental treatment aims to reactivate those dormant biological mechanisms. Some rare medical conditions, where individuals naturally develop extra teeth, have strengthened the theory that humans may already possess the genetic blueprint for additional tooth growth.

### Human Trials Are Underway

The first phase of human clinical trials officially began in September 2024. The study currently involves 30 adult male participants between the ages of 30 and 64 who are each missing at least one tooth. Researchers are administering the treatment intravenously to evaluate both safety and effectiveness.

So far, previous animal studies have shown promising results without major side effects. If the initial phase proves successful, the next stage of testing will involve children aged 2 to 7 who suffer from congenital tooth deficiencies, conditions where multiple permanent teeth never develop naturally. Researchers hope that the treatment could eventually become publicly available by around 2030.


### The Future of Tooth Regeneration

The implications of this research extend far beyond cosmetic dentistry. Tooth loss can impact nutrition, speech, confidence, and overall health. A treatment capable of restoring living teeth naturally could dramatically improve quality of life for countless individuals. Although the research is still in its early stages, the progress already achieved has generated enormous excitement within the scientific and medical communities. What once sounded like science fiction is now becoming a real possibility.

For the first time in history, humans may be on the verge of regrowing their own teeth naturally, opening the door to an entirely new future in medicine and dentistry.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा में लग्जरी कारों से 14 लाख की अवैध शराब की बरामद, पांच गिरफ्तार

## थाना चेचट द्वारा की गई कार्रवाई में तीन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये

**कोटा, (निसं)।** अवैध शराब तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत् ग्रामीण की थाना मंडाना व थाना चेचट व साइबर की स्पेशल टीमों ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए तीन लगजरी वाहनों से अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है, जिसकी कीमत करीब 14 लाख 50 हजार रूपये बताई गई। मामले में सामने आया कि थाना चेचट द्वारा की गई कार्रवाई में तीन तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये, वहीं मंडाना पुलिस टीम द्वारा की गई दो कार्रवाई में पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

- **कोटा ग्रामीण की थाना मंडाना व थाना चेचट व साइबर की स्पेशल टीमों ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए तीन लगजरी वाहनों से अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी**

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि थानाधिकारी थाना चेचट मय जाप्ता के गश्त व चौकिंग करते हुए 8 लाईन इन्टरचेंज चेचट की पुलिया दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस वे के नीचे पहुंचकर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की चैकिंग की जा रही थी, उसी दौरान गुजरात नम्बर की कार मैन टॉल की तरफ से चेचट इन्टरचेंज के तरफ आती हुई दिखी, पुलिस टीम कार को रुकवाना चाहा तो वाहन चालक ने अपनी कार की स्पीड बढ़ा दी जिस पर संदेह होने पर जाप्ता की मदद से गाड़ी के आगे बैरिकेट लगाकर कार को रोकना चाहा, लेकिन कार चालक अपनी कार को तेज गति से रोड पर लगे बेरीकेट व रोड से नीचे जूम में रखे सीमेण्ट के ब्लॉक को टक्कर मारकर गाड़ी को घुमाकर चेचट की तरफ भगाकर ले गया। जिस पर पुलिस टीम ने कार का पीछा किया तो कार चालक कार को मोड़क की तरफ भगा ले गया बाद में बड़ोदिया टॉल से कार को गुमाकर वापस चेचट की तरफ ले गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि बड़ोदिया तिराहा पर कार को छोड़कर तीनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खेते की तरफ भाग गये। पुलिस टीम ने भागे हुए मुल्जिमों को खेतों में काफी तलाश किया परन्तु कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार में से 2860 अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किये।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि मंडाना थानाधिकारी ने मय जाप्ता कार्रवाई करते हुए दो दिन की कार्रवाई में अवैध शराब के साथ पांच तस्करों को पकड़ा है। मंडाना थानाधिकारी मय जाप्ता काल्याखेड़ी में नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की, उसी दौरान एक कार आती हुई दिखी, पुलिस नाकाबंदी को देखकर कार चालक ने कार को घुमाने का प्रयास करने लगा, मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रूकवाया और कार में बैठे तीन जनों पर संदेह होने पर मौके पर डिटेन कर कार की तलाशी ली गई तो कार में से अवैध शराब की अलग-अलग ब्रांडों की 166 हाईब्रांड शराब की बोतलें और 48 पव्वे बरामद किये गये। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विजयनगर सूरत निवासी किरिट भाई (55) सूरत निवासी राहुल महेश भाई (36) सूरत निवासी कन्नु भाई (40) को गिरफ्तार किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंडाना पुलिस टीम ने एनएच 52 पर नाकाबंदी कर वाहनो की चैकिंग की, इसी दौरान टीम के सदस्य लाखन सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि काल्याखेड़ी के पास हाइवे के रेस्ट एरिया में एक सफेद रंग की गुजरात नंबर की कार काफी देर से खड़ी हुई है, जिसमें दो लड़के हैं जो बार-बार हाईवे की तरफ आते हैं ओर वापस कार के पास चले जाते हैं उक्त कार संदिग्ध हो सकती है। सूचना पर मदनलाल ढाका प्रोबेशनर आरपीएस मय जाप्ता गोपालपुरा कट से रवाना होकर काल्याखेड़ी एनएच 52 के रेस्ट ऐरिया के पास पहुंचे तभी रेस्ट ऐरिया में खड़ी हुई सफेद रंग की एक कार पुलिस वाहन को देखकर झालावाड़ की रोड जाने के लिये रवाना हुई पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रूकवाया और कार में बैठे दोनों व्यक्तियों को डिटेन किया गया। पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार में से 1088 अंग्रेजी शराब के पव्वे बरामद किये गये। पुलिस टीम ने बाड़मेर निवासी कृष्ण कुमार (23) एवं बाडमेर निवासी रघुनाथ राम (18) को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों द्वारा पकडी गई अवैध शराब की कीमत करीब 14 लाख 50 हजार रूपये है।

# टोंक के धुंधलेश्वर महादेव पहाड़ पर महात्मा का शव मिला

## पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाये

**टोंक, (निसं)।** घाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध धुंधलेश्वर महादेव मंदिर के ऊपरी पहाड़ पर शनिवार को एक महात्मा का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर शनिवार देर रात्रि घाड़ थाना पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाकर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

- **मृतक के पास मिले सामान की तलाशी में ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ, इससे महात्मा की पहचान गुजरात निवासी के रूप में हुई**
- **पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और शव को दूनी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है**

घाड थाना प्रभारी हरीराम वर्मा ने बताया कि मृतक के पास मिले सामान की तलाशी में एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद हुआ है, इससे उनकी पहचान गुजरात निवासी महात्मा के रूप में हुई है। उनके सामान से 10,510 रुपये नकद और 5 रुपये के दो सिक्के भी मिले हैं। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और शव को दूनी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

मंदिर के पुजारी हेमराज ने जानकारी दी कि कुछ दिनों पहले यह महात्मा मंदिर में आए थे। पुजारी ने उनके रहने और भोजन-दूध की व्यवस्था की थी। पुजारी के अनुसार तीसरे दिन सुबह जब मैं सेवा-पूजा के लिए दूध लेकर पहुंचा, तो महात्मा वहां नहीं थे। वे सुबह जल्दी ही स्नान करके कहीं निकल गए थे।

मंदिर के पुजारी हेमराज ने जानकारी दी कि महात्मा के अचानक चले जाने के कुछ दिनों बाद उनकी पत्नी गुजरात से उन्हें ढूंढते हुए धुंधलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची थीं। जब उन्हें पता चला कि महात्मा यहां से जा चुके हैं, तो वे पुजारी को अपना मोबाइल नंबर देकर गई थीं, ताकि कोई सुराग मिलने पर उन्हें सूचित किया जा सके। पुलिस को जांच के दौरान महात्मा के सामान से एक डायरी (कॉपी) भी मिली है, जिसमें वे कथाएं लिखा करते थे, इस डायरी में अंतिम कथा 8 मार्च को लिखी गई थी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में एकांत समाधि की चर्चा है।

इधर, ग्रामीणों और स्थानीय क्षेत्र के लोगों में चर्चा है कि महात्मा ने इस निर्जन और शांत पहाड़ी पर आकर एकांत समाधि ली है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

# भरतपुर में श्रद्धालुओं की पिकअप ट्रक से भिड़ी, एक दर्जन लोग घायल

## डीग-गोवर्धन मार्ग स्थित बहज गांव के पास हादसा हुआ, कई गंभीर घायल भरतपुर रेफर किये

**भरतपुर, (निसं)।** डीग-गोवर्धन मार्ग स्थित बहज गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक और यात्रियों से भरी पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। पिकअप में सवार बच्चे, बुजुर्ग समेत एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर डीग राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर एक दर्जन से अधिक घायलों को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया।

- **पिकअप सवार लोग रामपुर-बानसूर क्षेत्र से वृंदावन सवामणी के लिए जा रहे थे**



अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

जानकारी के अनुसार सभी लोग रामपुर-बानसूर क्षेत्र से पिकअप में सवार होकर वृंदावन सवामनी के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान गोवर्धन की ओर से आ रहे ट्रक से बहज गांव के पास उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। आरबीएम अस्पताल के डॉक्टर विवेक शर्मा ने बताया कि हादसे में बूढ़े, बच्चे और युवा सभी घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल की इमरजेंसी में लाकर एक्स-रे और प्राथमिक जांच कराई गई है। जिन मरीजों के फ्रैक्चर पाए गए हैं, उन्हें ऑर्थो वार्ड और सर्जरी वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# 14 साल बाद भी नहीं मिली सफाई कर्मचारी की नौकरी, 329 अभ्यर्थी थाने पहुंचे

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अटकी नियुक्ति, रिश्तेदारों को नौकरी दिलाने का आरोप

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर निगम की साल 2012 की सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर चयनित 329 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में बाधा डालने का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों ने अखेपुरा थाने में शिकायत दी है।

- **आरोप है कि साल 2012 में 329 पदों पर हुई भर्ती में चयनित होने के बावजूद 14 वर्षों से नियुक्ति नहीं मिल सकी है**



सफाई कर्मचारी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने अखेपुरा थाने में शिकायत दी।

अभ्यर्थियों ने हजूरी गेट वाल्मीकि बस्ती निवासी पूर्व नगर पार्षद आशा चांवरिया और उनके पति दौलतराम चांवरिया पुत्र प्रभातीराम के खिलाफ नामजद शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि साल 2012 में 329 पदों पर हुई भर्ती में चयनित होने के बावजूद उन्हें पिछले 14 वर्षों से नियुक्ति नहीं मिल सकी है। राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश और स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों के बाद अब नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, लेकिन आशा चांवरिया और दौलतराम चांवरिया द्वारा लगातार झूठी शिकायतें, आरटीआई और न्यायालय में मामला लंबित होने की गलत जानकारी देकर प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न की जा रही है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि आशा चांवरिया और दौलतराम चांवरिया भर्ती प्रक्रिया को रद्द करवाना चाहते हैं ताकि उनके रिश्तेदारों को नौकरी मिल सके। 2012 की सफाई कर्मचारी भर्ती में अनियमितताओं के आरोप लगे थे, जिसके कारण यह भर्ती विवादों में रही है। इस मामले में कई याचिकाएं हाईकोर्ट में दायर की गई थीं। अभ्यर्थियों ने शिकायत में बताया कि भर्ती प्रक्रिया को लेकर पूर्व में दायर याचिका संख्या 2189/2014 का निस्तारण हो चुका है और सुनवाई के दौरान कोई ठोस साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इसके बावजूद लगातार आपत्तियां उठाकर चयनित अभ्यर्थियों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है।

रविवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अखेपुरा थाने पहुंचे और दोनों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, झूठी शिकायतें करने और अभ्यर्थियों को परेशान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन और धरना दिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

### डकैती की वारदात में प्रयुक्त वाहन चरखी दादरी से जब्त

**मुकुन्दगढ़, (निसं)।** जिले के मुकुन्दगढ़ थाना क्षेत्र में हुए चर्चित डकैती और अपहरण प्रकरण में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुकुन्दगढ़ थाना पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त वाहन को हरियाणा के चरखी दादरी क्षेत्र से बरामद कर जब्त कर लिया है। मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कार्रवाई मुकुन्दगढ़ थानाधिकारी ताराचंद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 19 मार्च 2026 को भोजासर निवासी रामनिवास ने मुकुन्दगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई सुरेन्द्र और महिपाल फॉर्च्यूनर गाड़ी से जयपुर गए थे। लौटते समय घोड़ीवारा कलां स्कूल के पास रात करीब 11 बजे एक बलेनो कार ने उनकी गाड़ी के आगे वाहन लगाकर रोक लिया। आरोपियों ने फायरिंग कर गाड़ी का शीशा तोड़ा और दोनों का अपहरण कर लिया। इसके बाद बदमाशों ने व्हाट्सएप मैसेज भेजकर 20 लाख रूपए की फिरौती मांगी तथा जान से मारने की धमकी दी।

# 'कुमार अजय की नई किताब आधुनिक डायरी विधा को समृद्ध करने वाली है'

**जयपुर।** कुमार अजय की नई किताब 'आत्माओं में घुले दुःख' आधुनिक डायरी विधा को समृद्ध करने वाली किताब है। साधारण घटनाओं और रोजमर्रा की बातों की शुरू होकर डायरी कुछ ही पंक्तियों में ऐसे चरम पर पहुंचती है कि पाठक चमत्कृत होकर रह जाता है। यूं हिंदी साहित्य में डायरी लेखन कोई नई विधा नहीं। अनेक प्रसिद्ध लेखकों की डायरियां हमें मिल जाती हैं मगर यह डायरी डायरी विधा में मनोवैज्ञानिक चिंतन को आत्मसात करती है। डायरी का अधिकतर कालखंड कोरोना समय है, हालांकि इस कालखंड की भयावता पर अभी तक उतना लेखन नहीं हो पाया है। यह एक प्रश्न पाठकों को सोचने पर मजबूर कर सकता है। 2 दिसंबर, 2018 से 31 दिसंबर, 2022 के बीच के कालखंड की यह डायरी कोरोना महामारी के पहले और बाद के परिवेश में पाठकों को तुलना करने का भी मौका देती है। अपनी किताब में कुमार अजय 'जिंदगी खूबसूरत है' के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ते जाते हैं और उम्मीद का दीपक तेज हवाओं के झोंके से भी बुझने नहीं देते।

कुमार अजय का अनुभव क्षेत्र विस्तृत है, पत्रकारिता से जुड़े होने के कारण उनमें मानवीय संबंधों के गहराई तक पोस्टमार्टम की कला भी खूब है। 'बिना काम के आदमी को कौन याद करता है' पाठ में वह लिखते हैं 'जहां आस्था है, वहां व्यापार भी है। व्यापार है, वहां समृद्धि भी है। समृद्धि है तो फिर अटलिकाएँ हैं।' इसी प्रकार 'धीमी आंच की लज्जत' पाठ में वह कहते हैं 'कुछ लोग इतने मासूम होते हैं कि सामने वाले को भी उतना ही मासूम समझते हैं और सारा सच जानते हुए भी उनका झूठ सुनते रहना कितना मजेदार होता है' हमें प्रेमचंद के गोदान के पात्रों की याद दिला देता है। डायरी में कुमार अजय अपनी आलोचकीय टीप से पाठकों को चमत्कृत कर देते हैं, 'तुगलक', 'हयवदन', 'ययाति' जैसी कालजयी कृतियों पर वह अपनी आलोचकीय प्रतिभा का दिग्दर्शन करवाते हुए प्रभावित करते हैं। कुमार अजय की डायरी, डायरी के मूल तत्वों निजता, सत्यता और आत्मीयता से परिपूर्ण है। 'प्रेम की राह' में उनकी पंक्तियां, 'जिनका आना हमारे लिए किसी स्वप्न के सच होने जैसा हो, उनका जाना कितना मारक और पीड़दायक होता होगा' पाठक की आत्मा के भीतर कहीं गहरे तक उतरती हैं। ऐसी पंक्तियां मात्र शब्द न होकर लेखक के संपूर्ण व्यक्तित्व की ईमानदारी और सच्चाई को बयां करती है। अपने भोगे हुए को यूं सार्वजनिक कर व्यष्टि से समष्टि की ओर ले जाना ही सच्चा लेखन है, जिस पर अजय की डायरी 'आत्माओं में घुले दुख' खरी उतरती है। पुस्तक के आरंभ में लेखक का समर्पण, 'संघर्ष की उन धुनों को जो सुख के इन दिनों का पार्श्व संगीत है' अपने आप में पूरे दर्शन को समेट कर पाठकों के सामने रखता है और साथ ही इस डायरी 'आत्माओं में घुले दुख' के शीर्षक को खोलकर रख देता है, जैसे लेखक कह रहा हो कि हम अपनी आत्मा तक पहुंचें और उसमें घुले दुखों से अपने अंदर के मनुष्य को मांज कर आगे बढ़ें। एक किरण अंधेरे में उजास भरने वास्ते सक्षम होती है।

### तस्कर गिरफ्तार

**पाटन, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 510 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे आरोपी एवं न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों में वांछित तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 23 मई को थाना पाटन पुलिस द्वारा लोकल स्पेशल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दलपतपुरा निवासी रामजीलाल पुत्र जयनारायण के कब्जे से 510 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

# एसआई भर्ती पुनः परीक्षा-2021 : अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आगामी 20 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक भर्ती पुनः परीक्षा-2021 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने उन अभ्यर्थियों को राहत दी है, जो अपने ऑनलाइन आवेदन में प्रयुक्त एकल साइन-ऑन पहचान संख्या भूल चुके हैं और आवेदन में संशोधन अथवा अनिवार्य केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा के पात्र अभ्यर्थियों का आवश्यक विवरण आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस सूची में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, आवेदन क्रमांक तथा आवेदन के समय प्रयुक्त मूल एकल साइन-ऑन पहचान संख्या अंकित है। अभ्यर्थी वहां से अपनी पहचान संख्या की जानकारी प्राप्त कर संशोधन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर संदेश के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं एकल साइन-ऑन पहचान संख्या की जानकारी भी भेजी जा रही है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों का पुराना मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल बदल चुका है और सत्यापन प्रक्रिया में समस्या आ रही है, वे निःशुल्क संशोधन करवा सकते हैं।

# बाड़मेर में गिरल लिग्नाइट माइंस में श्रमिकों व ग्रामीणों का आंदोलन 45 दिन से जारी

**बाड़मेर, (निसं)।** जिले के गिरल लिग्नाइट माइंस में स्थानीय श्रमिकों और ग्रामीणों का आंदोलन अब लगातार 45 दिनों से अधिक समय से जारी है, जबकि शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी को श्रमिकों के साथ धरने पर बैठे हुए 20 दिन पूरे हो चुके हैं। भीषण गर्मी, लगातार बढ़ते तापमान और कठिन परिस्थितियों के बावजूद आंदोलनकारी अब भी अपनी मांगों को लेकर धरनास्थल पर डटे हुए हैं।

शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी लगातार धरनास्थल पर ही रात्रि विश्राम कर रहे हैं और वहीं से आमजन की समस्याओं को सुनते हुए जनसुनवाई भी कर रहे हैं। आंदोलन स्थल अब केवल मजदूर संघर्ष का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और अधिकारों की आवाज़ का प्रमुख मंच बन चुका है। धरनास्थल पर मौजूद श्रमिकों का कहना है कि पिछले 45 दिनों से अधिक समय से वे अपनी वाजिब मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। भीषण गर्मी और 45 डिग्री से अधिक तापमान के बावजूद श्रमिक, महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। इससे पहले भी कई आंदोलनकारियों की तबीयत बिगड़ चुकी है और मौके पर चिकित्सकीय सहायता बुलानी पड़ी थी। स्वयं शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी की तबीयत भी गर्मी के चलते बिगड़ी थी, जिसके बाद धरनास्थल पर ही डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया था।



गिरल लिग्नाइट माइंस में धरने पर बैठे श्रमिकों ने गृह मंत्री अमित शाह को ख़ून से पत्र लिखा।

धरने के 20वें दिन आंदोलन ने भावनात्मक और प्रतीकात्मक रूप से नया मोड़ ले लिया, जब श्रमिकों ने शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी की मौजूदगी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ख़ून से पत्र लिखा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीकानेर आगमन के अवसर पर श्रमिकों ने यह पत्र लिखकर उनका ध्यान गिरल आंदोलन की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। आंदोलनकारियों का कहना था कि जब 45 दिनों से अधिक समय से मजदूर अपनी जायज़ मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और फिर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही, तब उन्हें अपनी पीड़ा इस प्रतीकात्मक तरीके से देश के गृह मंत्री तक पहुँचानी पड़ रही है। धरनास्थल पर श्रमिकों द्वारा अपने खून से पत्र लिखे जाने के दौरान भावुक दृश्य देखने को मिले। कई मजदूरों ने कहा कि वे वर्षों से मेहनत कर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते आए हैं, लेकिन आज उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठना पड़ रहा है।

# बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष और पति दिनेश कुमार गिरफ्तार

## तीन साल पहले दर्ज एक एफआईआर में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की

**झुंझुनूं, (निसं)।** तीन साल पहले दर्ज एक एफआईआर में कोतवाली पुलिस ने बाल कल्याण समिति झुंझुनूं की पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों झुंझुनूं शहर के इंदिरा कॉलोनी के रहने वाले हैं।

- **पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से रिमांड पर भेज दिया**

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में छह अक्टूबर 2021 को अर्चना चौधरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्राप्त न्यायपीठ बाल कल्याण समिति झुंझुनूं के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया था। इसके बाद आरटीआई कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने अर्चना चौधरी की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए जून 2022 से तत्कालिन मुख्यमंत्री तक दर्जनों बार शिकायतें की। शिकायत में उनके खिलाफ जम्मू में चोरी जैसी धाराओं में आपराधिक मामलों में संलिप्तता तथा बाल कल्याण समिति में नियुक्ति के लिए अनिवार्य योग्यता ना होने की शिकायतें प्रमुख थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं। शिकायतों पर कार्रवाई ना होने पर एफआईआर दर्ज करवाने के लिए झुंझुनूं कोतवाली और एसपी कार्यालय के चक्कर लगाए। वहां से भी सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद राजेश अग्रवाल ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर करीब पौने तीन साल पहले 10 जुलाई 2023 को कोतवाली झुंझुनूं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने इस दौरान एएसआई से लेकर एएसपी स्तर तक के अधिकारियों से जांच करवाई। अंतिम जांच सीआईडी सीबी जयपुर के एएसपी द्वारा की गई। जिसमें जांच अधिकारी ने अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को आरोपित मानते हुए फाइल कोतवाली झुंझुनूं को भेज दी। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपितों पूर्व अध्यक्ष अर्चना चौधरी और उनके पति दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। चर्चा है कि दिनेश कुमार सेना से जुड़ा हुआ है। जिसके कारण पुलिस इस मामले में अभी ज्यादा खुलासा नहीं कर रही। लेकिन एएसपी देवेंद्र सिंह ने एक मीडियाकर्मी को दी जानकारी में दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस की अधिकारिक वेबसाइट पर भी दोनों की फोटो सहित 22 मई की तारीख में गिरफ्तारी अपडेट की गई है।

## संक्षिप्त

### जागरूकता अभियान आयोजित

**पावटा।** सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही जनहानि को रोकने के उद्देश्य से पुलिस थाना विराटनगर द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा दुपहिया वाहन चालकों को निशुल्क आईएसआई मार्का हेलमेट वितरित किए गए। यह अभियान जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान के निर्देशन एवं वृताधिकारी विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल के सुपरविजन में थाना प्रभारी सोहन लाल के नेतृत्व में पुलिस थाना विराटनगर के सामने यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीड से बचने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा यातायात संकेतों की पालना करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें जागरूकता और सावधानी से काफी हद तक रोका जा सकता है। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों एवं सवारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए निशुल्क आईएसआई मार्का हेलमेट वितरित किए गए। आमजन ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### मौन जुलूस आज

**निवाई।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में सोमवार को प्रात: 9 बजे मध्य प्रदेश के रीवा में हुई सडक़ दुर्घटना में दो माताजी की असामयिक समाधि की अत्यंत दुखद घटना को लेकर एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व राकेश संघी ने बताया कि मुनि सुधासागर महाराज एवं मुनि प्रमाण सागर महाराज के आ ान पर 25 मई को देशभर में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा ताकि संत सुरक्षा हेतु कठोर एवं प्रभावी कदम सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि सोमवार को प्रात: 9 बजे जैन नसिया मंदिर से मौन जुलूस रवाना होगा। जो चौहटी बाजार व बड़ा बाजार होते हुए अहिंसा सर्किल होकर एसडीम ऑफिस पहुंचकर वहां ज्ञापन दिया जाएगा।

### तीन बदमाश गिरफ्तार

**निवाई।** सदर थाना पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत तीन साल से फरार चल रहे तीन टॉप-टेन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए पिछले तीन साल से फरार चल रहे तीन टॉप-टेन आरोपी ग्यारसी लाल पुत्र हरलाल मीणा निवासी राजधिराजपुरा व गिर्राज पुत्र जगदीश मीणा व दयाशंकर उर्फ दरयाव पुत्र गोवर्धन मीणा निवासी कनकटा चाकसू चाकसू जयपुर दक्षिण को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च 2023 को राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने के क मामले में इस्तेमाल किए गए एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है, गिरफ्तार किए गए तीनों बदमाशों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 15 दिन के लिए जेल भेजने के आदेश पारित हुए हैं। पुलिस टीम में कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल शंकरलाल, कांस्टेबल पायलेट व कांस्टेबल आशाराम शामिल रहे।

### विधायक को स्केच भेंट किया

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम चिमनपुरा की कक्षा 09 वीं की होनहार छात्रा पलक पुत्री दशरथ मेघवाल ने अपनी अद्भुत रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुये विधायक हंसराज पटेल का एक बेहद सुंदर और सजीव स्केच अपने हाथों से तैयार कर रविवार को विधायक हंसराज पटेल को स्नेह भेंट स्वरूप प्रदान किया। विधायक पटेल अपनी कलाकृति को सामने देख भावुक हो गये और उन्होंने बिटिया पलक की इस अद्भुत कला, कड़ी मेहनत और समर्पण की बेहद सराहना की। विधायक ने कहा कि पलक जैसी बेटियों की यह रचनात्मक प्रतिभा ना केवल मन को छूती है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित भी करती है। पटेल ने कहा कि हमारी बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे अपनी प्रतिभा के दम पर हर मैदान में सफलता का परचम लहरा रही हैं और समाज व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने पलक मेघवाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ईश्वर से प्रार्थना की कि वह जीवन में निरंतर सफलता की नई ऊंचाईयों को छुयें।

# केन्द्र व राज्य सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : वन राज्यमंत्री

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर जिला बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेता खिलाडियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने 5वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजक मंडल को बधाई दी तथा राज्य स्तरीय इस आयोजन के लिए अलवर शहर को चुनने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने विजेता खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों से आव्हान किया कि बेटों के साथ बेटियों को आगे बढने के अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार खेल व खिलाडियों को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारे जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है। खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जीवन के हर सौपान पर प्रतिस्पर्धा होती है और खेल भावी जीवन में आने वाली प्रतिस्पर्धाओं के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से खिलाडी को तैयार करता है। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद व केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा अलवर संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के साथ-साथ खेल के माध्यम से युवाओं को आगे बढने का प्लेटफार्म प्रदान कर रहे हैं। साथ ही आधुनिक शिक्षा ई-लाइब्रेरी पर फोकस करते हुए निरन्तर युवा हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर के खिलाडियों को अलवर सांसद खेल उत्सव व अलवर टाइगर मैराथन के माध्यम से खेल व खिलाडियों को मंच प्रदान करने के साथ खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती भी प्रदान कर रहे है। उन्होंने कहा कि यहां जिस कोर्ट में बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है वह भी अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने तैयार करवाया है। साथ ही यहा हॉकी का एस्ट्रॉट्रफ, सिंथेटिक ट्रेक, जीडी कॉलेज में मल्टीपर्पज हॉल, जिले में कई स्थानों पर स्टेडियम, खैरथल में बेटियों के लिए हॉकी एकेडमी आदि सौगातें भी दी हैं। उन्होंने कहा कि यादव ने सांसद खेल उत्सव के उत्कृष्ट खिलाडियों के खेल को और अधिक निखारने के लिए समर कैम्प के माध्यम से सांई के प्रशिक्षित कोचों द्वारा खिलाडियों को खेल का प्रशिक्षण दिलाया गया है। इसके साथ ही संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।




वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की।

■ उन्होंने कहा कि खेल भावी जीवन में आने वाली प्रतिस्पर्धाओं के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से खिलाडी को तैयार करता है।

### स्वास्थ्य परिचर्चा शिविर में उमड़ी महिलाएं

**निवाई।** उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित गोविन्द पेलेस में सृष्टि हॉस्पिटल जगतपुरा के तत्वावधान में महिला जागरूकता के तहत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 200 से अधिक महिलाओं के साथ स्वास्थ्य चर्चा की। मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि स्वास्थ्य परिचर्चा में सृष्टि हॉस्पिटल की निदेशक स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सुषमा अग्रवाल, फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ प्रियंका बंसल एवं प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ अंकित शर्मा ने महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान विशेषज्ञों ने पीसीओडी, माहवारी, मेनोपॉज व किशोरावस्था से संबंधित समस्याओं, महिलाओं में होने वाले कैंसर से बचाव व इलाज, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी व फीटल मेडिसिन जैसे विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया।

# चिकित्सा शिविर में 280 महिला-पुरूषों की नि:शुल्क जांच

**निवाई।** बपुई वालों की धर्मशाला में महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर, मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं श्री कृष्णा सुदर्शन ऊर्जा प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 280 महिला-पुरूषो स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि निदेशक अजय सांघी, कुमकुम सांघी, कार्तिक सांघी व आकृति सांघी ने दी प्रज्जवलित करके किया।

उन्होंने कहा कि कंपनी सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के चिकित्सकों द्वारा फैमिली मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हृदय रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, यूरोलॉजी एवं ईएनटी संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

साथ ही मरीजों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। नेत्र जांच के दौरान मोतियाबिंद के मरीजों का चयन कर उनके नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु पंजीकरण किया गया। ट्रस्ट महासचिव दुर्गा वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं सेवा सुविधाएं पहुंचाना है। समाज के जरूरतमंद वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

ट्रस्ट प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने सभी चिकित्सकों, सहयोगकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही सेवा कार्यों को सफल बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर संगीता सक्सेना, कौशल सत्यार्थी, हेमंत वर्मा, खंडेलवाल सरावगी समाज के आध्यक्ष शिखरचन्द काला, अजित काला, राजेश जैन, डॉ. के.आर. बैरवा, बबीता भिंडा, चन्द्रकला जोशी, जीएम मुकेश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, नरेन्द्र सिंह व ममता जैन सहित कई कार्यकर्ता व चिकित्सक मौजूद थे।


नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच करते हुए चिकित्सक।


# दुपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट बांटे

**कोटपूतली।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और जीवन रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस ने एक सराहनीय अभियान चलाया है। एसपी सतवीर सिंह के निर्देशानुसार एएसपी नाजिम अली खान व सुरेश कुमार खिर्ची के निर्देशन में समस्त डीएसपी व थानाधिकारियों द्वारा दुपहिया वाहन चालकों व सवारियों को यातायात नियमों की पालना करने के संबंध में विशेष अभियान चलाकर जागरुक किया गया तथा दुपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किये गये। वहीं दुपहिया वाहन चालकों और उन पर बैठने वाली सवारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत ना केवल आमजन को नियमों की पालना करने की जानकारी दी गई, बल्कि हेलमेट के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए दुपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट भी वितरित किये गये। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षित आप-सुरक्षित परिवार-सुरक्षित समाज के संकल्प के साथ वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुये कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय सिर की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिये हमेषा हेलमेट का उपयोग करें। दुपहिया वाहन पर चालक के अलावा केवल एक ही सवारी बैठायें।

दुर्घटनाओं से बचने के लिए तय गति सीमा का पालन करें। चलते वाहन में मोबाईल फोन का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करें। लाल बत्ती (रेड लाईट) होने पर हमेशा रुकें। शराब पीकर किसी भी परिस्थिति में वाहन ना चलायें।

कार या अन्य बड़े वाहनों में हमेशा सीट बेल्ट का उपयोग करें। जिला पुलिस ने आपकी सेवा में सदैव तत्पर के ध्येय वाक्य के साथ जनता से सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अभियानों से ना केवल सड़क हादसों में कमी आयेगी, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विष्वास भी मजबूत होगा।

■ दुपहिया वाहन चालकों और उन पर बैठने वाली सवारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया


डीएसपी व थानाधिकारियों ने दुपहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरित किये।

# रंगदारी मांगने वाला 5 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भरतपुर।** थाना मथुरागेट पुलिस एवं डीएसटी टीम ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश चंदू देशवाल उर्फ चन्द्रशेखर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी पर जयपुर दक्षिण के श्यामनगर थाने में भी मामला दर्ज है और वहां से भी उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर राजेश मीना के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव तथा शहर वृत्ताधिकारी आशिमा वासवानी के सुपरविजन में थाना प्रभारी हरलाल एवं डीएसटी टीम प्रभारी मुकेश के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार लक्ष्मण मंदिर स्थित कपड़ों के शोरूम संचालक रामबाबू कंसल ने थाना मथुरागेट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 मई को उनके व्हाट्सएप नंबर पर कॉल कर आरोपी ने स्वयं को चंदू देशवाल उर्फ चन्द्रशेखर बताते हुए 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपी ने पैसे नहीं देने पर व्यापारी और उसके परिवार को जान से मारने तथा तड़पा-तड़पा कर मारने की धमकी दी। मामले में थाना मथुरागेट पर प्रकरण संख्या 327/26 धारा 308(2) एवं 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तत्काल अनुसंधान शुरू किया गया।

गठित टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी चंदू देशवाल उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र हरवीरसिंह जाट, उम्र 26 वर्ष निवासी लाल कुआं एमवी रोड मदरपुर कालका दिल्ली हाल अनिरुद्ध नगर महाराजा प्रॉपर्टी थाना मथुरागेट जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी जयपुर दक्षिण के श्यामनगर थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 81/2026 में भी वांछित चल रहा था। उस मामले में उस पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस को उससे अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है।

■ 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए बदमाश चंदू देशवाल उर्फ चन्द्रशेखर को गिरफ्तार किया

# 'भगवान की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीव को ईश्वर से जोड़ने का माध्यम हैं'

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य व वृंदावन धाम से पधारे साधु संतों व आचार्य गोविंद शर्मा की उपस्थिति में शनिवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक अद्भुत अलौकिक श्रीमद् भागवत कथा 108 मूल पाठ का आयोजन किया गया।

वही 108 अष्टोत्तरशत सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पंडाल में नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजे। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। अयोध्या में जन्मे भगवान श्री राम की कथा सुनाई इसमें बताया कि राजा दशरथ महारानी कौशल्या के घर जन्म हुआ भगवान श्री राम ने मर्यादा स्थापित कर मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाया है। कथावाचक अभिषेक पाठक महाराज ने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र ही मनुष्य को मोक्ष प्रदान करने वाला है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसी पवित्र कथा है, जिसे सुनने से मन को शांति मिलती है और अहंकार का नाश होता है। कथा के आयोजन से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है।

कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हें बालक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कथावाचक पाठक महाराज ने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अनाचार बढ़ गया तथा चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया और धर्म की स्थापना की। इस अवसर पर कथावाचक पाठक महाराज ने कंस के अत्याचार, देवकी-वसुदेव की पीड़ा, कारागार के द्वारों का स्वत: खुलना और वसुदेव जी द्वारा यमुना पार करके नंद-यशोदा के आंगन में बालकृष्ण को पहुंचाने की लीला का ऐसा वर्णन किया कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूज्य कथा व्यास अभिषेक पाठक महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पर्वत की पूजा का सजीव वर्णन किया, जिसे सुनकर पाण्डाल में मौजूद हजारों भक्त भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान महाराज श्री ने बताया कि भगवान की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीव को ईश्वर से जोडने का माध्यम हैं।

उन्होंने कृष्ण द्वारा गोपियों के घर माखन चोरी करने के आध्यात्मिक अर्थ को समझाते हुए कहा कि भगवान भक्त के हृदय रूपी माखन को चुराते हैं। कथा का मुख्य आकर्षण गोवर्धन पूजा का प्रसंग रहा।


मद्भागवत कथा में माखन चोरी और गोवर्धन पूजा की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु।

### बड़ वाले बालाजी मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**लालसोट।** बड़ वाले बालाजी महाराज मंदिर परिसर शनिवार रात्रि भक्तिरस में पूरी तरह सराबोर नजर आया। नगरपरिषद क्षेत्र के मुख्य सदर बाजार स्थित मंदिर में रामबाबू गुप्ता के नेतृत्व में रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम और बजरंगबली की जय के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति में ऐसे लीन नजर आए मानो स्वयं पवनपुत्र हनुमान की कृपा मंदिर परिसर में बरस रही हो। सामूहिक आरती के दौरान भक्तों ने दीप जलाकर बालाजी महाराज से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। आरती पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान अमित शर्मा, छोटू भाई जोशी, रामबाबू गुप्ता, सत्यनारायण लाखा, चिरंजीलाल सैनी, अभिनव त्रिपाठी सहित सैकड़ों भक्त मंडल सदस्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### निष्काम भक्ति से ही प्रभु की प्राप्ति संभव : अमन भारती महाराज



**राजगढ़।** कथा वाचक महंत स्वामी अमन भारती महाराज ने कहा कि निष्काम भाव के साथ की गई भक्ति से प्रभु की प्राप्ति संभव है। प्रभु की शरण में जाने का सच्चा मार्ग है। अमन भारती महाराज अवधूत दत्त आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में महिला पुरुष श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग में चलने पर नाना प्रकार की कठिनाई आती है, मगर कठिन परीक्षा से गुजरने पर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने प्रवचनों के दौरान कहा कि गुरु एवं माता-पिता के बिना बुलाये भी जाने से सम्मान कम नहीं होता, माता-पिता एवं गुरु की निंदा करने वाला व्यक्ति जीवन में सफलता नहीं पा सकता। उन्होंने कहा कि ईश्वर भक्ति में ही जीव का कल्याण संभव है। शिव चरित्र का वर्णन करते हुए हमने कहा कि दक्ष यज्ञ में शिव अपमान पर सती जी ने प्राण त्यागे एवं अंत में शिव कृपा से ही दक्ष को जीवन मिला। जीवन में अहंकार का नाश निश्चित है। इस अवसर पर भजन एवं सत्संग की भावपूर्ण प्रस्तुति पर महिलाओं ने रोचक नृत्य कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

### पेंशनर्स समाज की रैली आज



**फुलेरा।** गणगौरी बाजार स्थित श्री रामधारा सभागार में राजस्थान पेंशनर समाज की बैठक अध्यक्ष शक्ति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रांतीय कार्यक्रम के तहत सोमवार 25 मई 2026 को उपखंड कार्यालयों पर आयोजित धरना-प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि आरजीएचएस योजना में चिकित्सा सुविधाओं एवं फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयां नहीं मिलने के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 25 मई को प्रात: 9 बजे सभी पेंशनर्स श्री रामधारा सभागार में एकत्रित होकर रैली के रूप में पैदल मार्च करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद धरना प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में सभी पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष शक्ति सिंह, भंवरलाल कुमावत, इकरामुद्दीन कुरेशी, विमल शर्मा, नाथूलाल महावर, हनुमान सिंह परिहार, जगदीश कायर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आज वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुभारम करेंगे मुख्यमंत्री

**टोंक।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026 के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जिले के बीसलपुर बांध पर यात्रा कार्यक्रम में शामिल होगें। जहां मुख्यमंत्री बीसलपुर बांध पर जल पूजन और शिव मंदिर में अभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ईसरदा बांध बनेठा और गलवा बांध का हवाई सर्वेक्षण तथा इसी दिन मुख्यमंत्री भरतपुर के गंगा माता मंदिर में आरती और सुजानगंगा नहर में दीपदान भी करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की साफ-सफाई या पौधारोपण तक सीमित नहीं होकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जल संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इसे जीवन का प्रण बनाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के साथ पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों, उद्योगपतियों, युवाओं, महिलाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गए है। इस दौरान मुख्यमंत्री के बीसलपुर बांध में स्थित बिसलदेव मंदिर में आने की सूचना के बाद कलेक्टर टीना डाबी और जिला पुलिस कप्तान रोशन मीना ने बीसलपुर बांध और उससे करीब 10 किमी दूर देवली रोड के पास बनाए जा रहे हेलीपेड जगह का निरीक्षण किया तथा शनिवार रात्रि से ही कलेक्टर और एसपी सीएम की प्रस्तावित बीसलपुर बांध स्थित बिसलदेव मंदिर यात्रा की तैयारियों में जुटे रहे। इस मौके पर जलदाय मंत्री के भी मौजूद रहेगें।

### एक रुपये का दहेज लेकर समाज को संदेश दिया

**मनोहरपुर।** कस्बे के धूलेश्वर विद्यालय स्थित शाहपुरा तहसील अध्यक्ष गोपाल सैनी ने अपने पुत्र की शादी में 1 रुपया दहेज के रूप में लेकर और समाज को जागरूक किया है। दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ सकारात्मक संदेश देते हुए शाहपुरा तहसील सैनी समाज के अध्यक्ष गौपाल सैनी ने अपने पुत्र रोहिताश सैनी के विवाह में मात्र एक रुपये का दहेज लेकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर गौपाल सैनी ने कहा कि बेटियां सबसे अनमोल होती हैं और उनसे बढ़कर कोई धन-दौलत नहीं हो सकती। विवाह जैसे पवित्र बंधन को दहेज मुक्त बनाकर उन्होंने समाज को बेटियों के सम्मान और समानता का संदेश दिया। विवाह समारोह में मनीष यादव भी शामिल हुए। समारोह में उनका ज्योतिबा फुले की प्रतिमा भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने गौपाल सैनी के इस कदम की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### छात्र सुसाइड मामले को गंभीरता से लेते हुए परिजनों से मिले मंत्री बेढम

**टोंक।** देवली में बीजेपी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण में पहुंचे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने टोंक में नाबालिग छात्र के सुसाइड का मामले को गंभीर लिया। जिसके बाद पुलिस से जानकारी लेते हुए बताया कि पुलिस जांच कर रही है, जांच में जो भी सामने आएगा, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी। वह जयपुर लौटते समय नाबालिग छात्र के घर पर परिजनों के सांत्वना देने पहुंचे, मृतक छात्र की मां के ट्रांसफर चाहने के मामले में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि ट्रांसफर, पोस्टिंग एक प्रक्रिया है। इस घटना के बाद मृतक छात्र की मां यह महसूस कर रही है कि उसका ट्रांसफर हो जाता तो यह घटना नहीं होती, उस समय यह परिस्थितियां सरकार के संज्ञान में नहीं थी। अब तक नाबालिग छात्र की मौत के बाद कोई कार्यवाही नहीं होने के मामले को लेकर गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि धर्मांतरण कानून विधानसभा से पास होता है, फिर वह भारत सरकार से मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास जाता है। वहां से अप्रूवल मिलने पर कानून बनता है, फिर भी इस मामले में अधिकारियों से बात करके उन्हें न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश जारी करुंगा। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आयोजित

**मनोहरपुर।** थाना परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर रविवार को मनोहरपुर थाना परिसर में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस जवानों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल रैली निकालकर फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पेट्रोल-डीजल की बचत और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का भी आव्हान किया गया।

# बालोतरा का सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स देश की सामरिक सुरक्षा में निभाएगा अहम भूमिका

## सर्वेक्षण में रेयर अर्थ एलिमेंट्स, हैवी रेयर अर्थ एलिमेंट्स और क्रिटिकल रेयर मेटल्स के भंडार मिले

- परमाणु रिएक्टर, इलेक्ट्रिक कार, मिसाइल तकनीक, रोबोटिक्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स आदि में होगा उपयोग
- केन्द्रीय खान मंत्रालय ने कॉम्प्लेक्स के तीन ब्लॉक्स के तकनीकी मूल्यांकन का कार्य किया आवंटित

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पश्चिम राजस्थान का बालोतरा जिला रिफाइनरी जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना से देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ सामरिक और आर्थिक सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाने जा रहा है। यहां सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में दुर्लभ खनिजों का ऐसा भंडार मिला है, जो भारत को रॉकेट से लेकर न्यूक्लियर प्लांट्स का कच्चा माल उपलब्ध करवाने और देश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में सहायक होगा।

केन्द्रीय खान मंत्रालय की टेक्निकल कम कॉस्ट कमिटीज की संयुक्त बैठक में सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में मौजूद दुर्लभ खनिजों के भंडार को रेखांकित किया है। हाल ही में आयोजित इस बैठक में बताया गया कि कॉम्प्लेक्स के तीन भागों में रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई), हैवी रेयर अर्थ एलिमेंट्स (एचआरईई) और क्रिटिकल रेयर मेटल्स का विशाल भंडार मिला है। इन ब्लॉक्स के तकनीकी मूल्यांकन के लिए तीन कंपनियों को कार्य भी आवंटित कर दिया गया है।

सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स एक ज्वालामुखी कुंड है, जो 750 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस कॉम्प्लेक्स के सर्वेक्षण में नियोबियम, जिरकोनियम और हाफनियम जैसे रेयर अर्थ एलिमेंट्स पाए गए हैं। इन एलिमेंट्स का उपयोग एयरोस्पेस इंजन के लिए सुपरअलॉय मेटेरियल के साथ ही चिकित्सा तथा वैज्ञानिक उपकरणों में उपयोग होने वाले सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट में किया जाता है।वहीं, परमाणु रिएक्टर, इलेक्ट्रिक कार, मिसाइल तकनीक, रोबोटिक्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स और रासायनिक प्रसंस्करण में इन दुर्लभ खनिज का इस्तेमाल किया जाता है। यह इलेक्ट्रॉनिक्स, बैटरी और अन्य हाई-एंड तकनीकों के प्रयोग में लिए जाते हैं। इस प्रकार, ये रेयर अर्थ एलिमेंट्स देश की सामरिक सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स एवं सिवाना ग्रेनाइट में रेयरअर्थ एलिमेंट एवं हेवी रेयरअर्थ एलिमेंट उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। वहीं, इस संबंध में खान विभाग एवं संबंधित जिला कलक्टर केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करें, जिससे काम में तेजी आ सके।

वहीं, राज्य सरकार रेयर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना भी कर रही है। यह केंद्र दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान, नवाचार और रणनीतिक विकास में महती भूमिका निभाएगा। इसी के साथ, राज्य सरकार भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एटॉमिक, मिनरल्स डॉयरेक्टरेट फॉर एक्सप्लोरेशन एवं रिसर्च आईआईटी हैदराबाद और आईआईटी आईएसएम धनबाद के साथ साझेदारी कर ऐसे खनिजों की खोज और अनुसंधान को नई गति प्रदान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि देश में स्वच्छ ऊर्जा एवं उन्नत प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से केन्द्र सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की शुरुआत की है। इसके अंतर्गत ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और तकनीकी स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए रणनीतिक योजना बनाई गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों को शक्ति देने वाले लिथियम से लेकर रक्षा प्रणालियों के लिए महत्वपूर्ण दुर्लभ खनिजों की खोज इस मिशन के महत्वपूर्ण अंग हैं। इस मिशन का लक्ष्य हरित अर्थव्यवस्था में भारत को एक वैश्विक प्लेयर के रूप में स्थापित करना है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर बढ़ रहा भारत का गौरव : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जयपुर शहर जिला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

- मुख्यमंत्री ने भाजपा जयपुर शहर जिला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया
- 'सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता, पार्टी मजबूत करें'

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जयपुर शहर जिला प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मूल भावना राष्ट्र सेवा एवं राष्ट्र प्रथम है। देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताया है।

आज देश में विकास की राजनीति तुष्टिकरण की राजनीति पर भारी पड़ रही है और एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प देशभर में साकार हो रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत का गौरव बढ़ रहा है, जो कि राष्ट्र प्रथम की नीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के गांव-गांव तक विकास पहुंच रहा है। हर घर नल से जल, गरीबों को पक्का मकान, किसानों को सम्मान निधि, उज्ज्वला एवं आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से अंत्योदय का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे इन उपलब्धियों को घर-घर एवं जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के विचार के अनुरूप अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान ही भाजपा का लक्ष्य है। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

# देवनानी ने मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किए

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बांसवाडा प्रवास के दौरान प्रसिद्ध त्रिपुरा सुंदरी माता के दर्शन किये एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। स्पीकर देवनानी का मंदिर परिसर में मंदिर प्रशासन द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि त्रिपुरा सुंदरी धाम श्रद्धा एवं आस्था का प्रमुख केंद्र है।

# कोटपूतली-किशनगढ़ तथा ब्यावर-भरतपुर एक्सप्रेस-वे के लिए 4938 करोड़ रु. के ऋण प्रस्ताव को मंजूरी

**जयपुर (कासं)।** उप मुख्यमंत्री एवं राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन की अध्यक्ष दिया कुमारी ने रविवार को आरएसआरडीसी की 131वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के लिए 4938 करोड़ के ऋण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षा में हुई आरएसआरडीसी की 131वीं बोर्ड बैठक

कोटपुतली-किशनगढ़ एवं ब्यावर-भरतपुर एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से यह मंजूरी दी।बैठक में उप मुख्यमंत्री ने नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क के अपग्रेडेशन, केकड़ी बाईपास निर्माण एवं सड़क को 2 लेन से 4 लेन किए जाने हेतु 460 करोड़ के ऋण प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। इसके अतिरिक्त गोटन-बिलाड़ा-पुण्डल सड़क की मरम्मत हेतु ऋण राशि को 17 करोड़ से बढाकर 27.87 करोड़ किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की बैलेंस शीट को अंतिम रूप देने सहित कुल 33 नियमित एवं 2 अतिरिक्त प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया।उप मुख्यमंत्री ने आरएसआरडीसी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि सड़क परियोजनाओं के निर्माण में उपयोगिता को प्राथमिकता दी जाए ताकि परियोजनाएं आमजन के लिए अधिक लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध हों।बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, वित्त विभाग की शासन सचिव टीना सोनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के शासन सचिव डी.आर. मेघवाल, सीई (भवन) सत्येन्द्र सिंह, आरएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक सुनील जयसिंह, कंपनी सचिव तथा आरएसआरडीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




उप मुख्यमंत्री एवं राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन की अध्यक्ष दिया कुमारी ने रविवार को आरएसआरडीसी की 131वीं बोर्ड बैठक ली।

# राजस्थान पुलिस के 'संडेज ऑन साइकिल' महाअभियान में 18 हजार लोग जुड़े

**जयपुर।** राष्ट्रमंडल दिवस पर राजस्थान पुलिस के नेतृत्व में रविवार को प्रदेशभर में 'संडेज ऑन साइकिल' महाअभियान का भव्य आयोजन किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित इस अभियान में पुलिस अधिकारियों, जवानों और आमजन सहित 18 हजार से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अभियान का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज का संदेश पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत राष्ट्रमंडल दिवस पर किया गया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस 75 वें संस्करण में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रुपिंदर सिंघ के नेतृत्व में राज्य भर में कार्यक्रम संपन्न हुए। उप महानिरीक्षक विनित कुमार बंसल को अभियान का नोडल अधिकारी बनाया गया था।

राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, आरएसी बटालियनों और पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में सुबह 6 बजे योग, ध्यान, जुम्बा, रनिंग, रोप स्किपिंग और साइकिलिंग रैलियों का आयोजन किया गया।


**खोया पाया**

मेरा प्लॉट नं. 24 मदन विहार योजना हरमाडा (Shri Janta GNNS से आवंटित) का मूल साइट प्लान कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। प्रकाश कंवर पत्नी गोविन्द सिंह 9887538313

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउंसिल द्वारा जारी फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाणपत्र संख्या 86007 जारी दिनांक 08.11.2024 कहीं खो गया है। मिलने पर उक्त पते पर पहुंचाने का श्रम करें, नाम व पता गौरेंद्र कुमार गौदुहन, 689 सूरौठ, हिंडौन 7014001479

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) पुरण चन्द मित्तल पुत्र स्व. श्री प्रभू लाल (2) श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री पुरण चन्द मित्तल निवासी प्लाट नं. 17 श्री श्याम विहार बी, माण्यावास, तहसील सांगानेर जयपुर राजस्थान का पुत्र रोशन मित्तल मेरे अभिभाष्यगण के कहने सुनने में नहीं और उनके आचरण व व्यवहार से मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है इस कारण मेरे अभिभाष्यगण का अपने पुत्र रोशन मित्तल से अब कोई संबंध नहीं रहा है और अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा अभिभाष्य उसके द्वारा किये गये कृत्यों के जिम्मेदार नहीं होगा। सूचित रहे।
दिनांक-24.05.2026 (मुकेश कुमार शर्मा) एडवोकेट
मोबाईल-9413804800

**NOTICE**

It is intimated that the undermentioned cases of village Prempura will be listed in Estate Officer Court. Station Headquarters Cell, Jaipur Military Station. You are hereby directed to appear before the Court in person or through authorized representative alongwith documents/ records on 05 June 2026 at 11:00 hours. In case you failed to appear in the court the case may be decided Ex-parte.

1. Mr Gopal Lal S/o Late Shri Nanak Ram
2. Mr Sahi Ram S/o Shri Ganpat Ram
3. Mr Jagdish Singh S/o Shri Bhom Singh
4. Mr Banye Singh S/o Shri Ladu Singh
5. Mr Hanuman Singh S/o Shri Kishore Singh
6. Mr Dalpat Singh S/o Shri Prem Singh
7. Mr Babu Khan S/o Shri Jiwan Khan
8. Mr Nand Singh S/o Shri Umed Singh
9. Mr Bansi Lal S/o Late Shri Badri Lal
10. Mr Sharoop Singh S/o Shri Ravinder Singh
11. Mr Chater Singh s/o Shri Ishwar Singh
12. Mr Ram Singh S/o Shri Jambhal Singh
13. Mr Jitu Kumar s/o Late Shri Raju Kumar
14. Mr Shabir Khan S/o Shri Shavdin Khan
15. Mr Jagdish Singh S/o Shri Bhawani Singh
16. Ex Nb Sub Hanuman Singh S/o Late Shri Ramlal Singh
17. Mr Ramavtar S/o Shri Goru Ram
18. Smt Vijay Laxmi W/o Late Shri Deepak Singh
19. Mr Dashrath Singh S/o Shri Gambhir Singh
20. Mr Ganpat Singh S/o Shri Prem Singh
21. Mr Prem Singh S/o Late Shri Punraj Singh
22. Mr Ranjeet Singh S/o Shri Hanuman Singh
23. Mr Maharana Saini S/o Shri Sohan Lal Saini
24. Mr Kajod Mal Saini S/o Shri Sohan Lal Saini
25. Mr Sohan Lal Saini S/o Shri Mohru Ram Saini
26. Mr Suraj Mal Saini S/o Shri Mohru Ram Saini
27. Mr Keshav Ram S/o Shri Chotu Ram
28. Mr Om Prakash Davi S/o Shri Bhanwar Lal
29. Mr Ram Prakash Saini S/o Shri Chhoturam Saini
30. Shri Sham Sunder Sharma S/o Late Shri Radhey Lal Sharma
31. Mr Yogendra Saini S/o Shri Suraj Mal Saini
32. Shri Bhairav Singh S/o Shri Ranjeet Singh
33. Mr Shabir Khan S/o Late Shri Sher Din Khan
34. Mr Banye Singh S/o Shri Ladu Singh
35. Mr Bhagwan Singh S/o Shri Ram Chand Singh
36. Mr Daleep Kumar S/o Late Shri Babu Lal
37. Mr Puran Mal S/o Shri Kishan Lal
38. Mr Doulat Singh S/o Late Shri Kishan Singh
39. Mr Suraj Mal Mariya S/o Shri Ganesh Mariya
40 Mr Gopal Lal Choudhary S/o Shri Nanag Ram

Dated: 24 May, 2026 Court Mohar
Place: Jaipur (By the Order of EO Court)

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# कर्मचारी महासंघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज

## आज से राज्यभर में 7 दिनों तक रोजाना एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आव्हान पर राज्य कर्मचारियों की लंबित मांगों के प्रति सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ आंदोलन के द्वितीय में कर्मचारी रोजाना 7 दिवस तक 1 घंटे सांकेतिक कार्य बहिष्कार करेंगे। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं प्रदेश पदाधिकारी अजयवीर सिंह, शेर सिंह यादव, सर्वेश्वर शर्मा ने संयुक्त बयान में बताया कि 20 मई को प्रदेशभर में जिला कलेक्टरों और कार्यालय प्रमुखों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपने के बाद भी सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। इससे आक्रोशित होकर प्रदेश के समस्त सरकारी विभागों और कार्यालयों में 25 मई 2026 से आगामी 7 दिनों तक लगातार प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक एक घंटे का सामूहिक व सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिससे इस अवधि में प्रदेशभर में शासकीय कार्य पूरी तरह ठप रहेंगे। महासंघ आरजीएचएस योजना को निजी बीमा कंपनी को सौंपने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए इसे पूर्व की तरह सरकारी स्तर पर संचालित रखने, रोके गए समर्पित अवकाश (सरेंडर लीव) का नगद भुगतान तुरंत बहाल करने, पदोन्नित में दो वर्ष की शिथिलता देने समस्त संविदा कर्मियों ठेका कर्मचारियों को कार्मिक विभाग के अधीन गठित संस्था के तहत नियमित करने सहित अपने 25-सूत्रीय मांग पत्र पर त्वरित निर्णय की मांग कर रहा है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस 7 दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार के बाद भी सरकार ने वार्ता कर ठोस समाधान नहीं निकाला, तो आंदोलन के अगले चरण में पूरे राजस्थान में व्यापक स्तर पर कर्मचारी जागृति यात्रा निकालकर कर्मचारियों को जागृत किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारीप्रशासन की होगी।

# जलदाय विभाग की 519 टीमें गांव-गांव जाकर दुरुस्त कर रही पेयजल आपूर्ति

## प्रदेशभर में 732 हैंडपंप और 398 पाइप लाइन लीकेज दुरुस्त किए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जलदाय विभाग राज्यस्तरीय अभियान चला रहा है। पांचवें विशेष अभियान के

- 1140 अवैध जल कनेक्शन हटाए, जल चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

दौरान गठित 519 विशेष टीमों ने गांव-गांव पहुंचकर पेयजल स्त्रोतों एवं जलापूर्ति व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा सामने आई समस्याओं का त्वरित समाधान किया। यह विशेष अभियान आगामी 30 जून तक प्रत्येक शनिवार को प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा।

विशेष अभियान के दौरान अवैध जल कनेक्शनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1140 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए। इनमें ऐसे कनेक्शन भी शामिल थे जिनके माध्यम से होटल एवं खेतों में अवैध रूप से पेयजल का उपयोग किया जा रहा था। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगभग 86.58 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई है, साथ ही अवैध जल उपयोग एवं चोरी करने पर 18 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।



अभियान के दौरान खराब पड़े 732 हैंडपंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू किया गया। साथ ही 398 पाइपलाइन लीकेज को दुरुस्त कर जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाया गया।

इसके अतिरिक्त 1275 अन्य पेयजल सुधार कार्य भी सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को व्यापक मजबूती मिली। विभागीय तकनीकी टीमों ने सक्रियता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान के दौरान कुल 3427 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शिकायतों के त्वरित समाधान से ग्रामीणों में संतोष का वातावरण देखने को मिला तथा विभाग के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।




# खेल जगत



शाबाश, अर्जुन इस पूरे सीजन में तुमने जिस तरह खुद को संभाला, अपनी काबिलियत पर हमेशा भरोसा रखा, धैर्य बनाए रखा, चुपचाप मेहनत की और आखिरी मैच तक मौके का इंतजार करने के बावजूद सकारात्मक रहे, उस पर गर्व है।

- सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, अपने बेटे के प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी**



## मोहम्मद शमी

लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मोहम्मद शमी ने मैच की पहली गेंद पर पंजाब किंग्स के युवा ओपनर प्रियांश आर्य को आउट कर सबको चौंका दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेल रहे शमी की तेज बाउंसर पर प्रियांश सही टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद सीधे मिडविकेट पर खड़े अर्जुन तेंदुलकर के हाथों में चली गई। इस विकेट के साथ शमी आईपीएलइतिहास में सबसे ज्यादा बार इनिंग्सकी पहली गेंद पर विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने छठी बार यह कारनामा किया और जोफ्रा आर्चर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट और वनडे मिलाकर) में 100 शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। इसके साथ ही, उनके नाम वनडे और टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।

# प्लेऑफ में पहुंची राजस्थान मुंबई को 30 रनों से हराया




मुंबई, 24 मई। आईपीएल 2026 सीजन के सेकंड-लास्टलीग मैच के साथ प्लेऑफ के मुकाबले तय हो गए। मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स और केकेआर की टीमें उम्मीद लगाए बैठी थीं कि वह राजस्थान रॉयल्स को हराएगी तो दोनों के लिए प्लेऑफ के रास्ते खुलेंगे। लेकिन राजस्थान के लिए करो या मरो के मुकाबले में जोफ्रा आर्चर मैच विनर बनकर सामने आए। उन्होंने बल्ले से 32 रन बनाए और गेंदबाजी से चार विकेट भी झटके। इस तरह राजस्थान ने जीत दर्ज कर सीधे प्लेऑफ में जगह बनाई, जबकि पंजाब किंग्स और केकेआर के लिए सीजन समाप्त हो गया।

राजस्थान रॉयल्स ने चौथे स्थान पर फिनिश किया: राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 14 लीग स्टेज मैचों में 8 जीत के साथ 16 अंक हासिल किए। इसके साथ ही उनकी टीम ने चौथे स्थान पर फिनिश करके अपना स्थान पक्का कर लिया। जबकि 15 अंक के साथ पंजाब किंग्स को बाहर होना पड़ गया। एक अंक से पंजाब का आईपीएल सीजन समाप्त हो गया। 16 अंक के साथ राजस्थान रॉयल्स ने, जबकि 18-18 अंक के साथ सनराइजर्स हैदराबाद, आरसीबी और गुजरात ने पहले ही जगह बना ली थी।

प्लेऑफ के मैचों का शेड्यूल: आईपीएल के प्लेऑफ का पहला क्वालीफायर-1 मुकाबला आरसीबी और गुजरात के बीचधर्मशाला के मैदान में 26 मई को खेला जाएगा। इसके बाद एलिमिनेटर का मुकाबला हैदराबाद और राजस्थान के बीच न्यू चंडीगढ़ के मैदान में खेला जाएगा। एलिमिनेटर में जीतने वाली टीम क्वालीफायर-1 में हारने वाली टीम से क्वालीफायर-2 खेलेगी, जो भी न्यू चंडीगढ़ में 29 मई को होगा। इसके बाद फाइनल मैच अगले रविवार यानी 31 मई को खेला जाएगा।

# आईपीएल के आखिरी लीग मैच में दिल्ली जीती

## कोलकाता को 40 रन से हराया, दोनों प्लेऑफ में नहीं पहुंची

ईडन गार्डन्स, 24 मई। आईपीएल 2026 के आखिरी लीग मैच दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 204 रन का टारगेट दिया है।ईडन गार्डन्स में टॉस हारकर दिल्ली ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने 18 ओवर के बाद 6 विकेट पर 169 रन बना लिए हैं। तेजस्वी दहिया 1, रिंकू सिंह 0, अजिंक्य रहाणे 63, कैमरन ठीन 2, मनीष पांडे 25 और फिन एलन 20 रन बनाकर आउट हुए।

टीम के लिए केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 60 रन की पारी खेली। उन्होंने 30 गेंदों में 5 चौके और 4 छक्के लगाए। अक्षर पटेल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 39 रन बनाए, जबकि डेविड मिलर ने 28 रन और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। राजस्थान ने आज के पहले मैच में मुंबई को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। इसके साथ ही कोलकाता और पंजाब प्लेऑफ से बाहर हो गईं। दिल्ली के खिलाफ जीतकर भी कोलकाता 15 पॉइंट्स तक ही पहुंच पाएगी। राजस्थान 16 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई। उससे पहले बेंगलुरु, गुजरात और हैदराबाद क्वालिफाई कर चुकी हैं। अक्षर पटेल ने आते ही विकेट लेकर कोलकाता की मुश्किलें और बढ़ा दीं उन्होंने तेजश्वी दहिया को बोल्ड कर दिया।




फ्लैट गेंद पर दहिया पुल शॉट खेलने में जल्दी कर बैठे। गेंद अंदरूनी किनारा लेकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। वे सिर्फ 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए। 14वें ओवर में कुलदीप यादव ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर अजिंक्य रहाणे और रिंकू सिंह को आउट कर कोलकाता को बड़े झटके दिए।

रहाणे 39 गेंदों में 63 रन बनाकर लौटे, जबकि रिंकू गोल्डन डक का शिकार हुए। कुलदीप हैट्रिक पर थे, लेकिन अगली गेंद पर अभिषेक पोरेल ने आसान कैच छोड़ दिया। इस ओवर में सिर्फ 3 रन आए और कोलकाता का स्कोर 14 ओवर में 129/5 हो गया। कुलदीप यादव ने अपने पहले ही ओवर में विकेट हासिल किया। कैमरन ग्रीन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद को सही टाइम नहीं कर सके। लॉन्ग-ऑफ पर डेविड मिलर ने आसान कैच पकड़ लिया। ग्रीन 3 गेंदों में सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 : मैक्सिको में उद्घाटन मैच

नई दिल्ली, 24 मई। फुटबॉल विश्व कप 2026 के लिए सभी 48 टीमों की तस्वीर साफ हो गई है। क्वालीफाइंग प्लेऑफ मुकाबलों के खत्म होने के बाद अब दुनिया की सबसे बड़ी फुटबॉल प्रतियोगिता के पूरे समूह और कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है।

गौरतलब है कि इस बार विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यह पहली बार होगा जब विश्व कप में 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इससे पहले तक टूर्नामेंट में 32 टीमें खेलती थीं। मौजूद जानकारी के अनुसार मेक्सिको 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी के एस्तादियो एज़्टेका स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उद्घाटन मुकाबला खेलेगा। मेजबान टीम मेक्सिको को समूह ए में रखा गया है, जहां उसके साथ दक्षिण कोरिया और चेकिया की टीमें भी मौजूद हैं।

वहीं अमेरिका को समूह डी में जगह मिली है। अमेरिकी टीम 12 जून को कैलिफोर्निया के सोफी स्टेडियम में पराग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद अमेरिका का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और तुर्किये से होगा। कनाडा को समूह बी में रखा गया है। कनाडाई टीम अपना पहला मुकाबला बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ टोरंटो में खेलेगी। इसके अलावा समूह में कतर और स्विट्जरलैंड की टीमें भी शामिल हैं।

बता दें कि मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना को समूह जे में रखा गया है। अर्जेंटीना के साथ अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया और जॉर्डन की टीमें होंगी। वहीं ब्राजील को समूह सी में मोरक्को, हैती और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया हैं।

# ईरान फुटबॉल टीम का बेस कैंप अमेरिका से मैक्सिको शिफ्ट

नई दिल्ली, 24 मई। ईरान ने अपना बेस कैंप अमेरिका से मैक्सिको में ट्रांसफर कर दिया है। ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में ट्रेनिंग शिविर लगाना था, लेकिन मिडिल-ईस्ट में युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और ट्रांसफर करने की चर्चा थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। ईरानी महासंघ का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के दक्षिण में स्थित मैक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको इसकी मेजबानी कर रहे हैं। मेहदी ताज ने कहा, वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को अपने बेस कैंप के लिए फीफा से मंजूरी लेनी होती है। सौभाग्य से फीफा और वर्ल्ड कप के अधिकारियों के साथ इस्तांबुल में हुई बैठकों के बाद हमारी टीम के बेस कैंप को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित करने का हमारी मांग स्वीकार ली है।

# फ्रेंच ओपन आज से, डिफेंडिंग चैम्पियन अल्कारेज नहीं खेलेंगे

## पुरुष वर्ग में सिर्फ सिनर बड़े दावेदार, महिला सिंगल्स में कई स्टार खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर

नई दिल्ली, 24 मई। साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन की शुरुआत के साथ ही पेरिस की लाल मिट्टी एक बार फिर टेनिस की सबसे बड़ी कहानियों की गवाह बनने जा रही है। लेकिन इस बार पुरुष और महिला सिंगल्स की तस्वीर बिल्कुल अलग है। पुरुष वर्ग में पूरा टूर्नामेंट लगभग वर्ल्ड नंबर-1 यानिक सिनर के इर्द-गिर्द घूमता दिख रहा है, जबकि महिला सिंगल्स में इतनी दावेदार हैं कि हर दिन नई टक्कर और नया उलटफेर देखने को मिल सकता है। यही वजह है कि इस बार फ्रेंच ओपन में पुरुष और महिला वर्ग दो अलग-अलग दुनिया जैसे नजर आ रहे हैं। पुरुष सिंगल्स: सिनर के सामने 127 खिलाड़ी: पुरुष टेनिस में इस समय सबसे बड़ा नाम सिनर का है। इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में डेनियल मेदवेदेव ने शायद इस साल का अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। लंबी रैलियां, तेज शॉट्स और लगातार दबाव के बावजूद वह सिनर को पूरी तरह नहीं तोड़ सके। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि सिनर को हराने के लिए सर्विस, रिटर्न, फिटनेस और मानसिक मजबूती, हर चीज परफेक्ट होनी चाहिए।



इस बार सिनर के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी कार्लोस अल्कारेज चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं हैं। पिछले साल अल्कारेज ने ही फ्रेंच ओपन फाइनल में सिनर को हराया था। उनकी गैरमौजूदगी में 128 प्लेयर्स में सिनर अकेले दावेदार लग रहे हैं। मास्टर्स 1000 स्तर पर सिनर की जीत की कड़ी 34 मैच तक पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन और विम्बलडन जीत चुके सिनर के पास अब करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का मौका है।

# फैडरेशन कप 2026 : एक घंटा और 3 नेशनल रिकॉर्ड ध्वस्त

## गुरिंदरवीर सिंह, विशाल टीके और तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 24 मई। भारतीय एथलेटिक्स के लिए 23 मई का दिन ऐतिहासिक रहा। फेडरेशन कप 2026 में एक घंटे के अंदर तीन नए नेशनल रिकॉर्ड बन गए। 100 मीटर रेस में गुरिंदरवीर सिंह, 400 मीटर में विशाल टीके तो डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने कमाल किया। झारखंड की राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में इन तीनों ने एथलेटिक्स में नए बेंचमार्क स्थापित किए।

गुरिंदरवीर सिंह ने कैसे बनाया 100 मीटर रेस का नया रिकॉर्ड: गुरिंदरवीर सिंह 10.10 सैकंड का बैरियर 100 मीटर रेस में तोड़ने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने 10.09 सैकंड में रेस पूरी की। इसके जरिए 25 साल के इस एथलीट ने अनिमेश कुजुर के 10.15 सैकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुरिंदरवीर सिंह ने दो दिन में दो बार रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने 22 मई को पहले सेमीफाइनल में 10.17 सैकंड में रेस पूरी कर कुजुर को पछाड़ा था। लेकिन कुजुर ने दूसरे सेमीफाइनल में रेस को 10.15 सैकंड में पूरी कर नया रिकॉर्ड बना दिया था। फाइनल में गुरिंदरवीर ने इसे भी तोड़ दिया।





विशाल टीके का 400 मीटर रेस में कमाल: वहीं 400 मीटर रेस में विशाल पहले भारतीय बने जिन्होंने 45 सैकंड से कम में रेस पूरी की। उन्होंने पिछले साल भी नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। तब उन्होंने कहा था कि वह 45 सैकंड से कम में 400 मीटर रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय बनेंगे। उन्होंने 23 मई को रांची में 44.98 सैकंड में 400 मीटर का फाइनल जीता।

डेकाथलॉन में तेजस्विन शंकर ने रचा इतिहास: तेजस्विन ने डेकाथलॉन में 8000 पॉइंट का आंकड़ा पार किया। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने। उन्होंने 1500 मीटर रेस 4:29.02 मिनट में पूरी की और 751 अंक बटोरे। इसके जरिए उनके कुल अंक 8057 हो गए। तेजस्विन ने इवेंट के दौरान 100 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, 400 मीटर और 1500 मीटर रेसट में अपना पर्सनल बेस्ट दर्ज किया।

इन नतीजों के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में एथलेटिक्स में भारत के पदकों की संभावना बढ़ी है। गुरिंदरवीर और कुजुर दोनों 100 मीटर रेस में पदक की होड़ में रहेंगे। 2022 में जब बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे तब 10.09 सैकंड में 100 मीटर रेस पूरी करने पर सिल्वर मेडल मिल गया था। इस लिहाज से इस बार इस स्पर्धा भारत पदक की उम्मीद कर सकता है।

# 'कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट के लिए सीनियर खिलाड़ियों का अभ्यास मैच जारी'



जयपुर, 24 मई। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया की सीनियर कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट 27 मई 2026 से जयपुर में आयोजित किया जाएगा जिसके लिए जिले की टीम की चयन ट्रायल ली गई और खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट करके रोजाना इनके अभ्यास मैच करवाए जा रहे हैं इस बार जिला क्रिकेट संघ द्वारा प्रोफेशनल खिलाड़ी जो टीम को मजबूती दे उनको भी दोसा क्रिकेट संघ द्वारा बारीकी से चेक किया जा रहा है प्रोफेशनल खिलाड़ियों में 20 से अधिक खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया इनमें से बेस्ट तीन खिलाड़ी को सेलेक्ट किया जाएगा जिससे टीम को मजबूती मिल सके। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया है मैच के दौरान वे स्वयं और जिला क्रिकेट संघ दौसा अध्यक्ष शोभना गुर्जर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सभी खिलाड़ियों की कमजोरी को बारीकी से देखा अध्यक्ष महोदया द्वारा इस भीषण गर्मी में खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा उनका उत्साह वर्धन किया और टीम को आगामी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया। डीसीए की सिलेक्शन कमेटी सभी खिलाड़ियों के प्रैक्टिस मैच उनकी परफॉरमेंस एवं गत साल के रिजल्ट को शामिल करते हुए फ्री और फेयर चयन प्रक्रिया द्वारा टीम घोषित कर दी जाएगी।




# पहली साउथ एशियन सॉफ्ट हॉकी चैम्पियन भारत की पुरुष और महिला टीमें बनी चैम्पियन

जयपुर, 24 मई। काठमांडू में आयोजित प्रथम साउथ एशियन सॉफ्ट हॉकी चैंपियनशिप में भारत ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में भारत ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 7-0 से हराकर इतिहास रच दिया। मैच की शुरुआत से ही भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और पाकिस्तान को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। भारत के स्टार खिलाड़ी साहिल सपकल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक जमाई, जबकि विजय राय ने दो गोल दागे। भारतीय टीम की तेज रफ्तार और सटीक रणनीति के सामने पाकिस्तान पूरी तरह बेबस नजर आया। पूरे टूर्नामेंट में साहिल सपकल सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। महिला वर्ग में भी भारतीय टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेजबान नेपाल को एकतरफा अन्दाज में 6-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में नंदिता शर्मा ने अकेले चार गोल कर भारत की जीत की पटकथा लिखी। नंदिता पूरे टूर्नामेंट में आठ गोल के साथ सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत की इस दोहरी सफलता पर साफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत ने दोनों टीमों को बधाई दी। वही डॉक्टर आदित्य नाग ने ने भी बधाई दी, फेडरेशन के सभी पदाधिकारी ने हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दि, वहीं टीम के साथ गए फेडरेशन के महासचिव रमेश सिंह ने कहा कि भारतीय टीमों की इस सफलता के पीछे कोच डॉ. कपिल शर्मा का मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की मेहनत अहम रही। उन्होंने कहा कि इस सफलता के बाद सॉफ्ट हॉकी खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और पहचान मिलेगी।

# ऋषभ पंत से छीन सकती है कप्तानी...

नई दिल्ली, 24 मई। ऋषभ पंत सेआईपीएल 2026के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छीनी जा सकती है। इस सीजन केआखिरी लीग मैच में भी हारके बाद लखनऊ फ्रेंचाइज के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि आईपीएल 2026 में सबसे नीचे की दो टीमों में रहने के बाद लीडरशिप में बदलाव पर फैसला होगा। लखनऊ की टीम आईपीएल 2026 में 14 में से चार ही मैच जीत सकी।

# राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता का शुभारंभ आज से जयपुर, जोधपुर में होगा : डॉ. मोहित

## आरसीए ग्राउंड स्टाफ ने जोधपुर, उदयपुर के खेल मैदानों पर शुरू की तैयारियां : आशीष तिवाड़ी

जयपुर, 24 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादवके अनुसार राजस्थान क्रिकेट स्नेह के तत्वाधान में कल दिनांक 25 मई से आरसीए की प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सीनियर कोल्विन शील्ड टूर्नामेंट का शुभारंभ जयपुर जोधपुर में होगा। जयपुर में इलीट ग्रुप ए व जोधपुर में प्लेट ग्रुप ए के मैचों का शुभारम्भ होगा।

जयपुर में इलीट ग्रुप ए के मैच 1) भीलवाड़ा- जयपुर (जीआर ग्राउंड, 2) सीकर- राजसमंद (अनंतम ग्राउंड, 3) हनुमानगढ़- झालावाड़ (टेलर ग्राउंड) जोधपुर में प्लेट ग्रुप ए के मैच 1) चित्तौड़गढ़- अलवर (एंजेल ग्राउंड, 2) टोंक -बाड़मेर (रिपब्लिक ग्राउंड, 3) चूरू- जोधपुर (स्पार्टन ग्राउंड )

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवीके अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य की प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता के आयोजन में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है जिसके लिए कमेटी ने आरसीए कार्यालय को विशेष रूप से निर्देश दिए हैं की सभी आयोजन स्थलों में मैच के दौरान खिलाडियों व खेल के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाये व खिलाड़ियों हेतु आरामदायक होटल , ट्रांसपोर्ट , स्वच्छ व हैल्दी भोजन , पानी के गर्मी के इस मौसम में मैच के दौरान खिलाड़ियों के लिए निम्बू पानी , एलेक्ट्रोल की व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखा जाये।


इसी क्रम में मैच रेफरी हेतु आयोजित सेमिनार एवं प्रशिक्षण कक्षाएं भी सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। यह प्रशिक्षण बीसीसीआई रेफरी मीनाक्षी मंगल, बीसीसीआई रेफरी आस्था माथुर एवं बीसीसीआई अंपायर गजानंद वशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं निगरानी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों की परीक्षा 26 मई को आयोजित होगी तथा परीक्षा परिणाम के उपरांत सफल अभ्यर्थियों को ड्यूटी पर नियुक्त किया जाएगा। आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के युवा खिलाडियों अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने के लिए उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करना चाहती है व इसके लिए हमने अनावश्यक टेंटेज एवं अतिरिक्त खर्चों में कटौती की गई है। बचाई गई राशि का उपयोग खिलाड़ियों के विकास, सुविधाओं एवं क्रिकेट संरचना को मजबूत करने में किया जाएग

आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार राज्य के युवा खिलाडियों को राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अधिक एवं बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आरसीए एडहॉक द्वारा टूर्नामेंट प्रारंभ होने से पूर्व सभी मैदानों का निरीक्षण राजस्थान क्रिकेट संघ के क्यूरेटर एवं फील्ड अधिकारियों द्वारा विधिवत किया गया।

आरसीए के ग्राउंड स्टाफ ने जोधपुर एवं उदयपुर के मैदानों का दौरा कर पिच, आउटफील्ड एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर एवं मानक अनुरूप परिस्थितियां उपलब्ध करवाई जा सकें।साथ ही बरकतुल्लाह स्टेडियम में भी आरसीए ग्राउंड स्टाफ द्वारा मैदान संबंधी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में आरसीए कन्वीनर डॉ मोहित जसवंत यादव एवं सदस्य आशीष तिवाड़ी व अरिष्ट सिंघवी उदयपुर दौरे पर रहेंगे, जहां वे मैदान निरीक्षण एवं समर कैंप के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 में भारतीय खिलाड़ी लगाएंगे पदकों की झड़ी : वी. श्रीनिवास

जयपुर, 24 मई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में रविवार को सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में संडे ऑन साइकिल थीम के तहत कॉमनवेल्थ डे का शानदार आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वर्ष 2030 में भारत के अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय खिलाड़ी इन खेलों में ऐतिहासिक और शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा देंगे। मुख्य सचिव बी. श्रीनिवास ने भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के महत्व पर कहा कि इस अभियान को पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है, जिसका मूल उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को स्वस्थ और फिट रखना है। उन्होंने साइकिलिंग को उत्तम व्यायाम बताते हुए साझा किया कि वे खुद भी अपनी फिटनेस के लिए प्रतिदिन स्टेडियम आते हैं और सभी नागरिकों को फिट रहने के लिए नियमित रूप से साइकिलिंग करनी चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के चेयरमैन प्रवीण गुप्ता ने मुख्य सचिव का स्वागत करते हुए खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका आभार जताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी भारत को मिलना बेहद गर्व की बात है और इसी का जश्न मनाने के लिए रविवार को इस विशेष कॉमनवेल्थ गेम्स डे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस फिट इंडिया मूवमेंट में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की पूरी टीम को भी धन्यवाद दिया। एसीएस प्रवीण गुप्ता ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जुम्बा, योगा और साइकिल ऑन संडे सहित चार प्रमुख गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि हर रविवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम के साथ-साथ विद्याधर नगर स्टेडियम में भी संडे ऑन साइकिल का आयोजन नियमित रूप से होता है, जिसके लिए खेल परिषद के पास 125 से 150 साइकिलें उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संदेश का हवाला देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोज कम से कम आधा घंटा अपनी फिटनेस को देना चाहिए, क्योंकि साइकिलिंग और स्विमिंग ऐसे माध्यम हैं जिससे पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। चेयरमैन प्रवीण गुप्ता ने इस अभियान में सहयोग के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और सीआरपीएफ की टीमों को बधाई दी और बताया कि अब राजस्थान पुलिस विभाग ने भी संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस स्वास्थ्य अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, क्योंकि जब देश का हर नागरिक फिट रहेगा, तभी भारत फिट रहेगा। इस संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और एसीएस प्रवीण गुप्ता के साथ खेल परिषद के सचिव राजकेश मीणा, अधिशाषी अभियंता रवीन्द्र कुमार मीणा, पुनर्नियुक्त खेल अधिकारी करण सिंह, क्रिकेट कोच मनीष वर्मा सहित कई खेल प्रशिक्षकों (कोचेज) और खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह साइकिल रैली अमर जवान ज्योति से शुरू होकर विधानसभा, लाल कोठी, स्टैच्यू सर्किल और अंबेडकर सर्किल से होते हुए वापस अमर जवान ज्योति पर आकर संपन्न हुई।





**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक-वि.सं.01/Exam/Lect.-Special Edu./RPSC/EP-1/2026-27 दिनांक- 22.05.2026

आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम 2021 के अन्तर्गत प्राध्यापक-विशेष शिक्षा के कुल 121 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकनकरें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| आयु सीमा | - | दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिये। |
| आवेदन अवधि | - | दिनांक 01.06.2026 से दिनांक 30.06.2026 रात्रि 12.00 बजे तक |
| परीक्षा का स्थान व माह | - | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना-एकवारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/_____/2026 (राम निवास मेहता) सचिव

# मुख्यमंत्री आज बीसलपुर बाँध पर जल पूजन व भरतपुर में गंगा आरती करेंगे

## ''वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान'' का समापन मुख्यमंत्री 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर करेंगे

जयपुर, 24 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा 25 मई से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की शुरुआत की जा रही है। गंगा दशमी के शुभ अवसर पर प्रारंभ होने वाला यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों की साफ-सफाई या पौधारोपण तक सीमित नहीं होकर, समाज के प्रत्येक वर्ग को जल संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इसे जीवन का प्रण बनाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, इसमें प्रशासन के साथ पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों, उद्योगपतियों, युवाओं, महिलाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- इस अभियान के तहत गाँव-गाँव में कुएं, बावड़ी, तालाब, जोहड़ जैसे जल स्रोतों की सफाई के साथ दीप दान होगा।
- समापन समारोह में हर जिले में जल योद्धाओं को ''जल गौरव सम्मान'' दिया जाएगा।

प्रदेश में वर्षा की अनियमितता और लगातार बढ़ ती जल आवश्यकताओं को देखते हुए परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण को अभियान का मुख्य आधार बनाया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री 25 मई को टोंक में बीसलपुर बांध पर जल पूजन और शिव मंदिर में अभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री ईसरदा, बंध बरेठा और गालवा बांध का हवाई सर्वेक्षण भी करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री भरतपुर के गंगा माता मंदिर में आरती और सुजानगंगा नहर में दीपदान भी करेंगे।

प्रदेशभर में इसी दिन कुओं, बावड़ियों, तालाबों, नहरों एवं अन्य जल स्त्रोतों के पूजन के साथ जिला स्तरीय अभियान की शुरुआत होगी।

मंगलवार, 26 मई को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं जनभागीदारी को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। 27 मई को पशुपालन, गोपालन, देवस्थान विभाग, आरसीडीएफ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा गोशालाओं, पशु चिकित्सालयों और दुग्ध संघों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 28 मई को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कृषि उपज मंडियों सहित, सार्वजनिक स्थलों पर भामाशाहों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से 'वंदे गंगा जल सेवा' आयोजित की जाएगी। 29 मई को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं राजीविका द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन तालाबों, जोहड़ों एवं अन्य जल स्रोतों की मैपिंग, साफ-सफाई और मरम्मत के कार्यों के साथ ही, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार 30 मई को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के अंतर्गत पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण के अलावा नए कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा।

रविवार, 31 मई को पंचायती राज विभाग एवं खेल विभाग द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा प्रभात फेरियां, साइकिल रैलियां और जागरूकता अभियान रैलियां निकाली जाएंगी। 1 जून को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप, फार्म पॉण्ड एवं पाइपलाइन जैसी सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 2 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नदियों, बांधों, सरोवरों एवं नहरों पर पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, नहरों और खालों की साफ-सफाई तथा गाद निकालने के कार्य किए जाएंगे।

बुधवार, 3 जून को जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर विशेष नवाचार एवं अभिनव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

साथ ही, ऊर्जा विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर्स के आस-पास साफ-सफाई के अलावा, सौर ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। 4 जून को जिला स्तर पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर निबंध, नारा लेखन, चित्रकला, खेलकूद प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गड्ढे खोदने, वन क्षेत्र की जल संरचनाओं की गाद निकालने एवं अवलोकन-लोकार्पण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल संरक्षण एवं जनभागीदारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भामाशाहों, संस्थाओं, पंचायतों, नगर निकायों और जल योद्धाओं को जल गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## मायावती ने यूपी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक ली

लखनऊ, 24 मई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को यूपी विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बसपा की एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कोई कसर न छोड़ें और पूरे जी जान से वोट की सुरक्षा करें।

बसपा प्रमख मायावती ने रविवार को यहां 12 माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कोऑर्डिनेटर और जिलाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि देश में चुनाव जिस प्रकार की नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसको देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और भी चुस्त-दुरुस्त और मुस्तैद बनाने की जरूरत है।

# भिवाड़ी की बंद पटाखा फैक्टरी में दूसरी बार आग लगी

## फैक्टरी के सीलबंद होने के कारण अन्दर मजदूर नहीं थे, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई

अलवर, 24 मई (निसं)। भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक सील बंद अवैध पटाखा फैक्टरी में रविवार को फिर आग लग गई। यह घटना मात्र 10 दिन के अंदर दूसरी बार हुई है। फैक्टरी पहले से सील होने के कारण अंदर कोई मजदूर नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि की खबर नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फैक्टरी के पहले तल पर आग लगी है। अंदर भारी मात्रा में पटाखों का स्टॉक होने से रुक-रुककर जोरदार धमाके हो रहे हैं। चारों तरफ घना धुआं फैला हुआ है। खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तथा आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर अभी तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। फैक्टरी सील होने और बाहर 24 घंटे पुलिस कर्मचारियों का पहरा रहने के बावजूद, 10 दिन के अंदर दो बार आग लगने की घटना ने स्थानीय लोगों में आश्चर्य और संदेह पैदा कर दिया है। कई लोग इसे संदिग्ध मान रहे हैं और चर्चा कर रहे हैं कि कहीं फैक्टरी मालिक को बचाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा। इससे पहले, 13 मई को इसी फैक्टरी में अज्ञात कारणों से आग लगी थी, जो पहले तल पर रखे पटाखों और पैकिंग सामग्री तक सीमित रह गई थी। दमकल की त्वरित कार्रवाई से उस समय आग पर काबू पा लिया गया था। यह फैक्टरी संचालक हेमंत सचदेवा की बताई जा रही है। 16 फरवरी 2026 को इसी मालिक की दूसरी पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगी थी, जिसमें 9 मजदूर जिंदा जलकर मौत का शिकार हो गए थे। उस मामले में भिवाड़ी पुलिस के तत्कालीन थाना इंचार्ज मुकेश कुमार और कांस्टेबल योगेश शर्मा की भूमिका सामने आई थी।

- 13 मई को इसी फैक्टरी में तथा 16 मई को इसी मालिक की दूसरी पटाखा फैक्टरी में आग लगी थी।

# गोगुन्दा में भालूओं के हमले में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

## खेत में कार्य कर रहे दोनों ग्रामीणों के मुँह, गर्दन और छाती पर भालुओं ने दाँतों व नाखूनों के गहरे घाव किये

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के गोगुंदा उपखंड में स्थित सायरा इलाके में रविवार को खेत में कार्य कर रहे दो ग्रामीणों पर भालुओं ने अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गये। भालुओं ने ग्रामीणों के मुंह, गर्दन और छाती पर अपने तीखे दांतों और नाखूनों से गहरे घाव किए हैं। पुनावली और कुम्हारवास गांव में यह घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे हुई। पहली घटना पुनावली गांव में हुई, जहां चुन्नीलाल पालीवाल अपने खेत पर काम कर रहे थे। तभी भालू ने उन पर हमला कर दिया। दूसरी घटना कुम्हारवास गांव में हुई, जहां अंबालाल प्रजापत भालू के शिकार हुए। दोनों ही घटनाओं में भालुओं ने अचानक हमला किया, जिससे पीड़ितों को संभलने का मौका नहीं मिला। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख भालू खेतों की तरफ भाग निकले। इस दौरान कई लोगों ने भालू को घरों के पीछे खेतों में तेजी से भागते हुए देखा।

- एक साथ दो अलग-अलग गाँवों में एक साथ हुई घटना से क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। लोग अपने घरों से निकलने में डर रहे हैं तथा खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं।

मौके पर मौजूद कुछ युवाओं ने भागते हुए एक भालू का अपने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। घटना के तुरंत बाद घायल चुन्नीलाल पालीवाल और अंबालाल प्रजापत को उनके परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सायरा के अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को तुरंत उपचार दिया। घटना के बाद से पुनावली और कुम्हारवास दोनों ही गांवों में दहशत फैली हुई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक साथ दो अलग-अलग गांवों में भालुओं के घुस आने से लोग अब अपने घरों से बाहर निकलने में भी बहुत डर रहे हैं। डर के कारण लोग खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। परेशान ग्रामीणों ने इस पूरी घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों को दी है। उन्होंने वन विभाग की टीम से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए।

# राजौरी के जंगलों में सुरक्षा बलों ने आंतकवादियों को घेरा

## आतंकियों के भागने की कोशिश विफल करने के लिए भारी सुरक्षा बल भेजा गया है

राजौरी, 24 मई। पीर पंजाल बेल्ट में रविवार को एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान तेज हो गया, क्योंकि राजौरी जिले के घने गमबीर मुगलान वन क्षेत्र में छिपे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के इस संयुक्त खुफिया नेतृत्व वाली घेराबन्दी और खोज अभियान (सीएएसओ) के लगातार दूसरे दिन यह सफलता मिली है।

भारतीय सेना की वाइट नाइट कोर के अनुसार सुरक्षाबलों ने शनिवार को तलाशी शुरू किया था, जिसके बाद रविवार सुबह लगभग 11:30 बजे आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित किया गया। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि दो से तीन संदिग्ध आतंकवादियों के घने वन क्षेत्र में फंसे होने की आशंका है। भागने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों के आसपास सुरक्षा घेरा कड़ा करते हुए भारी सुरक्षाबल को घटनास्थल पर भेजा गया है। राजौरी जिले के पीर पंजाल बेल्ट में स्थित गमबीर मुगलान वन क्षेत्र अपने ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाकों और घने जंगल के लिए जाना जाता है, जिससे सुरक्षा कर्मियों के लिए तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

- राजौरी के गमबीर मुगलान वन क्षेत्र में ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके तथा घने जंगल हैं। सुरक्षा कर्मियों के लिए यहाँ तलाशी अभियान चलाना चुनौतीपूर्ण होता है।

## छत्तीसगढ़ के जंगलों से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद

कांकेर, 24 मई। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के सीमावर्ती जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों के छिपाए गए हथिथारों, उपकरणों और विस्फोटक के चलते बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली खुफिया सूचना के आधार पर की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार, बीजीएल लांचर, विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर, गन पाउडर, नक्सली वर्दियां और नक्सली उपयोग की वस्तुएं बरामद कीं।

# प.बंगाल में फलता सीट पर भाजपा एक लाख वोटों से जीती

## तृणमूल प्रत्याशी के मतदान से पहले मैदान छोड़ने के बाद भाजपा की जीत निश्चित मानी जा रही थी

कोलकाता, 24 मई। पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने इसे तृणमूल कांग्रेस के पतन की शुरुआत बताते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि फलता की जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया है। उपचुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जहांगीर खान को लेकर रही। मतदान से दो दिन पहले उन्होंने चुनाव मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी को एक लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य रखा था। मतगणना के 18 राउंड तक भाजपा उम्मीदवार करीब 92 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, जबकि अंतिम जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया।

## बद्रीनाथ यात्रा मार्ग में कंचनगंगा में हुआ हिमस्खलन

चमोली, 24 मई। उत्तराखंड के चमोली जिले के बदरीनाथ यात्रा के दौरान कंचनगंगा क्षेत्र में हिमस्खलन की घटना सामने आई है। घटना के दौरान, आसपास मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। लेकिन प्रशासन का कहना है कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। चमोली जिलाधिकारी गौरव कुमार ने रविवार को बताया कि हिमस्खलन सड़क तक नहीं पहुंचा और खाई क्षेत्र में ही रुक गया, जिससे यातायात एवं आम जनजीवन प्रभावित नहीं हुआ।

## अजित डोभाल से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो

नई दिल्ली, 24 मई। अमेरिका के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्क रूबियो ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता में विशेष रूप से 'ट्रस्ट' (रणनीतिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधों का रूपांतरण) पहल से जुड़े सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

## शटल ट्रेन पर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के सैन्य कर्मी क्वेटा कैंट से क्वेटा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। वहां से इसे जाफर एक्सप्रेस से जुड़ना था। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन में 336 यात्री सवार थे। इस घटना में कम से कम 27 सैन्य अधिकारी मारे गए और 131 से अधिक घायल हो गए। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्मघाती हमला मान रही है। विस्फोट के बाद वायरल हुए वीडियो में रेलवे ट्रैक के आसपास कई बोगियों से धुआं उठता दिख रहा है। सूचना मिलते ही बचावकर्मी, पुलिस और दमकल कर्मी पहुंचे। पाकिस्तान के रेलमंत्री हनीफ अब्बासी ने घटना की पुष्टि की है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए के प्रवक्ता जयंद बलोच ने कहा कि इस घटना को बीएलए के मजीद ब्रिगेड ने अंजाम दिया। जयंद के बयान में कहा गया है कि शटल ट्रेन में पाकिस्तानी सेना के जवान और अफसर यात्रा कर रहे थे। उन्हें निशाना बनाया गया। संघीय अधिकारियों के अनुसार, क्वेटा और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशनों और संवेदनशील स्थानों की निगरानी बढ़ा दी गई है। क्वेटा के सभी अस्पतालों में आपातकाल घोषित किया गया है।

## कर्नाटक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। परिवार और करीबी लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह का पता लगाया जा सके।

नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद होने के बाद छात्रों में तनाव और चिंता के कई मामले सामने आए हैं।

## अडानी की कंपनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खिलाफ ''परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड'' ने राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां इस कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम नानकानी पैरवी के लिए पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि कमर्शियल कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते समय कोई ऐसा कारण स्पष्ट नहीं किया, जिससे आर्बिट्रेटर द्वारा पारित अवार्ड रद्द किया जा सके। उन्होंने अदालत को कहा कि आर्बिट्रेशन एक्ट 1996 की धारा 34 के तहत कमर्शियल कोर्ट को केवल यह देखना होता है कि पारित किया गया अवार्ड किसी जालसाजी अथवा भ्रष्टाचार से ग्रसित नहीं हो। इसके अलावा यह देखना होता है कि अवार्ड, भारत सरकार या समाज की नीति के विपरीत तो नहीं है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल कोर्ट ने पूरे मामले को ऐसे सुना, जैसे कोई अपील दायर की गई हो और जो तथ्य आर्बिट्रेटर के समक्ष रखे गए थे, उसे नए नजरिये से देखा और अवार्ड खारिज कर दिया।

सभी पक्षों को सुनने के बाद, राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एस.पी.शर्मा और बिपिन गुप्ता की खंडपीठ ने माना कि कमर्शियल कोर्ट ने नियम-कायदों के दायरे से बाहर जाते हुए मामले को अपील की तरह सुना और सभी तथ्यों को नए नजरिए से देखते हुए अवार्ड खारिज करने का आदेश दिया था, जो कि गलत है। अदालत ने कहा कि, राज्य विद्युत उत्पादन निगम को ''कानून में आए बदलाव'' के कारण अडानी की कंपनी ''परसा कैंटे कॉलैरीज़ लिमिटेड'' को अतिरिक्त खर्च की राशि 66.70 करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ेगा।

## शिक्षा मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने कहा ''जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और नीट जैसी पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और फुलप्रूफ व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।''गौरतलब है कि कांग्रेस लगातार नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने में विफल रही है।

## कॉकरोच ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

खिलाफ थीं, जो फर्जी डिग्रियों और फर्जी योग्यताओं के जरिए वकालत के पेशे में आ रहे हैं।

# नीट रद्द होने के तनाव में जान देने वाले के घर गये सचिन पायलट

## उन्होंने गुढ़ागौड़जी में प्रदीप मेघवाल के परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय दिलाने के लिए भरसक प्रयास होगा

-कार्यालय संवाददाता-

झुंझुनूं/जयपुर, 24 मई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को गुढ़ागौड़जी पहुंचकर नीट-2026 परीक्षा में शामिल हुए छात्र स्व. प्रदीप मेघवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढ ांढ़ स बंधाया। गौरतलब है कि नीट के पेपरलीक के बाद यह परीक्षा रद्द होने से मानसिक तनाव के चलते प्रदीप की जान चली गई। पायलट जब मृतक प्रदीप के घर पहुंचे तो परिजन उनके समक्ष रो पड़े। प्रदीप मेघवाल के पिता और परिजनों ने पूरे घटनाक्रम का लिखित विवरण सौंपते हुए न्याय की मांग की। बातचीत के दौरान माहौल भावुक हो गया और परिजनों की आंखें नम हो गई। पायलट ने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस मामले में न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बेनकाब किया जाएगा।


कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को गुढ़ागौड़जी में नीट के छात्र स्व. प्रदीप मेघवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढ ांढ़ स बंधाया।

- पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि यह पेपर लीक कोई छिटपुट घटना नहीं है, बल्कि यह करोड़ों रूपयों का सुनियोजित खेल है, जिसे बड़े शिक्षा माफिया चला रहे हैं।

सचिन पायलट ने शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण केवल सरकार-प्रशासन की विफलता नहीं हैं, बल्कि यह हमारे देश के युवाओं के भविष्य के साथ किया जा रहा एक जघन्य अपराध है। नीट पेपर लीक ने देश के 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों के सपनों और उनकी वर्षों की मेहनत को कुचल कर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रदीप मेघवाल जैसा प्रतिभाशाली छात्र, जो डॉक्टर बनने का सपना देख रहा था, उसका इस तरह दुनिया से चले जाना बेहद पीड़ादायक है। यह केवल एक परिवार का दु:ख नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की नाकामी का बड़ा प्रतीक है। सरकार शिक्षा माफियाओं को संरक्षण देना बंद करे। लाखों युवा दिन-रात मेहनत करके परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफिया उनकी मेहनत, उम्मीद और भविष्य पर पानी फेर देते हैं। अब इस अन्याय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई जरूरी हो गई है। पायलट ने कहा कि जिस विभाग में बार-बार पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही हैं, उसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।

पायलट ने कहा कि यह पूरी तरह से स्पष्ट हो चुका है कि यह पेपर लीक कोई छिटपुट घटना नहीं है, बल्कि करोड़ों रुपयों का एक सुनियोजित खेल है, जिसे बड़े शिक्षा माफिया चला रहे हैं। यह बेहद हैरानी की बात है कि जब पहली बार गड़बड़ी की बात सामने आई, तब प्रदेश की सरकार ने समय पर एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी क्यों की?

उन्होंने कहा कि जब पुलिस अधिकारियों को खुद इस गड़बड़ी का अंदेशा था और दिल्ली में छात्रों के व्यापक विरोध के बाद एनटीए ने भी सरकार को सचेत कर दिया था, तब भी मामले पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया। सरकार ने अपनी इच्छाशक्ति से कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि जब छात्रों ने खुद ''गेस पेपर'' और असली पेपर का मिलान कर इस महाघोटाले को बेनकाब कर दिया, तब जाकर मजबूरी में सरकार को कदम पीछे खींचने पड़े। छोटी-छोटी बातों श्रेय लेने वाली और बड़े मगरमच्छों को पकड़ने का वादा करने वाली सरकार अब तक केवल दिखावे की कार्रवाई कर रही है और असली सरगनाओं को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, पिलानी विधायक पीतराम काला, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया सहित, कई जनप्रतिनिधि और कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908